www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार... राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 29 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक-353 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





भाजपा भ्रष्टाचार का पैसा गरीबों में बांटे : आतिशी 03

■ यमुना एक्सप्रेस वे शहर में 40 एमएलडी के दो...
■ लोकसभा चुनाव के लिए पहले दिन प्रत्याशियों ने... 05

■ विदेश मंत्री जयशंकर की तीन देशों की दक्षिण पूर्व...
■ नोबेल विजेता अर्थशास्त्री डेनियल काह्नमैन का 90 ... 07

'सिटाडेल' की शूटिंग की चुनौतियों पर सामंथा ने कहा कि ... 10

**रमजान मुबारक**

**29 मार्च-18**

| | | |
|---|---|---|
| खत्म सहरी | : | 4.54 |
| रोजा इफतार | : | 6.40 |



## सार संक्षेप

### हुर्रियत कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष उमर फारुक 'नजरबंद'



**श्रीनगर।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नजरबंद कर दिया गया। अंजुमन-ए-औकाफ जामिया मस्जिद ने कहा, 'उमर फारूक मीरवाइज को उनकी तकरीर (उपदेश) से पहले अधिकारियों ने नजरबंद कर दिया है, जो वह गुरुवार को शहर की अली मस्जिद में संबोधन करने वाले थे।' हालांकि, गिरफ्तारी की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उन्हें अगस्त 2019 में नजरबंद किया गया था और चार साल बाद पिछले साल सितंबर में रिहा किया गया।

### अमेरिकी आक्षेप पूरी तरह से अनुचित : भारत



**नई दिल्ली।** भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के बैंक खातों को जब्त करने को लेकर अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा लगातार टिप्पणी किए जाने को लेकर आज नाराजगी प्रकट की और स्पष्ट किया कि उसके आक्षेप पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग मे कहा कि आपसी सम्मान एवं समझ वाले संबंधों में ऐसा व्यवहार अनुचित है।

### ओडिशा में भाजपा में शामिल हुए बीजद के भर्तृहरि



**नई दिल्ली।** ओडिशा की सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) को बड़ा झटका देते हुए हाल ही में पार्टी छोड़ने वाले लोकसभा सांसद भर्तृहरि महताब ने गुरुवार को भाजपा का दामन थाम लिया। उनके साथ ही राज्य के पूर्व सांसद सिद्धांत महापात्रा और पद्मश्री अवार्डी डॉ. दमयंती बेसरा भी भगवा पार्टी में शामिल हो गईं। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### अब कोटा में नीट की छात्रा ने की खुदकुशी



**कोटा।** कोटा में छात्रों के आत्महत्या करने का सिलसिला थम नहीं रहा है। इस बीच, उत्तर प्रदेश के लखनऊ की रहने वाली सौम्या ने भी मौत को गले लगा लिया है। वो कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी, लेकिन कथित तौर पर उसने मानसिक तनाव की वजह से आत्महत्या कर ली। सौम्या ने अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी की है।

**केजरीवाल की हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ी, बोले**

# मेरे साथ साजिश हुई, जनता जवाब देगी

## केजरीवाल ने कोर्ट में खुद अपना पक्ष रखा, हिरासत का विरोध नहीं किया

■ ईडी ने पूछताछ में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया
■ पत्नी सुनीता केजरीवाल भी अदालत में रही मौजूद



ईडी के पास कोई सबूत नहीं है और उसका मकसद किसी भी तरह से उन्हें फंसाना हैं : **अरविंद केजरीवाल**

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में फंसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत गुरुवार को चार दिन बढ़ाते हुए एक अप्रैल कर दी गई।

श्री केजरीवाल ने अदालत में पेश किए जाने से पहले मीडिया के सवालों पर संक्षिप्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'यह एक राजनीतिक साजिश है। जनता इसका जवाब देगी।' राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने ईडी के अनुरोध और श्री केजरीवाल का पक्ष सुनने के बाद हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया। ईडी पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने श्री केजरीवाल पर हिरासत के दौरान पूछताछ में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाते हुए अदालत के समक्ष सात दिनों की अतिरिक्त हिरासत की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि कुछ अन्य लोगों के सामने श्री केजरीवाल से पूछताछ की जानी है। अपना पक्ष खुद रखते हुए श्री केजरीवाल ने इसका विरोध नहीं किया और कहा कि ईडी उन्हें जितने समय तक अपनी हिरासत में रखना चाहे, वह रहने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने विशेष अदालत के समक्ष खुद अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ईडी के पास उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है और उसका मकसद किसी भी तरह से उन्हें फंसाना है।

### कोर्ट को आप ने राजनीतिक अखाड़ा बना दिया : शहजाद

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आम आदमी पार्टी पर कोर्ट को राजनीतिक अखाड़ा बनाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भारतीय न्यायपालिका को दुनिया भर में बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए पूनावाला ने आम आदमी पार्टी (आप) और उसके सहयोगी दलों पर न्यायपालिका पर दबाव डालने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका के फैसले को स्वीकार कर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की बजाय अरविंद केजरीवाल संस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं।

### केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की याचिका खारिज



*__नई दिल्ली।__ दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब नीति 2021-2022 में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में फंसे आम आदमी पार्टी(आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने के लिए निर्देश ने की मांग वाली याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने सुजीत सिंह यादव की याचिका ठुकराते हुए कहा कि इस मामले की जांच करना कार्यपालिका और राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र है। अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती। किसान एवं सामाजिक कार्यकर्ता दिल्ली निवासी याचिकाकर्ता श्री यादव ने अपनी याचिका में दावा किया कि वित्तीय घोटाले के कथित आरोपी श्री केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद (सार्वजनिक पद)पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।*

**लोकसभा चुनाव**

## दूसरे चरण की अधिसूचना जारी



**इस चरण में 88 सीटों पर होगा चुनाव**

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना गुरूवार को जारी कर दी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी इसी चरण में मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के लिए अधिसूचना पहले चरण के साथ की गई थी। दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम , बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 सीटों के लिए चुनाव कराया जाएगा। उम्मीदवार चार अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और जम्मू कश्मीर को छोड़कर अन्य राज्यों में नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को की जायेगी। जम्मू कश्मीर में नामांकन पत्रों की जांच 6 अप्रैल को की जायेगी। उम्मीदवार आठ अप्रैल तक नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा।

## केवल राहुल समझते हैं जम्मू कश्मीर का दर्द : महबूबा



■ इंडिया की जीत हमारे जख्मों पर मरहम लगाने जैसा होगी
■ राहुल को खराब नेता बताने में भाजपा ने काफी खर्च किया

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस, सही मायने में राहुल जम्मू-कश्मीर के लोगों के दर्द और दुविधा समझते हैं। अगर चुनाव में इंडिया जीता तो यह हमारे (जम्मू-कश्मीर) लोगों के जख्मों पर मरहम लगाने जैसा होगा। महबूबा ने ये बातें एक बुक 'भारत जोड़ो यात्रा: रीक्लेमिंग इंडियाज सोल' की लॉन्चिंग के दौरान कही। इस बुक में निबंधों का संग्रह है।

महबूबा ने ये भी कहा कि भारत के मूल विचार को बचाने का रास्ता जम्मू और कश्मीर से होकर जाता है, जो अपने आप में एक छोटा भारत है। जम्मू-कश्मीर में कई धर्म सदियों से शांतिपूर्वक तरीके से साथ में रह रहे हैं। महबूबा के मुताबिक, मैंने राहुल गांधी से कई बार बात की, लेकिन भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उनका बिल्कुल अलग पक्ष देखा। मुझे कई मुद्दों पर, चाहे नेशनल हो या इंटरनेशनल, उनकी जानकारियां पुख्ता दिखीं।

मुझे आश्चर्य हुआ कि राहुल गांधी को गलत तरीके से एक अज्ञानी राजनेता के रूप में पेश करने की भाजपा का कितना पैसा और ऊर्जा खर्च हुई होगी।

वहीं, महबूबा ने ये भी कहा कि सिविलियन क्षेत्रों से आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर्स एक्ट और सुरक्षा बल हटाए जाने चाहिए। जम्मू-कश्मीर के लोग लंबे समय से ये मांग कर रहे हैं। उम्मीद है कि इसे हटाए जाने को लेकर गृह मंत्री अमित शाह का बयान महज जुमला नहीं था।

## पांच बार सांसद रहे रामटहल चौधरी ने थामा हाथ



■ 2019 में भाजपा से बगावत कर लड़ा था निर्दलीय चुनाव

**रांची,** 28 मार्च (देशबन्धु)। झारखंड की रांची लोकसभा सीट से पांच बार सांसद रहे पूर्व भाजपा नेता रामटहल चौधरी ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। माना जा रहा है कि वह रांची सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी होंगे। नई दिल्ली में गुरुवार को उन्होंने कांग्रेस के मीडिया कम्युनिकेशन विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, पार्टी के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधानसभा में कांग्रेस के नेता आलमगीर आलम और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ली। रामटहल चौधरी ने वर्ष 2019 में भाजपा का टिकट न मिलने के बाद पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ा था। हालांकि उन्हें मात्र 29,597 मत हासिल हुए थे और उनकी जमानत जब्त हो गई थी। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में आए हैं। रांची लोकसभा सीट से इस बार फिर से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा थी, लेकिन अब उनकी जगह रामटहल चौधरी 'इंडिया' गठबंधन की ओर से मैदान उतर सकते हैं।

### बिहार में सीट बंटवारे की घोषणा आज

**पटना।** बिहार में महागठबंधन का सीट बंटवारे का मुद्दा अब सुलझता दिख रहा है। राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों के बीच इस पर सहमति बन गई है। दिल्ली में राजद और कांग्रेस के नेताओं के बीच लगातार बैठकें चलती रही है, इसके बाद अब मुद्दा सुलझने की खबर है। महागठबंधन ने शुक्रवार को राजद कार्यालय में प्रेस वार्ता बुलाई है जिसमें घटक दलों के बीच सीट बंटवारे की घोषणा किए जाने की संभावना है।

**कांग्रेस का मोदी सरकार से सवाल**

### कहा हैं सालाना दो करोड़ नौकरियां

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने दो करोड सालाना नौकरियों वाले मोदी सरकार के पुराने वादे को लेकर एक फिर भाजपा पर हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने अंतर्राष्टीय श्रम संगठन की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए गुरुवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि सालाना दो करोड नौकरियां कहां हैं और 30 लाख सरकारी पद खाली क्यों हैं? प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि विकास का हिसाब दो। देश के कुल बेरोजगारों में 83 फीसदी युवा क्यों हैं? सालाना 2 करोड नौकरियां कहा हैं? देश में 30 लाख सरकारी पद खाली क्यों हैं? हर परीक्षा का पेपर लीक क्यों हो रहा है?

## अरुणाचल व नगालैंड के कुछ हिस्सों अफ्सपा बढ़ा




■ गृह मंत्रालय ने 6 महीने के लिए बढ़ाया
■ स्थिति की समीक्षा के बाद किया निर्णय

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (एजेंसियां)। गृह मंत्रालय ने नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के कुछ जिलों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (एएफएसपीए) यानी अफ्सपा लागू रहने की अवधि 1 अप्रैल से अगले छह महीने के लिए बढ़ा दी है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। नगालैंड सरकार के एक अधिकारी ने गृह मंत्रालय की अधिसूचना का हवाला देते हुए कहा कि अफ्सपा लागू रहने की अवधि 8 जिलों दीमापुर, न्यूलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिरे, नोकलाक, फेक और पेरेन के अलावा पांच अन्य जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्रों में बढ़ाई गई है। नगालैंड में कुल 16 जिले हैं। गृह मंत्रालय की एक अन्य अधिसूचना में कहा गया है कि अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों के साथ-साथ असम की सीमा से लगे नामसाई जिले के नामसाई, महादेवपुर और चौखम पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों में एएफएसपीए को अगले छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि केंद्र ने नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद यह कदम उठाया है। अफ्सपा सेना, अर्धसैनिक और अन्य सुरक्षा बलों को बिना वारंट के किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने, बिना वारंट के परिसर में प्रवेश करने या तलाशी लेने के साथ-साथ कुछ अन्य कार्रवाई करने का अधिकार देता है। पूर्वोत्तर राज्यों में सुरक्षा स्थिति में सुधार के साथ केंद्र ने अप्रैल 2022 में नगालैंड, असम और मणिपुर के कई क्षेत्रों में अफ्सपा के तहत अशांत क्षेत्रों की संख्या कम कर दी। इसे 2015 में त्रिपुरा से 2018 में मेघालय से और 1980 के दशक में मिजोरम से हटा लिया गया था। पूर्वोत्तर क्षेत्र के कई राजनीतिक दल, गैर सरकारी संगठन और नागरिक समाज संगठन इसे पूरी तरह से रद्द करने की मांग कर रहे हैं।

## मुख्तार अंसारी की इलाज के दौरान मौत



■ तीन दिनों से बीमार चल रहे मुख्तार अंसारी
■ पेट दर्द की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था

**बांदा,** 28 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। गुरुवार शाम को उसे जेल से बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। जेल प्रशासन ने अभी तक कोई बयान नहीं किया है। वहीं, मऊ और गाजीपुर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। तीन दिनों से बीमार चल रहे जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की तबीयत गुरुवार रात अचानक फिर से बिगड़ गई थी। मुख्तार अंसारी की मौत की खबर आने के बाद बांदा से लेकर प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक हड़कंप मच गया। मऊ, गाजीपुर और वाराणसी समेत यूपी के कई जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मुख्तार अंसारी का परिवार बांदा के लिए रवाना हो गया है। मुख्तार के वकील लियाकत ने दावा किया है कि मुख्तार की मौत नहीं उन्हें मारा गया है। मेडिकल बुलेटिन में बताया गया कि गुरुवार शाम करीब 8:25 बजे मुख्तार अंसारी को उल्टी की शिकायत एवं बेहोशी की हालत में जेल कार्मिको द्वारा रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में लाया गया।

## शिंदे गुट में शामिल हुए गोविंदा



■ मुंबई नॉर्थ वेस्ट से हो सकते हैं उम्मीदवार

**मुंबई,** 28 मार्च (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता और पूर्व सांसद गोविंदा गुरुवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। चर्चा है कि उन्हें मुंबई उत्तर पश्चिम में शिव सेना के उद्धव बालासाहेब ठाकरे के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर के खिलाफ मैदान में उतारा जा सकता है। गोविंदा ने बुधवार रात शिवसेना पदाधिकारी और पूर्व विधायक कृष्णा हेगड़े से मुलाकात की थी। हेगड़े ने कहा था कि गोविंदा ने राष्ट्रीय स्तर पर काम करने की इच्छा व्यक्त की थी। औपचारिक रूप से शिवसेना में शामिल होने के बाद, गोविंदा ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह 14 साल के 'जंगल' के बाद सक्रिय राजनीति में प्रवेश कर रहे हैं।

**चुनाव** *संसदीय चुनावों में छोटे राजनीतिक दल भी दिखाई दे रहे कम*

## जम्मू कश्मीर में स्वतंत्र उम्मीदवारों की भागीदारी हो रही कम

**जम्मू, 28 मार्च ( देशबन्धु )। जम्मू कश्मीर में लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। हालांकि, देखा गया है कि इन चुनावों में स्वतंत्र उम्मीदवारों की भागीदारी धीरे-धीरे कम हो रही है। 2014 के चुनाव में उधमपुर-डोडा संसदीय क्षेत्र से आठ उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था, जिनमें तीन निर्दलीय भी शामिल थे। राजनीतिक पंडितों का कहना था कि पहले संसदीय चुनावों को लेकर लोगों में मतदान और चुनाव लड़ने दोनों को लेकर खासा उत्साह रहता था।**

हालांकि, जबकि मतदान के प्रति उत्साह उच्च बना हुआ है, चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवारों, विशेषकर स्वतंत्र उम्मीदवारों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। वे इस गिरावट का कारण बढ़े हुए खर्च सहित स्वतंत्र रूप से संसदीय चुनाव लड़ने से जुड़ी चुनौतियों को मानते हैं।

2004 के संसदीय चुनावों में, 21 उम्मीदवारों ने इस क्षेत्र की सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा की, जिनमें से आठ स्वतंत्र उम्मीदवार थे। कांग्रेस, भाजपा और नेशनल कांफ्रेंस सहित तेरह राजनीतिक दलों ने भी उम्मीदवार उतारे। हालांकि, 2019 के चुनावों तक, उम्मीदवारों की संख्या में काफी कमी आई थी, केवल पांच उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे, जिनमें से कोई भी स्वतंत्र नहीं था। जम्मू रियासी संसदीय क्षेत्र, जिसे पहले जम्मू राजौरी के नाम से जाना जाता था, में अब स्वतंत्र उम्मीदवार शायद ही कभी चुनाव लड़ते हैं। 2004 में इस सीट से 26 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था, जिनमें 15 निर्दलीय भी शामिल थे। हालांकि, बाद के चुनावों में स्वतंत्र उम्मीदवारों की संख्या में कमी आई, 2019 के चुनावों में केवल एक स्वतंत्र उम्मीदवार ने भाग लिया।



**लोकसभा चुनावों में अब मुख्य रूप से राष्ट्रीय पार्टियां होती हैं शामिल**

जम्मू संभाग के दोनों संसदीय क्षेत्रों में स्वतंत्र उम्मीदवारों की संख्या में गिरावट स्पष्ट है। 2019 के चुनाव में 11 उम्मीदवारों में से केवल एक निर्दलीय उम्मीदवार था। इस प्रवृत्ति से पता चलता है कि जहां मतदाताओं का उत्साह ऊंचा रहता है, वहीं उम्मीदवार राजनीतिक दलों के बैनर तले चुनाव लड़ना पसंद करते हैं।

क्षेत्र में हाल के संसदीय चुनावों में छोटे राजनीतिक दल भी कम दिखाई दे रहे हैं। अधिवक्ता धीरज चौधरी इस बदलाव का श्रेय 2014 के बाद से चुनावी गतिशीलता में बदलाव को देते हैं।

# देश

उवाच




सत्ता के साथ रहकर किसानों और मजदूरों को उनका हक दिलाने का काम किया जाएगा, मेरा मान सरकार रख रही है, तो मैं क्यों ना उसका सम्मान करूं। विपक्ष में 10 साल रहकर आवाज उठाई। अब सत्ता के साथ रहकर किसानों और मजदूरों को उनका हक दिलाने का काम किया जाएगा:–जयंत चौधरी, राष्ट्रीय लोकदल

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.0 | 21.2 |
| मुंबई | 32.3 | 24.0 |
| कोलकाता | 35.0 | 26.5 |
| चेन्नई | 35.0 | 24.5 |

## बिहार महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर बनी बात, आज पटना में घोषणा की उम्मीद

**पटना,** 28 मार्च (एजेंसियां)। बिहार में महागठबंधन का सीट बंटवारे का मुद्दा अब सुलझता दिख रहा है। राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों के बीच इस पर सहमति बन गई है। दिल्ली में राजद और कांग्रेस के नेताओं के बीच लगातार बैठकें चलती रही है, इसके बाद अब मुद्दा सुलझने की खबर है। महागठबंधन ने शुक्रवार को राजद कार्यालय में प्रेस वार्ता बुलाई है जिसमें घटक दलों के बीच सीट बंटवारे की घोषणा किए जाने की संभावना है। इस प्रेस वार्ता में राजद के नेता तेजस्वी यादव के अलावा महागठबंधन में शामिल अन्य घटक दलों के नेता भी उपस्थित रहेंगे। इधर, सूत्रों का कहना है कि महागठबंधन में शामिल कांग्रेस को आठ से नौ सीटें मिल सकती हैं जबकि तीन वामपंथी दलों भाकपा, भाकपा (माले) और माकपा को दो से तीन सीटें दी जा सकती हैं। सूत्र हालांकि बताते है कि पूर्णिया सीट राजद किसी हाल में कांग्रेस को देना नहीं चाह रही है। इधर, पूर्व सांसद पप्पू यादव अभी भी पूर्णिया छोड़ने को तैयार नहीं दिख रहे हैं।

लोकसभा के प्रथम चरण के मतदान के लिए नामांकन भरने का गुरुवार को अंतिम दिन था। राजद ने सीट बंटवारे की घोषणा के पहले ही कई सीटों पर अपने प्रत्याशियों कि सिंबल दे दिया है। दूसरी तरफ, एनडीए ने पहले ही सीट बंटवारे की घोषणा कर दी है। एनडीए में शामिल लोजपा (रामविलास) ने भी उसके कोटे में गई पांच में से तीन सीटों वैशाली, खगड़िया और समस्तीपुर को छोड़कर सभी सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है ।





- राजद और कांग्रेस के नेताओं के बीच लगातार बैठकें चलती रही
- आज घटक दलों के बीच सीट बंटवारे की घोषणा किए जाने की संभावना

## जेल से सरकार नहीं चली तो केजरीवाल का प्लान बी है तैयार

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को सात दिन हो चुके हैं। गुरुवार को 6 दिन की ईडी कस्टडी खत्म होने पर उन्हें कोर्ट में पेशकर ईडी ने एक बार फिर 4 दिन की कस्टडी हासिल कर ली है। इस बीच सीएम केजरीवाल के अभी तक सीएम पद से इस्तीफा नहीं देने पर भाजपा ने जबरदस्त हंगामा बरपाया हुआ है। अब सवाल इस बात पर भी उठ रहे हैं कि क्या केजरीवाल के लिए जेल से सरकार चलाना आसान होगा। बताया जा रहा है केजरीवाल और आम आदमी पार्टी प्लान बी कर रही है ताकि केजरीवाल को इस्तीफा देना पड़े तो अगला कदम क्या होगा। अरविंद केजरीवाल के गिरफ्तार होंने के बाद से ही उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल भी अचानक सुर्खियों में आ गई है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ सूत्रों का कहना है कि खुद केजरीवाल और पार्टी के सभी नेता भले ही इस बात को कह रहे हैं कि केजरीवाल इस्तीफा नहीं देंगे और जेल से सरकार चलाएगें। कानून में भले ही जेल से सरकार न चलाने के लिए कोई कानूनी प्रावधान न हो लेकिन सब ये भी जानते हैं कि ईडी की हिरासत में जाने के बाद अदालत से कोई बड़ी राहत मिलना उतना आसान नहीं है। वैसे भी आने वाले दिनों में सीबीआई भी उनकी कस्टडी की मांग करेगी। पीएमएलए की धाराओं के कारण केजरीवाल की जमानत भी आसान नहीं है, सलाखों के पीछे केजरीवाल को लंबा वक्त बिताना पड़ सकता है। इसीलिए पार्टी और खुद केजरीवाल भी जेल से सरकार संभव नहीं होने पर सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। पार्टी का मानना है कि लोकसभा का चुनाव लड़ रहे आप के चार नेताओं में से किसी एक के चुनाव जीतने पर खाली हुई सीट पर होंने वाले उपचुनाव से सुनीता केजरीवाल को चुनाव लडाकर विधायक बनाया जा सकता है या किसी विधायक से इस्तीफा दिलाकर सीट खाली कराई जाएगी। सुनीता अग्रवाल 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ इंडिया गठबंधन की रैली में तमाम पार्टी के नेताओं के साथ मंच से अपनी बात भी रखेंगी। बता दें कि सुनीता भी अरविंद केजरीवाल की तरह आईआरएस अफसर थी और उन्होंने पति का साथ देने के लिए अपनी सरकारी नौकरी छोड दी थी। उन्होंने केजरीवाल के साथ चुनाव प्रचार के काम में भी पूरा साथ दिया। सूत्रों का कहना है कि जांच एंजसियों की हिरासत में रहने तक केजरीवाल इस्तीफा नहीं देंगे। प्लान बी के तहत दिल्ली सरकार में तेज तर्रार मंत्री आतिशी को भी केजरीवाल के इस्तीफे देने पर मुख्यमंत्री पद के विकल्प के रूप में शामिल किया गया है। सूत्रों का कहना है प्लान बी इसलिए तैयार किया जा रहा है कि उन्हें पूरी आंशका है जांच एजेंसियां, केन्द्र सरकार और एलजी किसी भी सूरत में जेल से सरकार चलाने में बाधा डालने की हर संभव कोशिश करेंगे।



- ईडी ने एक बार फिर 4 दिन की कस्टडी हासिल कर ली
- केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी सुर्खियों में आई

## आलाकमान कहेगा तभी मंडी से लडूंगी चुनाव : प्रतिभा सिंह

**नई दिल्ली।** हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह मंडी से चुनाव लड़ने को लेकर पशोपेश में हैं। उन्होंने इस सीट से दोबारा चुनाव लड़ने को लेकर गेंद पार्टी हाईकमान के पाले में डाल दी है। प्रतिभा सिंह ने मीडिया के सामने एक बार फिर से कहा है कि वह मंडी संसदीय क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ना चाहती हैं। लेकिन, पार्टी का केंद्रीय आलाकमान कहेगा तो वह चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि मैंने बार-बार मीडिया के सामने कहा है कि चुनाव से पहले भी एक-डेढ़ साल से हर क्षेत्र का दौरा कर रही थीं। कुछ बातें पार्टी कार्यकर्ताओं और लोगों ने भी कही। इसी वजह से मैं सोच रही थी कि इन परिस्थितियों में चुनाव में उतरूं या नहीं। इस बात को लेकर एक प्रश्न मेरे सामने खड़ा है। कल मैंने सारी स्थिति पार्टी के प्रभारी और मुख्यमंत्री के सामने रखी। सीएम ने यह आश्वासन दिया है कि हम मिलकर वहां का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री का मानना है कि सरकार ने लोगों की समस्याएं काफी हद तक सुलझा दी है। बाढ़ के समय वह लोगों के बीच गए और यथासंभव मदद की। इसी तरह ओपीए, महिलाओं को पैसे देने, दूध के दाम बढ़ाने के काम सरकार ने किए हैं। मुझे लगता है कि आने वाले चुनाव में हम इन चीजों को लेकर मैदान में जाएंगे और लोगों को संतुष्ट करेंगे। प्रतिभा सिंह ने कहा कि हम लोग मिलजुल कर बैठक भी करेंगे जिसमें लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे। जो मुश्किलें हमारे सामने आई हैं, उसका भी निवारण करेंगे।

### सार संक्षेप

#### मध्य प्रदेश में बसपा ने तय किए छह और उम्मीदवार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी ने छह और उम्मीदवारों के नाम तय कर दिये हैं। इनमें सबसे प्रमुख चेहरा पूर्व सांसद कंकर मुंजारे का है जिन्हें बालाघाट संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। बसपा ने सीधी से पूजन राम साकेत, शहडोल से धनीराम कोल, जबलपुर से राकेश चौधरी, मंडला से इंदर सिंह उईके, बालाघाट से कंकर मुंजारे और छिंदवाड़ा से उमाकांत वंदेवार को उम्मीदवार बनाया गया है। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें है। यहां चार चरणों में चुनाव होना है। पहले चरण में छह सीटों पर चुनाव होना है जहां नामांकन भरने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

#### श्रीपेरंबुदूर में डीएमके नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री बालू की राह आसान

**चेन्नई।** आगामी लोकसभा चुनाव में श्रीपेरंबुदूर से चुनाव लड़ रहे डीएमके के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री टीआर बालू की राह आसान प्रतीत हो रही है। त्रिकोणीय मुकाबले में वरिष्ठ नेता टीआर बालू निर्वाचन क्षेत्र में बेहद लोकप्रिय हैं। टीआर बालू ने 2019 के आम चुनाव में 507,955 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। उन्हें 793,281 वोट मिले थे, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी, पीएमके के ए वैथिलिंगम (जो 2019 में बीजेपी और एआईएडीएमके के साथ एनडीए का हिस्सा थे) को 285,326 वोट मिले थे। इस चुनाव में टीआर बालू का मुकाबला एआईएडीएमके के जी प्रेमकुमार और एनडीए के घटक दल तमिल मनीला कांग्रेस (मूपनार) के वीएन वेणुगोपाल से है। पिछले लोकसभा चुनाव में एनडीए का घटक एआईएडीएमके 2024 में गठबंधन से बाहर चुनाव लड़ रही है। एनडीए ने अपना अलग उम्मीदवार खड़ा किया है।

#### आत्महत्या करना मंजूर है, पूर्णिया से अलग होना नहीं : पप्पू यादव

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में राजद और कांग्रेस के बीच पूर्णिया सीट को लेकर मनमुटाव साफ दिखने लगा है। पप्पू यादव ने यह सीट हाथ से निकले जाने पर कहा कि उन्हें 'आत्महत्या करना मंजूर है, लेकिन पूर्णिया से अलग होना बिल्कुल मंजूर नहीं है। दरअसल पप्पू यादव ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया था। इसके बाद उनके हाथों से पूर्णिया लोकसभा सीट भी निकल गई। लालू यादव की पार्टी राजद ने इस सीट से बीमा भारती को अपना प्रत्याशी बनाया है, जिसको लेकर अब पप्पू यादव की नाराजगी साफ दिखने लगी है। मीडिया से बात करते हुए पप्पू यादव ने कहा कि उन्होंने 1983-84 से लालू यादव को अपने पिता के रूप में देखा है।

## मोहन यादव ने छिंदवाड़ा के लोगों का किया अपमान : कमलनाथ

**भोपाल** 28 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर छिंदवाड़ा के लोगों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को कहा कि क्षेत्र की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। मुख्यमंत्री बुधवार को भाजपा के उम्मीदवार विवेक बंटी साहू का नामांकन भरवाने छिंदवाड़ा पहुंचे थे। एक जनसभा में उन्होंने कमलनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग कहते हैं कि छिंदवाड़ा 'इसका या उसका गढ़ है', तो यह किसी का गढ़ नहीं, गड़बड़ है। पिछली बार ही थोड़ी सी कसर रह गई। जहां 20 लाख वोटर हों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार विकास के काम हो रहे हों, वहां 37 हजार वोटों का अंतर बड़ा नहीं है। डॉ. यादव के छिंदवाड़ा में गड़बड़ वाले बयान को लेकर कमलनाथ ने एक्स पर लिखा, 'मैंने आज अखबारों में पढ़ा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कह रहे हैं कि छिंदवाड़ा में सब गड़बड़ है। यह छिंदवाड़ावासियों का अपमान है।

## चुनाव के लिए जेडीयू के स्टार प्रचारकों की सूची जारी

पटना, 28 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रचार का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में तमाम राजनीतिक पार्टी अपने रणनीति के अनुसार काम करने में जुटी हुई है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसके बाद अब जेडीयू के स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी होने वाली है। इसमें सीएम नीतीश कुमार समेत तमाम वरिष्ठ मंत्रियों को भी इसमें जगह दी गई है।

दरअसल, जनता दल यूनाइटेड की ओर से लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों की सूची तैयार कर ली गई है। हालांकि अभी तक पार्टी की ओर से इसे जारी नहीं किया गया है। इसके पीछे की वजह यह है कि पहले चरण में कहीं भी जदयू के कैंडिडेट मैदान में नहीं है। लिहाजा यह लिस्ट जारी नहीं किया गया है। लेकिन, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस लिस्ट में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव संजय झा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री विजेंद्र यादव, मंत्री श्रवण कुमार सहित अधिकांश मंत्रियों और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को जगह दी गई है।

जानकारी के अनुसार, 28 मार्च को पहले चरण के नॉमिनेशन का अंतिम दिन है और उसके बाद नामांकन वापसी की तिथि समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जेडीयू के वरिष्ठ नेताओं का प्रचार अभियान शुरू हो जाएगा। जेडीयू के एक बड़े नेता ने फर्स्ट बिहार से बात करते हुए यह जानकारी दिया कि, इस बार पार्टी के तरफ से दो हेलीकॉप्टर को बुक कराया गया है। पहले चरण में जिन चार सीटों पर नामांकन चल रहा है, उनमें जेडीयू के हिस्से में एक भी सीट नहीं है लेकिन दूसरे चरण में पांचों सीट जेडीयू को मिली है।

आपको बताते चलें कि, जेडीयू बिहार में जिन 16 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है, उनमें पूर्णिया से संतोष कुशवाहा, वाल्मीकिनगर से सुनील कुमार, शिवहर से लवली आनंद, सीतामढ़ी से देवेश चंद्र ठाकुर, सिवान से विजयलक्ष्मी कुशवाहा, नालंदा से कौशलेंद्र कुमार, किशनगंज से मुजाहिद आलम, जहानाबाद से चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, मुंगेर से राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, कटिहार से दुलाल चंद्र गोस्वामी, बांका से गिरिधारी यादव, झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, गोपालगंज से आलोक कुमार सुमन, सुपौल से दिलेश्वर कामत, मधेपुरा से दिनेश चंद्र यादव और भागलपुर से अजय कुमार मंडल को टिकट मिला है।

सीएम नीतीश कुमार समेत तमाम वरिष्ठ मंत्रियों को जगह दी गई

## झारखंड में भाजपा 13, आजसू एक सीट पर लड़ेगा चुनाव : अरुण सिंह

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड में एनडीए गठबंधन के अंदर लोकसभा सीटों का बंटवारा हो गया है। भाजपा राज्य की 14 में से 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि गठबंधन में शामिल आजसू को गिरिडीह सीट दी गई है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने झारखंड में सीट बंटवारे की जानकारी देते हुए एक्स पर पोस्ट किया, 'झारखंड की जनता के हित में भाजपा एवं आजसू के पुराने एवं नैसर्गिक गठबंधन के तहत इस बार लोकसभा के चुनाव में झारखंड की 13 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी तथा एक संसदीय क्षेत्र गिरिडीह में आजसू पार्टी को लड़वाने का निर्णय किया है।' सिंह ने आगे कहा, 'यह गठबंधन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, स्वावलंबी भारत, समर्थ भारत के संकल्प को मजबूत करेगा। झारखंड के सभी 14 में से 14 संसदीय क्षेत्रों में गठबंधन के उम्मीदवार चुनाव जीतकर 4 जून को '400 के पार' लक्ष्य को हासिल करेंगे।



## महिला अत्याचार रोकने में विफल रही भाजपा सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (देशबन्धु)। कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं और भारतीय जनता पार्टी महिला अपराधों को रोकने में विफल साबित हुई है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों को लेकर केंद्र सरकार से सवाल पूछे गए थे और उम्मीद की जा रही थी कि महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी सवालों का जवाब देंगी लेकिन वह जवाब देने से बचती रही हैं। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद थी कि देश की महिला-बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी एक प्रेस वार्ता करके अपने विभाग का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगी। स्मृति ईरानी इससे बचती रहीं लेकिन हमने अब उनकी जवाबदेही तय करने की ठानी है।कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने तमाम मुद्दों पर श्रीमती ईरानी से सवाल पूछे जिनका उन्होंने ट्विटर पर जवाब दिया। उम्मीद कि वह प्रेस वार्ता करें न कि जवाब ट्विटर पर दें। उनका ये रवैया वैसा ही रहा, जैसा कोरोना के लॉकडाउन में दिखा था। क्योंकि जब देश में बच्चे, महिलाएं सड़कों पर थे तो स्मृति ईरानी अंताक्षरी खेल रही थी।'



महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों को लेकर केंद्र सरकार से सवाल पूछे गए थे और उम्मीद की जा रही थी कि महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी सवालों का जवाब देंगी लेकिन वह जवाब देने से बचती रहीः **अलका लाम्बा, महिला कांग्रेस**

कांग्रेस नेता ने कहा, 'भाजपा का नारा था- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। ये नारा कुछ ही समय में बदलकर हो गया- भाजपा से बेटी बचाओ'। क्योंकि देशभर में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो बलात्कारियों को संरक्षण देती है।महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोपी बृजभूषण शरण सिंह- उन्नाव कांड का कुलदीप सेंगर। बीएचयू गैंगरेप में आरोपी भाजपा के पदाधिकारी। बिलकिस बानो के गुनहगार महिला अपराधियों की ये लिस्ट बहुत लंबी है जिसमें भाजपा ने हर बार सिर्फ बलात्कारियों का ही साथ दिया है। उन्होंने कहा, देश की महिला बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी से हमारे सवाल थे- देश में महिलाओं, बच्चों के प्रति अपराध में बढ़ोतरी हुई है। आखिर बृजभूषण सिंह पर प्राथमिकी होने के बाद गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। मणिपुर की आदिवासी बेटियों के साथ गैंगरेप हुए छह माह बीत गए, कौन सी फास्ट-ट्रैक कोर्ट में केस चलाकर आरोपियों को सजा दी गई।

## लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बिहार की चार सीटों नामांकन पत्र दाखिल

**पटना,** 28 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में बिहार की चार सीटों औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन 28 मार्च था। इनमें गया एवं जमुई आरक्षित सीटें हैं। ऐसे में अब आज गुरुवार को सभी दलों एवं संभावित उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने पर जोर रहा। पहले चरण की सभी चार सीटों पर दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की जांच 30 मार्च को होगी। नामांकन पत्रों की वापसी की अंतिम तिथि 2 अप्रैल तक निर्धारित है। इस चरण की सीटों के चुनाव के लिए 19 अप्रैल को होगा। मिली जानकारी के अनुसार, एनडीए गठबंधन के घटक दल हम के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी गया लोकसभा सीट के लिए गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। इनके साथ ही नवादा लोकसभा सीट से भाजपा के कैंडिडेट विवेक ठाकुर भी आज ही अपना नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा जमुई लोकसभा सीट से लोजपा (रामविलास) के कैंडिडेट अरुण भारती भी अपना नामांकन दाखिल किया।

बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय के अनुसार 25 मार्च को नामांकन दाखिल करने के तीसरे दिन नवादा में आरजेडी प्रत्याशी श्रवण कुमार उर्फ श्रवण कुशवाहा ने नामांकन किया। वहीं, गया में निर्दलीय प्रत्याशी चंदन कुमार और रानू कुमार चौधरी ने नामांकन किया। जबकि, औरंगाबाद में बीजेपी प्रत्याशी सहित छह उम्मीदवारों ने नामांकन किया। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में निर्दलीय धीरेंद्र कुमार, वलीउल्लाह खान, बिनोद कुमार चौधरी व सुरेश राम, शोषित समाज दल के राजबल्लभ सिंह, भाजपा के सुशील कुमार सिंह शामिल हैं। उधर, चुनाव आयोग द्वारा तय किए गए चुनाव कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण की पांच लोकसभा सीटों के चुनाव के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके साथ ही इन सभी पांचों सीटों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर एवं बांका के लिए नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी।

दूसरे चरण की सभी पांच सीटों के लिए चार अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। पांच अप्रैल को सभी नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। जबकि, 8 अप्रैल तक नामांकन पत्रों को वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित है। इस चरण के चुनाव के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना सभी चरणों के मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चार जून को एक साथ होगी।

## भाजपा हराओ, देश बचाओ नारे के साथ यूपी में अलग राह पर भाकपा

### फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा पर पार्टी ने पूर्व पुलिस अधिकारी को दिया टिकट

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या/लखनऊ,** 28 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की उत्तर प्रदेश राज्य काउंसिल ने फैजाबाद लोकसभा के साथ चार अन्य लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दिया है। देश में इंडिया गठबंधन की हिस्सेदार भाकपा ने यूपी में अलग राह चुनी है। हालांकि पार्टी ने भाजपा हराओ, देश बचाओ का नारा दिया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने कुछ चुनिंदा लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने का निर्णय लिया है। जिनमें से शाहजहांपुर- (अ, जा,) कामरेड सुरेश कुमार , फैजाबाद- कामरेड अरविंद सेन यादव ( पूर्व आईपीएस), लाल गंज ( अए, जा, )- कामरेड गंगा दीन, घोसी- का, विनोद राय, राबर्ट्सगंज (अ, जा,)- कामरेड अशोक कुमार कनौजिया को टिकट दिया गया है। शेष कुछ सीटों की घोषणा बाद में की जायेगी। डा, गिरीश राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, अरविन्द राज स्वरूप राज्य सचिव ने लखनऊ में प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए बयान जारी किया है।

अपने आंदोलनों और अभियानों में उजागर करती रही है कि भाजपा के 9 वर्षों के शासनकाल में देश के किसानों, मजदूरों, नौजवानों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों, दलितों और आम आदमी की दिक्कतों में भयावह इजाफा हुआ है। अवाम की ज्वलंत समस्याओं से निपटने में सरकार पूरी तरह असफल रही है। किसानों को उनकी फसलों का समर्थन मूल्य सरकार द्वारा वायदा करने के बावजूद नहीं दिया जा रहा, जबकि उनकी जरूरत की चीजें बेहद महंगी हो चुकी हैं। निरंतर घाटे में जा रहे किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं या फिर आंदोलन करने को। उनके आंदोलनों को भी पुलिस-प्रशासन के बल पर कुचला जा रहा है। मजदूर वर्ग के लंबे संघर्ष द्वारा हासिल किए गए कानूनी अधिकार लगभग समाप्त कर दिये गए हैं और वे ठेकेदारी प्रथा के तहत अल्प वेतन पर अधिक समय काम करने को अभिशप्त हैं। बेरोजगार नौजवानों से 2 करोड़ रोजगार देने के वायदे से ये सरकार मुकर गई और आज करोड़ों नौजवान दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। पर्चा लीक व अन्य कारणों से प्रतियोगी परीक्षाएं रद्द कर दी जाती हैं और नौजवान गहरे आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न का दंश झेलते हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण से ये आम छात्रों और आमजनों के लिए दुर्लभ होती जा रही है। बावजूद इन हथकंडों के भाजपा का आत्मविश्वास डिगा हुआ है। देश हित में और जनहित में भाजपा को हराया जाना बहुत्त जरूरी हो गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी 'भाजपा हराओ देश बचाओ' के नारे के साथ वामपंथी दलों के साथ मिल कर लगातार संघर्षरत है। वह इंडिया गठबंधन का हिस्सा है और पूरे देश में भाजपा को हराने का काम करेगी। उत्तर प्रदेश में भी हम मिल कर लड़ने की प्रबल इच्छा रखते थे, लेकिन कुछ दलों ने संकीर्णता का परिचय देते हुए लोकसभा सीटों का बंदर बांट कर लिया। हाल में इलैक्शन बांड भुनाने के हुये खुलासों से यह स्पष्ट तो हो ही गया है कि सभी पूंजीवादी दल कारपोरेट घरानों और माफियाओं से बड़े पैमाने पर रक़में लेते हैं। लेकिन वामपंथी दल देश की मेहनतकश जनता के हित में संघर्ष करते हैं और उन्हीं के सहयोग से चुनाव लड़ते हैं। अतएव कारपोरेट घरानों और धनमाफिया उंसके प्रति असहिष्णुता का भाव रखते हैं। लगता है उन्हीं को तुष्ट करने को वामपंथ को अलग थलग किया जा रहा है।



#### इंडिया गठबंधन की राह में भाकपा ने बो दिए कांटे

भले ही भाकपा ने भाजपा हराओ देश बचाओ का नारा दिया हो लेकिन फैजाबाद लोकसभा में पार्टी ने इंडिया गठबंधन की राह में कांटे बो दिया है। मालूम हो कि भाकपा प्रत्याशी अरविंद सेन यादव सेवानिवृत्त आईपीएस हैं व यहां से सांसद रहे मित्रसेन यादव के बड़े लड़के हैं। छोटे लड़के आनंद सेन यादव समाजवादी पार्टी में हैं। वे पिछले लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी थे। इस बार सपा ने मिल्कीपुर से विधायक व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अवधेश प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है।

उल्टा पुल्टा

पूजा के समय पत्नी ने पति से पूछा
पत्नी - सुनो जी आपको आरती याद है न?
पति - हां...वो पतली सी, वही न?
इसके बाद तो भगवान की बाद में पति की 'पूजा' पहले हुई।

# पंजाब में 'ऑपरेशन लोटस' चला रही भाजपा : सौरभ भारद्वाज



यह शर्मनाक है कि भाजपा और उसके 'ट्रोल' एक आतंकवादी के आरोपों को पूर्ण सत्य मान रहे हैं : सौरभ भारद्वाज

**'आप' ने रिंकू के भाजपा में जाने के फैसले पर कई सवाल उठाए**

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (देशबन्धु)। पंजाब में आम आदमी पार्टी के एकमात्र लोकसभा सदस्य सुशील कुमार रिंकू के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के एक दिन बाद वरिष्ठ आप नेता सौरभ भारद्वाज ने वृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि राज्य में ऑपरेशन लोटस चलाया जा रहा है। विपक्षी दल जब भाजपा पर राज्यों की सरकारों को गिराने के लिए विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगाते हैं तो इसे ऑपरेशन लोटस करार देते हैं।

भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पंजाब में आप विधायकों ने बुधवार को कहा था कि उनमें से कई को फोन आ रहे हैं और भाजपा में शामिल होने के लिए पैसा, वाई श्रेणी की सुरक्षा तथा लोकसभा चुनाव में टिकट देने की पेशकश की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ऑपरेशन लोटस चला रही है।

भारद्वाज ने रिंकू के भाजपा में जाने के फैसले पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि पंजाब विधानसभा चुनाव (2022) में भाजपा का नंबर आप, शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस के बाद चौथा था। सवाल यह है कि रिंकू भाजपा में क्यों शामिल हुए? लोकसभा सांसद के रूप में उनका कार्यकाल भी समाप्त हो गया है। जालंधर लोकसभा चुनाव में भी भाजपा चौथे स्थान पर रहेगी। रिंकू को आम आदमी पार्टी ने इस बार भी जालंधर लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया था लेकिन वह जालंधर पश्चिम से पार्टी के विधायक शीतल अंगुराल के साथ बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा उन्हें जालंधर से अपना प्रत्याशी घोषित कर सकती है। रिंकू पिछले साल कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हुए थे और जालंधर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीते थे।

प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के इन कथित दावों पर कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 2014 में न्यूयॉर्क में संगठन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी, भारद्वाज ने कहा कि यह शर्मनाक है कि भाजपा और उसके 'ट्रोल' एक आतंकवादी के आरोपों को पूर्ण सत्य मान रहे हैं। आप नेता ने कहा कि यह दिखाता है कि भाजपा राष्ट्र-विरोधी है। उन्होंने कहा कि केंद्र अमेरिका और जर्मनी की सरकारों द्वारा भारत में लोकतंत्र पर चिंता व्यक्त करने और केजरीवाल के लिए निष्पक्ष सुनवाई की मांग करने से परेशान है। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद अमेरिका और जर्मनी की सरकारों के बयान के बाद केंद्र सरकार ने दोनों देशों के राजनयिकों को तलब किया था। खबरों के मुताबिक, अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा था कि वाशिंगटन मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ एक निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रिया चाहता है।

आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने चुनावी बॉण्ड संबंधी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा को केंद्रीय एजेंसियों की जांच का सामना कर रहीं 41 कंपनियों से मिले पैसे का इस्तेमाल परोपकार कार्यों के लिए करना चाहिए।

## भाजपा भ्रष्टाचार का पैसा गरीबों में बांटे : आतिशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर आम आदमी पार्टी लगातार बीजेपी पर हमलावर है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि मैं भाजपा से आग्रह करती हूं कि ईडी की रेड के बाद मनी लांड्रिंग का पैसा बांटने के लिए किसी कानून बनाने की जरूरत नहीं है। भाजपा ये ऐलान करे ये पैसा प्रचार में नहीं बल्कि स्कूल और अस्पताल बनाने में खर्च करेगी।

आतिशी ने कहा कि मैं पीएम मोदी से कहना चाहती हूं कि ईडी की रेड के बाद मनी लांड्रिंग का पैसा भाजपा के पास इलेक्टोरल बॉन्ड के रूप में आया है। ईडी के पास आए पैसे के लिए आपको कानून बनाना पड़ेगा, लेकिन जिन 41 करप्ट कंपनियों ने 2741 करोड़ रुपए का चंदा बीजेपी को दिया है इसको बांटने के लिए किसी कानून बनाने की जरूरत नहीं है।

बीजेपी ये ऐलान करे ये पैसा प्रचार में नहीं लगाएगी बल्कि स्कूल और अस्पताल बनाने में खर्च करेंगी। उन्होंने कहा कि जिन-जिन कंपनियों ये ईडी की रेड पड़ी उन्होंने बॉन्ड खरीदे उन्होंने सबसे ज्यादा चंदा बीजेपी को दिया है। आज ही जेपी नड्डा घोषणा करें कि जो 55 करोड़ का चंदा शराब कारोबारी शरद रेड्डी, 52 करोड़ रुपए का चंदा फ्यूचर गेमिंग कंपनी, 105 का चंदा हल्दिया एनर्जी लिमिटेड ने दिया है और इन कंपनियों की लंबी लिस्ट है। जिससे कुल 2741 करोड़ का चांदा भाजपा को मिला है ये मनी लॉड्रिंग का पैसा है उसे प्रचार में खर्च नहीं करेंगे करें। आतिशी ने कहा कि अगर भ्रष्टाचार का पैसा जनता में बांटना चाहते है तो चंदे के रूप में बीजेपी को मिले उस पैसे को पहले जनता में बांटे।

## दिल्ली में संवैधानिक संकट, केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए : भाजपा




**केजरीवाल को हिरासत में लिए जाने के बाद आम आदमी पार्टी में से किसी को भी मुख्यमंत्री बनाया जा सकता था : मनोज तिवारी**

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की बृहस्पतिवार को मांग की और आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी संवैधानिक संकट का सामना कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया है।

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी सांसद मनोज तिवारी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल को हिरासत में लिए जाने के बाद आम आदमी पार्टी में से किसी को भी मुख्यमंत्री बनाया जा सकता था।

तिवारी ने कहा कि दिल्ली संवैधानिक संकट में है। यदि आपके मन में दिल्ली के उन लोगों के प्रति जरा भी सम्मान है, जिन्होंने आपको चुना है, तो आप किसी को भी आम आदमी पार्टी से मुख्यमंत्री बना सकते हैं। केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए आप में अंदरूनी खींचतान चल रही है।

उन्होंने एक जांच एजेंसी की हिरासत से सरकार चलाने की संवैधानिक वैधता पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि हमें पूरी दुनिया में जेल से सरकार चलाने वाले किसी व्यक्ति का एक उदाहरण दिखाइए। यदि आपमें थोड़ी भी नैतिकता बची है तो इस्तीफा दे दीजिए। सचदेवा ने पूछा कि यदि जेल से काम करना वैध है तो पार्टी ने मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन से इस्तीफा क्यों लिया। ईडी ने आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था।

## सार संक्षेप

### मनगढ़ंत है आप्रेशन लोटस की कहानी : कपूर



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की जब भी आम आदमी पार्टी आरोपों घिर जाती है या इसके नेता कार्यकर्ता पार्टी छोड़ने लगते हैं तो इसके नेता आप्रेशन लोटस की मनोहर कहानियां गढ़ने लगते हैं। दिल्ली भाजपा ने लगातार कहा है की आप्रेशन लोटस आम आदमी पार्टी की मनगढ़ंत कहानी है और यदि 'आप' नेताओं के पास भाजपा के खिलाफ कोई सबूत है तो उसको सार्वजनिक करे और पुलिस रिपोर्ट दर्ज करे। सबूत ना होने के कारण आम आदमी पार्टी ने कभी कोई रिपोर्ट दर्ज नही की सिर्फ बेबुनियाद आरोप लगाती रहती है। गत 3 फरवरी को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष एवं अन्य नेताओं ने इस संदर्भ में दिल्ली के पुलिस आयुक्त को मिलकर एक शिकायत सौंपी और 'आप' के आरोपों की जांच की मांग की पर जब पुलिस ने जांच करनी चाही तो मुख्य मंत्री एवं 'आप' दोनों ने नोटिस नही लिया और जांच से भाग रहे हैं। कल फिर जब 'आप' के पंजाब से सांसद एवं विधायक ने पार्टी छड़ी तो आज फिर मंत्री सौरभ भारद्वाज को आप्रेशन लोटस याद आ गया और फिर बिना सबूत आरोप दाग दिये पर वह समझ लें की अब दिल्ली या देश की जनता इन बेबुनियाद आरोपों पर यकीन नही करती है। दिल्ली की जनता कह रही है की सौरभ भारद्वाज बतायें उनकी पार्टी के आप्रेशन लोटस आरोप को लेकर दिल्ली भाजपा ने जो पुलिस शिकायत दर्ज की उसकी जांच से क्यों भाग रही है आम आदमी पार्टी, क्यों नोटिस लेकर जवाब नही देती।

### किराएदार ने 3 साल की बच्ची से किया दुष्कर्म

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी इलाके पीरागढ़ी में तीन साल की एक बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि फरार आरोपी को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। पुलिस ने कहा कि पीरागढ़ी गांव में तीन साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न के बारे में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को एक कॉल आई थी। पुलिस उपायुक्त (बाहरी), जिमी चिराम ने कहा कि तुरंत पश्चिम विहार पश्चिम पुलिस स्टेशन के एसीपी और स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) सहित एक पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने कहा कि पीड़िता बच्ची के पास उसकी मां पहुंच गई थी। बच्ची को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डीसीपी ने कहा कि आरोपी उसी इमारत का किरायेदार है, जिसमें बच्ची रहती है। सूचना के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (दुष्कर्म) और पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया है। डीसीपी ने कहा कि पुलिस टीम सक्रिय रूप से आरोपियों की तलाश कर रही है। पीड़िता को जांच और काउंसलिंग के बाद छुट्टी दे दी गई।

### दिल्ली सरकार जिला अदालतों में निर्बाध वाई-फाई पहुंच के लिए विचार करें : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी की सभी जिला अदालतों में निर्बाध वाई-फाई पहुंच के प्रावधान के संबंध में दायर एक जनहित याचिका पर दिल्ली सरकार को विचार करने का निर्देश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने सरकार को आठ सप्ताह के भीतर जनहित याचिका पर विचार करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता, वकील अर्पित भार्गव ने दिल्ली सरकार को अर्जी देने की प्रक्रिया को नजरअंदाज कर दिया और सीधे अदालत का दरवाजा खटखटाया। पीठ ने उचित प्रक्रिया के महत्व पर जोर देते हुए याचिकाकर्ता से उचित कार्रवाई के लिए पहले सरकारी अधिकारियों के सामने शिकायतें पेश करने का आग्रह किया। अदालत ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि यह निर्देश दिया जाता है कि याचिका को एक प्रतिनिधित्व के रूप में माना जाए और प्रतिवादी को आठ सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार तर्कसंगत आदेश के माध्यम से निर्णय लेने का निर्देश दिया जाए।

# भाजपा ने दिल्ली में सुधार के लिए नहीं किया कोई काम : लवली

## युवाओं से कांग्रेस की पांच न्याय की लड़ाई में भागीदार बनने की अपील




**नई दिल्ली,** 28 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा सांसदों ने दिल्ली के जे जे कलस्टरों, पुनर्वास कालोनियों समेत अनधिकृत कॉलोनियों में सुधार व कल्याण के लिए पिछले 10 में कोई काम नहीं किया है। भाजपा उनका केवल वोट बैंक की तरह ही प्रयोग किया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हमारे कार्यकर्ता इनकी सच्चाई को उजागर करेंगे। यह कहना है कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली का। गुरुवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने यह बात इंडिया गठबंधन की रामलीला मैदान में 31 मार्च को होने वाली महारैली के लिए हुई सोशल मीडिया कमेटी की बैठक में कही। बैठक के दौरान लवली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की गतिविधियों के बारे में लोगों तक सच्ची जानकारी पहुंचाने में सोशल मीडिया भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह आगामी लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा की झूठी कहानियों की सच्चाई को सोशल मीडिया पर कांग्रेस की विचारधारा के अनुरूप प्रचारित करेगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया टीम रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली के प्रचार हर प्लेटफार्म करेगा। बैठक में अरविंदर सिंह लवली के अलावा पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, सुखबीर शर्मा, सोशल मीडिया चेयरमैन हिदायतुल्लाह, गीत सैठी, संदीप गुप्ता, अरुण मलिक सहित बड़ी संख्या में सोशल मीडिया वालियंटर मौजूद थे। लवली ने कहा कि उन्होंने कहा कि 'अपने बूथ से जुड़े' अभियान की सफलता के बाद सोशल मीडिया टीम ने एक उदाहरण पेश किया है, आज अधिक से अधिक युवाओं को सोशल मीडिया से जुडक़र कांग्रेस की पांच न्याय की लड़ाई में भागीदार बने। उन्होंने कहा कि आज के दौर में राजनीतिक दल को शक्ति प्रदान करने के लिए सोशल मीडिया अहम भूमिका निभा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म सहित वेबसाइट पर कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई को बखूबी लड़ रहे हैं।

# एलजी ने सुप्रिया श्रीनेत मामले में सीपी से मांगी जांच रिपोर्ट



- बांसुरी स्वराज ने की थी एलजी से शिकायत
- जांच व एफआईआर दर्ज करने की रखी थी मांग

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (देशबन्धु)। फिल्म अभिनेत्री व भाजपा से उम्मीदवार कंगना रनौत को लेकर सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत की आपत्तिजनक पोस्ट मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली पुलिस आयुक्त से विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी है। इस मामले में भाजपा नेता बांसुरी स्वराज ने एलजी को शिकायत लिखकर श्रीनेत के खिलाफ शिकायत की थी। उन्होंने लिखा था कि यह पोस्ट एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाती है। इस मामले की जांच और एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। इस शिकायत को एलजी ने पुलिस आयुक्त को भेज दिया। साथ ही पूरे मामले की वैज्ञानिक रूप से जांच करने का आदेश दिया है। साथ ही आवश्यक हो तो कानून के अनुसार कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एलजी के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस इस बात की भी जांच करेगी कि वास्तव में उक्त पोस्ट किसने किया। इस पोस्ट के लिए किसके मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया गया।

एलजी ने पूरे प्रकरण में श्रीनेत द्वारा अपनी संलिप्तता से इनकार करते हुए किए गए दावों के पीछे की सच्चाई का पता लगाने का निर्देश दिया है। साथ ही श्रीनेत के दावों की पुष्टि करने का भी निर्देश दिया है। बीते दिनों श्रीनेता ने उक्त पोस्ट करने से इनकार कर दिया था। साथ ही इसके लिए कुछ व्यक्तियों को दोषी ठहराया है, जिनकी उनके सोशल मीडिया अकाउंट तक पहुंच है।

# दिल्ली के बुराड़ी में जानवरों के कटे हुए अवशेष मिले

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली के बुराड़ी इलाके में एक खुले मैदान में कटे हुए अवशेष मिले हैं। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि ऐसा संदेह है कि यह अवशेष जानवरों के हैं। पुलिस ने बताया कि अजीत विहार में जानवरों के अवशेष मिलने के संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम को गुरुवार को कॉल प्राप्त हुई। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची, जो गर्ग एन्क्लेव में एक खुला मैदान था। उत्तरी दिल्ली के डीसीपी एमके मीणा ने कहा, 'टीम को मौके पर जानवरों के अवशेष मिले। फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) टीम ने अपराध स्थल की जांच की और नमूने एकत्रित किए। जानवरों के अवशेषों को गाजीपुर एमसीडी सेंटर भेजा गया है।' डीसीपी ने आगे कहा कि आईपीसी की धारा 429 और 4/12 दिल्ली कृषि मवेशी रोकथाम अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है।

## मादीपुर मेट्रो स्टेशन के पास क्षत विक्षत अवस्था में मिला शव

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली के मादीपुर मेट्रो स्टेशन के पास गुरुवार को क्षत-विक्षत अवस्था में एक व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक, सुबह 9:45 बजे मादीपुर मेट्रो स्टेशन के पास एक व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिले जाने के संदर्भ में फोन आया था। सूचना मिलने के बाद पंजाबी बाग पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस को पता चला कि यह शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना की मौजूदा स्थिति का जायजा लेने के लिए जिला अपराध और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) टीमों को बुलाया गया। मौजूदा परिस्थिति के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302/201 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मृतक की पहचान के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों को भी खंगालने का प्रयास किया जा रहा है।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-रायपुर बांगर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-आर.पी.बी.013, भूखण्ड संख्या-114, क्षेत्रफल-220 वर्ग मीटर श्री अतर सिंह पुत्र श्री नेपाल व श्री शेर सिंह पुत्र श्री चिरंजी, निवासी-ग्राम-डाबरा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री अतर सिंह पुत्र श्री नेपाल की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री अमित कुमार पुत्र स्व० श्री अतर सिंह, निवासी-ग्राम-डाबरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री अमित कुमार पुत्र स्व० श्री अतर सिंह, निवासी-ग्राम-डाबरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खेरली भाव में उप जिलाधिकारी सदर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 1153/एस0टी0/एस0डी0एम0/2022 दिनांक 20.09.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 श्री पूरन पुत्र स्व0 छज्जन नि0 ग्राम चपरगढ मजरा मिर्जापुर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| खेरली भाव | 08 | स्व0 श्री पूरन पुत्र स्व0 छज्जन नि0 ग्राम चपरगढ मजरा मिर्जापुर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री चेतराम | 65 | भाई |
| | | | श्रीमती चन्दी पत्नी स्व0 परमाल | 60 | भाभी |
| | | | श्री देवेन्द्र पुत्र स्व0 परमाल | 38 | भतीजा |
| | | | श्री विन्दर पुत्र स्व0 परमाल | 42 | भतीजा |
| | | | श्री राजू पुत्र स्व0 परमाल | 36 | भतीजा |
| | | | श्रीमती सविता पत्नी स्व0 विशन | 40 | भतीजे की पत्नी |
| | | | श्री कपिल पुत्र स्व0 विशन | 28 | भाई का पौत्र |
| | | | श्री अरूण पुत्र स्व0 विशन | 26 | भाई का पौत्र |
| | | | श्री हैप्पी पुत्र स्व0 विशन | 24 | भाई का पौत्र |
| | | | श्रीमती बाला | 45 | भतीजी विवाहित |
| | | | श्रीमती सर्वेश | 36 | भतीजी विवाहित |
| | | | श्रीमती विमलेश | 40 | भतीजी विवाहित |
| | | | श्रीमती लखमीरी | 70 | बहन विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



आज़ादी का अमृत महोत्सव
**उत्तर रेलवे**
शुद्धिपत्र

संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक 100/2023-2024 दिनांक 08.03.2024
ii) निविदा संख्या 15235294A 08.04.2024 को देय है।
01. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में नया दस्तावेज़ संलग्न किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 934/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



आज़ादी का अमृत महोत्सव
**उत्तर रेलवे**
'एक स्टेशन एक उत्पाद'
योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

क) **स्टॉलः** दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, पानीपत, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, रोहतक स्टेशन पर।
ख) **ट्राली :** बड़ौत, बल्लभगढ़ फरीदाबाद न्यू टाउन, नांगलोई, नोली, नरेला, तुगलकाबाद, पालम, दिल्ली किशन गंज, खेकड़ा, सांपला, बागपत रोड, दिल्ली सफदरजंग, दिल्ली सराय रोहिल्ला, शिवाजी ब्रिज तिलक ब्रिज, देवबंद, जींद, जाखल, मनसा, टोहाना, टपरी, नरवाना, जुलाना, शामली, फरीदाबाद, बादली और शकूरबस्ती स्टेशनों पर।
• मुज्फ्फरनगर, गाजियाबाद, रोहतक स्टेशन पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
• उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
• NSG 1,2 और 3 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 4 (बड़ौत, बल्लभगढ़, फरीदाबाद न्यू टाऊन नोली, नरेला, तुगलकाबाद, पालम, और शकूरबस्ती), NSG 5 (दिल्ली किशन गंज, सांपला, खेकड़ा, बागपत रोड, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, जींद, जाखल मानसा, टोहाना, नरवाना, देवबंद, टपरी, जुलाना, शामली, बादली, नांगलोई और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
• प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैः-
क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
ड़.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
• आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
• आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 07.03.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
• सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
• एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023. पर उपलब्ध है।
• इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 930/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

नोएडा के सभी छोटे व बड़े बाजारों में पहले मतदान फिर जलपान के स्लोगन वाले स्टीकर और बैनर लगाया जाएगा। दुकान में आने वाले सभी ग्राहकों से भी व्यापारी बंधु अधिक से अधिक मतदान करने के लिए निवेदन व प्रेरित करेंगे। साथ ही मतदाता जागरूकता के लिए व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा नोएडा में कई कार्यक्रम प्रशासन के सहयोग से भी आयोजित किए जाएंगे।

**नरेश कुच्छल, प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष**

## नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने की कार्रवाई

**नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने शहर का निरीक्षण किया। साफ-सफाई समुचित नहीं पाए जाने पर चार संविदाकार कंपनी पर 40 लाख का जुर्माना लगाया गया। चारो कंपनी पर 10-10 लाख का जुर्माना। इसके साथ ही कंपनियों को ब्लैक लिस्ट करने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य निरीक्षक गोपाल कृष्ण शर्मा और जगपाल सिंह को निलंबित करने और सहायक परियोजना अभियंता को कड़ी चेतवानी जारी की।

इसके अलावा सर्किल-4 संविदा कार जुनियर इंजीनियर की सेवाएं छह माह तक स्थगित करने के निर्देश दिए है। दरअसल सीईओ ने डीजीएम सिविल विजय रावल और डीजीएम जन स्वास्थ्य एसपी सिंह के साथ करीब एक दर्जन सेक्टरों का निरीक्षण किया। जिसमें बहुत सी खामी पाई गई। इन खामियों को दूर करने के निर्देश भी दिए। सीईओ ने सेक्टर-8,11,12, 22, 55, 56,57,58,59,62,70,71 खोड़ा रोड, सेक्टर-56,57 सेक्टर-12,22, एमपी-1 रोड का निरीक्षण किया।



- **चार ठेकेदार कंपनी पर 40 लाख का जुर्माना, दो स्वास्थ्य निरीक्षक निलंबित**
- **संविदाकार जेई की 6 माह तक सेवा स्थगित**

सबसे पहले वे टीम के साथ सेक्टर-8 व 11 गए यहां सेंट्रल वर्ज में अर्थ फिलिंग करने के लिए उद्यान विभाग को कहा गया। यहां सीएंडडी वेस्ट पड़ा था जिसे हटाने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सीएंडडी वेस्ट डाला है उनके खिलाफ नोटिस जारी किया जाए। सेक्टर-11 में ड्रेन के कवर को लेवल में किया जाए। यहां बस स्टॉप को ठीक कराया जाए। सभी फुटपाथ पर ग्रास क्लीनिंग कराई जाए। यहां तकनीकी दिक्कत के कारण फुटपाथ, चौराहे और तिराहे कनेक्ट नहीं है इनको ठीक कराया जाए।

सेक्टर-55,56,57 के चौराहे पर लगे फाउंटेन को ठीक कराया जाए। सेक्टर-58,57,54 के बीच मध्य मार्ग में मिट्टी भरने का काम पूरा कराया जाएगा। सेक्टर-62 सेंट्रल वर्ज का काम प्रगतिरत पाया गया इसको तत्काल बंद करने और यथा स्थिति बनाए रखने के लिए कहा गया। सेक्टर-62 में फोर्टिस के पास खाली पड़ी जमीन पर मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण पर विचार करने के लिए कहा गया।

सड़क किनारे खड़े क्षतिग्रस्त वाहनों को तत्काल प्रभाव से हटाने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि निर्देशों का पालन नहीं होने पर वरिष्ठ प्रबंधक, परियोजना अभियंता, प्रबंधक, सहायक परियोजना अभियंता के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## डॉ. महेंद्र नागर को मिला सपा पार्टी का सिंबल

**नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा (गौतमबुद्धनगर) लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी (सपा) के घोषित प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर को पार्टी का सिम्बल दे दिया गया है। डॉ. महेंद्र नागर के प्रत्याशी घोषित होने के दो से तीन दिन बाद ही सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यहां राहुल अवाना को प्रत्याशी घोषित कर दिया था। कार्यकर्ताओं ने उनका डीएनडी पर स्वागत किया और आचार संहिता के उल्लंघन में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। राहुल अवाना के प्रत्याशी घोषित होने के बाद कांग्रेस और सपा दोनों के कार्यकर्ता नाराज थे।

सपा हाइकमान में भी इसको लेकर संशय था। दरअसल डॉ. महेंद्र नागर गौतमबुद्ध नगर के पुराना चेहरा है। साथ ही कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भी रह चुके है। वहीं राहुल की पकड़ युवाओं पर है। दोनों को लखनऊ बुलाया गया। दो दिनो तक मंथन के बाद अखिलेश यादव ने दोनों से



बातचीत की और मन मुटाव को दूर करते हुए डॉक्टर महेंद्र नागर को ही पार्टी का सिंबल दे दिया। हालांकि दोनों ही महकमों में अंदर खाने गुटबाजी का दौर शुरू हो गया है। महेंद्र नागर के लिए बड़ी चुनौती दूसरे खेमे को साधना होगा। बता दें की नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) लोकसभा सीट भारतीय जनता पार्टी का गढ़ मानी जाती है। भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा लगातार दो बार से गौतमबुद्ध नगर सीट पर चुनाव जीत रहे हैं।

- **राहुल अवाना का कटा टिकट**
- **दो दिन तक चली बैठक के बाद लिया निर्णय**

भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर डॉ. महेश शर्मा को नोएडा से चुनावी मैदान में उतारा है। दूसरी तरफ बहुजन समाज पार्टी ने ठाकुर समाज से आने वाले राजेंद्र सोलंकी को अपना प्रत्याशी बनाया है। समाजवादी पार्टी ने राहुल अवाना का टिकट काटकर एक बार फिर डॉक्टर महेंद्र नागर को नोएडा सीट से प्रत्याशी बना दिया है।

डॉक्टर महेंद्र नागर को टिकट दिलवाने में समाजवादी पार्टी के बड़े नेताओं का महत्वपूर्ण योगदान बताया जा रहा है। वह महेंद्र नागर को नोएडा से प्रत्याशी बनाने के पक्ष में थे। बीच में कुछ लोगों ने जोड़-तोड़ करके राहुल अवाना को प्रत्याशी बनवा दिया था। फिलहाल अब महेंद्र नागर सपा के घोषित प्रत्यशी है और जल्द ही नामांकन दाखिल करेंगे।

## सार संक्षेप

### गाजियाबाद पुलिस ने कार से ले जाए रहे 13 लाख बरामद

**गाजियाबाद।** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के दृष्टिगत जांच के दौरान तेरह लाख पैतालीस हजार तीन सौ रुपए की नगदी बरामद की है। डीसीपी नगर कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संदिग्ध वाहन / व्यक्ति जांच कर रही है। लाल कुआं ढलान पर एमजी हैक्टर इलैक्ट्रिक कार को रोककर चैक किया। तो वाहन चालक संजय कुमार निवासी सेकेन्ड ई ब्लाक नेहरु नगर थाना सिहानी गेट व तीरथ शर्मा निवासी एन 418 सैक्ट 23 संजयनगर थाना मधूबन बापुधाम से13 लाख 45 हजार 3 सौ रुपए बरामद किये गए है। पूछताछ पर दोनो व्यक्तियो ने बताया कि हम रुपयो को फैक्ट्री के मजदूरो को बाटने के लिए ले जा रहे थे लेकिन वह दोनो इस सम्बन्ध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके।

### पुलिस कमिश्नर ने दो महिला पुलिस अधिकारियों को लगाई फटकार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस की दो महिला पुलिस अधिकारी इन दिनों सुर्खियों में है। इन दोनों पुलिस अधिकारियों पर काम में लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। गुरुवार को पुलिस कमिश्नर ने दोनों महिला पुलिस अधिकारियों को चेतावनी दी है। इसे लेकर बकाया नोएडा पुलिस मीडिया सेल से प्रेस नोट भी जारी किया गया है। कामकाज में लापरवाही बरतने वाली महिला पुलिस अधिकारी एडीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव और एसीपी महिला सुरक्षा सौम्या सिंह हैं। बताया जा रहा है कि दोनों पुलिस अधिकारी पिछले कुछ समय से अपना कामकाज सही ढंग से नहीं कर रहे थे। अगर साफ शब्दों में कहा जाए तो अपने काम में लापरवाही बरत रहे थे। इसकी शिकायत सीपी तक पहुंची थी। जिसके बाद गुरुवार को सीपी लक्ष्मी सिंह ने पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था शिवहरि मीणा व डीसीपी नोएडा विद्यासागर मिश्रा की उपस्थिति में एडीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव व एसीपी महिला सुरक्षा सौम्या सिंह को फटकार लगाई है। साथ ही लंबित मामलो में अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार द्वारा हर 15 दिन में इसकी समीक्षा करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### किसान संगठन ने मनाया स्थापना दिवस

**रबूपुरा।** भारतीय अन्नदाता किसान यूनियन ने गुरुवार को गांव खेड़ा मोहम्दाबाद स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर संगठन का प्रथम स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने लोगों को सम्बोधित करते हुए विभिन्न जानकारी दी। रागनी एवं रंगारंग प्रोग्राम में लोगो ने जमकर लुत्फ उठाया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हीरा सिंह ने बताया कि संगठन किसानों, मजदूरों व मजलूमों की आवाज को हमेशा उठता रहेगा। इस दौरान शशांक सिंह, अनिल, अशोक, तेजवीर, विनोद, किशन आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



## जीडीए अधिकारियों ने की लाजिस्टिक प्लान की पीपीटी प्रस्तुतीकरण की समीक्षा

**गाजियाबाद,** 28 मार्च (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश पर बुधवार को प्राधिकरण सभागार में सिटी लाजिस्टिक प्लान की पीपीटी प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की गई। सिटी लॉजिस्टिक प्लान को राईटस लिमिटेड द्वारा तैयार किया जा रहा है। उनके प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद गाजियाबाद के आगामी 20 वर्ष के ट्रैफिक एवं लॉजिस्टिकल आवश्यकता के दृष्टिकोण से इसे तैयार किया गया है। लॉजिस्टिक प्लान में ट्रांसपोर्ट नगर, मल्टी मोडल लॉजिस्टिक पार्क, पार्किंग टर्मिनल्स आदि का प्रस्ताव दिया गया है। मास्टर प्लान 2031 के अनुपालन (कन्फर्मिटी) अनुसार सिटी लाजिस्टिक प्लान को तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। सिटी लाजिस्टिक प्लान के माध्यम से ट्रांसपोर्टर्स एवं आम जनमानस तथा अन्य हितधारकों की महत्वाकांक्षाओं को नई उड़ान मिलेगी। बैठक में मै0 राईट्स के प्रतिनिधि एवं प्राधिकरण के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया के पहले दिन गाजियाबाद में चार दावेदारों ने खरीदे नामांकन पत्र

**गाजियाबाद,** 28 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। पहले दिन कुल चार लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। जिला मुख्यालय में नामांकन के लिए आज खड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए थे। कलेक्ट्रेट में त्रिस्तरीय पुलिस बंदोबस्त किए गए थे और पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा तथा जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह नजर बनाए हुए थे।



आज सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई जहां पर तमाम व्यवस्था की गई थी । कोई फालतू व्यक्ति अंदर न जाए इसके लिए ब बैरिकेडिंग की गई थी। शाम तक कुल चार लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। जिसमें नत्थू चौधरी, व अनिल कुमार ने निर्दलीय, मोनिका गौतम ने राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी तथा वीरेंद्र कुमार सिंह ने सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी से नामांकन पत्र खरीदा। क्योंकि पहला दिन था इसलिए आज काम ही लोग नामांकन खरीदने आए 31 तारीख के बाद नामांकन की प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है।

## फन कैंप में बच्चों ने की मस्ती, विभिन्न कार्यक्रमों में लिया हिस्सा

**ग्रेटर नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। स्वर्ण नगरी स्थित जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा में कक्षा प्री. नर्सरी से लेकर कक्षा-5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए फन कैम्प का आयोजन किया गया। इस तरह के आयोजन के लिए यह विद्यालय बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए एक अनूठा स्थान है, जिससे बच्चे स्वतंत्र और आत्मविश्वासी बनते है तथा नए-नए कौशल भी सीखते हैं। कैंप में विद्यार्थी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिए जैसे-अग्नि रहित व्यंजन बनाना, ओरियो शेक, सैंडविच, फ्रूट सलाद आदि। स्वीमिंग रेसेस- फ्रॉग, डॉलफिन आदि होली रंग बरसे डांस व क्लास पार्टी के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का रसास्वादन आदि। मैदान में खेले जाने वाले खेल में बोलिंग एवं म्यूजिकल चेयर आदि। आर्ट और क्राफ्ट-होली मास्क तथा आदि। मूवी टाइम, हैरी पोट्टर और फाइंडिंग निमो आदि गतिविधियों में बच्चे उत्साहित होकर भाग लिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रेणु सहगल ने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों का ज्ञान के साथ-साथ मानसिक और सामाजिक विकास भी हुआ। सभी अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय के द्वारा करवाए गए इस प्रकार के आयोजन एक सराहनीय कार्य है।

## आईपीओ व शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर ठगे 30.62 लाख

**नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। साइबर अपराधियों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासी रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी को आईपीओ और शेयर बाजार में निवेश कराने का झांसा देकर 30 लाख 62 हजार रुपए ऐंठ लिए। आरोपी ने पीड़ित को व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़कर ठगी की। पीड़ित ने सेक्टर-36 साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी शैलेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके पास कुछ समय पहले व्हाट्सऐप पर मैसेज आया, जिसमें घर बैठे डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन ट्रेडिंग करके लाखों रुपये कमाने की बात कही गई थी। उन्होंने जब उक्त नंबर पर संपर्क किया। फोन उठाने वाले ने उनको बताया कि उनकी कंपनी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बंबई स्टॉक एक्सचेंज में निवेश कराती है। झांसे में लेकर उनको व्हाट्सऐप के एक ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में पहले से 100 लोग जुड़े थे। इसके बाद आरोपियों ने उनको ऑनलाइन टास्क दिया। इससे उनको कुछ फायदा हुआ। इसके बाद जालसाजों ने उनको आईपीओ और कंपनियों के शेयर में निवेश करने का टास्क दिया। आरोपियों द्वारा दिए ऐप में उनके निवेश किए रुपए बढ़ते दिखे। इसकी वजह से उन्होंने 30 लाख 62980 हजार रुपए निवेश कर दिए। वह जब अपने मुनाफे की रकम को वापस लेने लगे तो आरोपियों ने उनके ट्रेडिंग अकाउंट को बंद कर दिया। इस दौरान जब उन्होंने उनसे वापस से अकाउंट को खोलने के लिए कहा तो जालसाज उनसे और रुपए निवेश करने के लिए कहने लगे। जब उन्होंने जालसाजों से अपने निवेश के रुपए वापस मांगने लगे तो उनको व्हाट्सऐप ग्रुप से बाहर कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## मेगा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दिल्ली एनसीआर के विद्यार्थी होंगे शामिल



**ग्रेटर नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईईसी कॉलेज में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्रों के लिए संस्थान के संस्थापक की स्मृति में स्व: आर.एल. गुप्ता प्रतिभा प्रोत्साहन हेतु क्विज (प्रश्नोत्तरी) प्रतियोगिता- 2024 का आयोजन 31 मार्च को किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में संस्थान के मार्केटिंग तथा एडमिशन हेड गुंजन भाटी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से संस्थान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिये विशाल स्तर पर क्वीज प्रतियोगिता का अयोजन कर रहा है। क्वीज के दौरान छात्रों से गणित, विज्ञान तथा रसायन विज्ञान के प्रश्न पूछे जाएंगे। क्वीज में वो सभी छात्र एवं छात्राए भाग ले सकते हैं जो कक्षा बारह की परीक्षा में सत्र 2023-24 में सम्मिलित हुए है। पंजीकरण के लिए संस्थान की वेबसाईट पर अपनी जानकारी देकर 29 मार्च तक नि:शुल्क पंजीकरण कर सकते हैं। क्वीज का आयोजन 31 मार्च रविवार के दिन संस्थान में ही होगा तथा उसी दिन क्विज के परिणाम के साथ विजेताओं को पुरस्कार भी दिये जाएंगे। प्रथम पुरस्कार में लैपटाप, द्वीतीय पुरस्कार में टेबलैट, तृतीय परस्कार में स्मार्टफोन एवं 10 विजेताओं को सांत्वना पुरस्कार में ब्लूटूथ हेड फोन दिए जाएंगे। इस अवसर पर संस्थान के सीएफओ अभिजीत कुमार, एक्सीक्यूटिव निदेशक प्रोफेसर सुनील कुमार, निदेशक प्रोफेसर विनय गुप्ता, फार्मेसी निदेशक प्रोफेसर भानु प्रताप सिंह सागर, डीन एकेडमिक्स डा. बी. शरण, मीडिया प्रभारी तथा प्लेसमेट अधिकारी प्रो. शरद माहेश्वरी, सोशल मीडिया मैनेजर तुषार गुप्ता, दिनेश मडवाल तथा प्रभात कुमार उपस्थित रहे।

**आईईसी कॉलेज में 31 मार्च को प्रतियोगिता का होगा आयोजन**

## प्रेमिका की हत्या कर किया आत्महत्या का प्रयास

**नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा के छिजारसी गांव में युवक ने युवती की हत्या कर दी। इसके बाद खुद भी ब्लेड मारकर सुसाइड करने का प्रयास किया। घटना बुधवार देरात की है। जानकारी लगते ही मौके पर थाना सेक्टर-63 पुलिस पहुंची। पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि दोनों के बीच तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती युवक से शादी का दबाव बना रही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और युवक ने पहले गला दबाया फिर ब्लेड से गाला काटकर हत्या कर दी।

थाना सेक्टर-63 ने बताया कि निशा पुत्री ओमप्रकाश निवासी गड़वार दिल्ली उम्र 22 साल बुधवार रात को छिजारसी में रहने वाले धनंजय के कमरे पर गई थी। दोनों एक दूसरे को जानते थे। पुलिस ने बताया कि वो पहले भी कई बार धनंजय के कमरे पर जा चुकी थी। धनंजय पहले से शादी शुदा है और उसकी पत्नी गांव बलिया में रहती है। बुधवार रात पुलिस को सूचना मिली कि कमरे पर एक युवती का शव मिला है। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। धनंजय फर्स्ट फ्लोर पर किराए पर रहता था। कमरे के अंदर युवती का शव पड़ा था। प्राथमिक जांच में सामने आया कि युवती के गले पर निशान है। उसने ब्लेड से युवती के गले पर वार किया। उसके शरीर पर चोट के निशान भी मिले है। उससे कुछ दूरी पर धनंजय गंभीर हालत में जमीन पर पड़ा था। जांच में सामने आया कि उसने



- **ब्लेड से गले पर किया हमला, युवक पहले से है शादीशुदा**
- **तीन साल से दोनों के बीच चल रहा था प्रेम प्रसंग**
- **शादी का दबाव बनाने पर युवक को आया गुस्सा**

अपने गले पर भी ब्लेड से वार किया। खून निकलने की वजह से वो जमीन पर बेहोशी की हालत में जमीन पर गिरा था। पुलिस ने तत्काल धनंजय को अस्पताल में भर्ती कराया।

**फारेंसिक टीम ने एकत्रित किए साक्ष्य**

जानकारी मिलते ही मौके पर फारेंसिक टीम पहुंची। उन्होंने स्पाट को सील करते हुए साक्ष्य एकत्रित किए। बताया गया कि दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। फिलहाल पुलिस युवती के पोस्टमार्टम रिपोर्ट और युवक के होश में आने का इंतजार कर रही है।

## बाजारों में व्यापारी लगाएंगे पहले मतदान, फिर जलपान के बैनर

**नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल गौतमबुद्ध नगर के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक करेगा। इसके लिए सभी छोटे व बड़े बाजारों में मतदाता जागरूकता के स्टीकर और बैनर को लगाया जाएगा। ये घोषणा गुरुवार को सेक्टर-5 स्थित हरौला में उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा इकाई की एक अहम बैठक में लिया।

बैठक में प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष नरेश कुच्छल ने घोषणा करते हुए बताया कि नोएडा के सभी छोटे व बड़े बाजारों में पहले मतदान फिर जलपान के स्लोगन वाले स्टीकर और बैनर लगाया जाएगा। दुकान में आने वाले सभी ग्राहकों से भी व्यापारी बंधु अधिक से अधिक मतदान करने के लिए निवेदन व प्रेरित करेंगे। साथ ही मतदाता जागरूकता के लिए व्यापार



प्रतिनिधि मंडल द्वारा नोएडा में कई कार्यक्रम प्रशासन के सहयोग से भी आयोजित किए जाएंगे। अध्यक्ष नरेश कुच्छल ने कहा कि मतदान व्यक्ति का चेहरा देखकर कतई न करें। उस व्यक्ति को जिम्मेदारी सौंपे, जो वाकई काबिल है। ऐसा प्रतिनिधि, जो जनहित से जुड़े मुद्दों पर बेबाकी से बहस कर सके और परेशानियों को लेकर अड़ सके। कुछ मतदाता सोचते हैं, अगर वे मतदान नहीं करेंगे तो एक वोट से क्या होगा, उनकी यह सोच गलत है, क्योंकि बूंद-बूंद करके ही घड़ा भरता है। एक व्यक्ति को आपके साथ दूसरा भी चुनता है। मतदाता का एक-एक वोट शहर को विकास के पथ पर आगे ले जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से 26 अप्रैल 2024 को मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का पहला धर्म और दायित्व है कि सारे काम छोड़कर मतदान करें और अपनी कसौटी पर कसकर अपना प्रतिनिधि चुनें। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करना जरूरी है। घर का मुखिया सुनिश्चित करे कि प्रत्येक सदस्य मतदान करें। चेयरमैन राम अवतार सिंह ने कहा कि हमारा मत अपने शहर और राष्ट्र के विकास का भागीदार होता है। इसलिए पढ़े लिखे और ईमानदार प्रत्याशी के पक्ष में हमें मत जरूर करना चाहिए, जो राष्ट्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करेगा।

## अश्लील वीडियो वायरल करने वाली युवतियां व युवक गिरफ्तार

**नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। होली के दिन स्कूटी सवार दो युवतियां और एक युवक द्वारा रंग लगाकर अश्लील वीडियो बनाकर वायरल किया। इसके कुछ देर बाद दूसरा वीडियो वायरल हुआ जिसमें वही युवती स्कूटी पर खड़े होकर युवक को रंग लगा रही थी और बाद में स्कूटी से गिरती है। वीडियो वायरल होने के बाद थाना सेक्टर-113 पुलिस ने युवतियां और युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुरुवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सेक्टर 113 नोएडा पुलिस द्वारा, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का स्वत: संज्ञान लिया और इसके बाद एफआईआर कराई थी। वीडियो वायरल होने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने स्कूटी मालिक का 33 हजार रुपए का चालान किया था। चालान जमा करने में असमर्थता




- **होली के दिन दो वीडियो हुए थे वायरल**
- **ट्रैफिक पुलिस ने किया था 33 हजार का चालान**

भी युवतियों ने व्यक्त की थी। इनकी पहचान जमुना प्रसाद उर्फ पीयूष व अश्लील हरकत करने वाली युवतियां विनीता पुत्री लाल खां व प्रीति पुत्री मुन्ना लाला को वेदवन पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इन पर धारा 279/290/294/336 /337 के तहत कार्रवाई की है।

उवाच


एम.सी.एम.सी. कमेटी के सभी सदस्यगण इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया एवं अन्य सोशल साइटों पर प्रसारित होने वाली प्रचार सामग्री पर अपनी विशेष निगरानी रखें। साथ ही कहा कि प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाली खबरों की भी निरंतर मॉनिटरिंग की जाए।

**मनीष कुमार वर्मा, जिलानिर्वाचन अधिकारी**

# यमुना एक्सप्रेस वे शहर में 40 एमएलडी के दो एसटीपी जल्द हो जाएंगे बनकर तैयार

- सेक्टर-29 में 20-20 एमएलडी के दो सीवर ट्रीटमेंट बनकर तैयार
- सेक्टर-24 में 42 करोड़ की लागत से बन रहा है दूसरा एसटीपी

**ग्रेटर नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे शहर में आबादी आने से पहले सेक्टर के लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यमुना प्राधिकरण ने तेजी से काम शुरू कर दिया। शहर बसने के बाद सीवर की समस्या को दूर करने के लिए प्राधिकरण ने पहले से एसटीपी के लिए तीन सेक्टरों में जमीन चिन्हित कर लिया है। जिसमें एक एसटीपी को निर्माण कार्य पूरा होने वाला जबकि एसटीपी को निर्माण कार्य चल रहा है। प्राधिकरण की तरफ से दावा किया जा रहा है कि अगले माह तक सेक्टर 29 में एसटीपी बनकर तैयार हो गया। इससे औद्योगिक सेक्टरों के साथ आवासीय सेक्टरों के सीवर को इस एसटीपी से जोड़ा जाएगा।



नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में शहर में आबादी आने के बाद दोनों प्राधिकरण ने एसटीपी निर्माण की दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे सीवर को पानी नाले कई सालों तक नाले में डाला जाता रहा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कुछ साल पहले कासना में एसटीपी को निर्माण कार्य किया। यमुना एक्सप्रेस वे ऐसी गलती नहीं करना चाहता है। इसलिए प्राधिकरण ने पहले से एसटीपी का निर्माण कार्य शुरू कर दिया।

सेक्टर-29 में प्राधिकरण ने कई माह पहले टेंडर निकाल कर एसटीपी का निर्माण शुरू कर दिया था। सेक्टर में 20-20 एमएलडी के दो एसटीपी का निर्माण किया जा रहा है। जिस पर करीब 62.90 करोड़ रूपए खर्च हो रहा है। सीवर के पानी को ट्रीटमेंट करने के लिए मशीनरी लगाने का कार्य भी कुछ दिनों में शुरू हो जाएगा। बताया जाता है कि प्राधिकरण शहर में तीन जोन में बांट कर पहले चरण में तीन एसटीपी का निर्माण कर रहा है। सेक्टर 29 में एसटीपी की क्षमता आगे बढ़ाकर 80 एमएलडी करने की है। इस एमएलडी से औद्योगिक सेक्टर, आवासीय, बिल्डर ग्रुप हाउसिंग के सीवर को जोड़ा जाएगा। इसी तरह प्राधिकरण ने सेक्टर 24 में भी 42 करोड़ रूपए के लागत से एसटीपी को निर्माण कर रहा है। आवासीय सेक्टर 18 में प्राधिकरण ने एसटीपी के लिए जमीन चिन्हित कर लिया है। जिसका भी निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा।

# नोएडा एयरपोर्ट टर्मिनल के भीतर स्थानीय व वैश्विक व्यंजनों का मिलेगा स्वाद



- एयरपोर्ट ने एचएमएस होस्ट इंडिया के साथ किया अनुबंध
- सात ब्रांड के आउटलेट किए जाएंगे संचालित

**ग्रेटर नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग के भीतर यात्रियों को खान-पान की बेहतर सुविधा मिलेगी। इसके लिए एचएमएस होस्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध किया गया है। कंपनी द्वारा रेस्तरां, कैफे और अन्य खाद्य फ्रेंचाइजी का संचालन किया जाएगा। यात्रियों को स्थानीय के साथ वैश्विक व्यंजनों का स्वाद मिलेगा।

नोएडा एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन का कहना है कि नोएडा एयरपोर्ट का लक्ष्य यात्रियों को स्वच्छ वातावरण में गुणवत्तापूर्ण भोजन परोसना है। स्थानीय स्वादों को वैश्विक व्यंजनों के साथ मिश्रित किया जाएगा, जिससे सभी के लिए एक व्यापक और संतोषजनक भोजन अनुभव सुनिश्चित होगा। एचएमएस होस्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी से ग्राहकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और सेवाएं प्रदान होंगी। वहीं अवोल्टा के प्रबंध निदेशक जगवीर राणा ने कहा कि नोएडा एयरपोर्ट में भूमिका निभाने और सात आउटलेट संचालित कर यात्रियों की सेवा करने के लिए उत्साहित हैं। बता दें कि एक रनवे और एक टर्मिनल वाले इस एयरपोर्ट के प्रथम चरण में प्रतिवर्ष 12 मिलियन यात्रियों के यातायात को संभालने की क्षमता होगी। परियोजना के पूरा होने पर प्रतिवर्ष 70 मिलियन यात्रियों को सेवा प्रदान करने में सक्षम होगा।

# राजनीतिक दलों के प्रत्याशी ऑनलाइन कर सकेंगे नामांकन

ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने दी गई प्रस्तुती



**ग्रेटर नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बैठक की, जिसमें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को ऑनलाइन नामांकन के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी पवन मंगल ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया कि चुनाव आयोग ने लोकसभा 2024 चुनाव में प्रत्याशियों के नामांकन के लिए https://suvidha.eci.gov.in/login लिंक जारी किया है, जहां से प्रत्याशी ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया ऑनलाइन एवं ऑफलाइन की जा सकती है। उन्होंने संबंधित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में सभी चुनाव प्रक्रिया मानकों के अनुरूप संपन्न करायी जाएगी ताकि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निष्पक्ष, स्वतंत्र, पूर्ण पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके।

# पेड न्यूज व फेक न्यूज पर निर्वाचन आयोग की रहेगी कड़ी नजर

**ग्रेटर नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पूर्ण पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण कराने को लेकर निर्वाचन अधिकारी/अध्यक्ष एम.सी.एम.सी. कमेटी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एम.सी.एम.सी. कमेटी की बैठक हुई, जिसमें एम.सी.एम.सी. कमेटी के नोडल अधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। जिलानिर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एम.सी.एम.सी. कमेटी के सभी सदस्यगण इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया एवं अन्य सोशल साइटों पर प्रसारित होने वाली प्रचार सामग्री पर अपनी विशेष निगरानी रखें। साथ ही कहा कि प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाली खबरों की भी निरंतर मॉनिटरिंग की जाए, ताकि जनपद में पेड या फेंक न्यूज का प्रकाशन न हो सके, यदि कोई भी पेड या फेक न्यूज संज्ञान में आती है तो, तत्काल एम.सी.एम.सी. कमेटी उसकी रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को भेजे, ताकि संबंधित



- जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एम.सी.एम.सी. कमेटी की बैठक
- प्रचार में प्रयोग की जाने वाली ऑडियो, वीडियो व प्रचार सामग्री के उपयोग से पूर्व एम.सी.एम.सी. कमेटी से लेनी होगी मंजूरी

प्रत्याशी से उसकी आख्या प्राप्त कर आयोग को भेजी जा सके। उन्होंने एम.सी.एम.सी. कमेटी के नोडल अधिकारी को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा प्रतिदिन समाचार पत्रों में छपने वाले विज्ञापनों की व्यय रिपोर्ट व्यय लेखा टीम एवं आर.ओ. को प्रेषित करेंगे, ताकि समाचार पत्रों में छपने वाले विज्ञापन पर होने वाला व्यय प्रत्याशी के व्यय में जोड़ा जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त मीडिया संस्थानों से अपील करते हुए कहा कि सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रत्याशियों के विज्ञापनों को प्रकाशित व प्रसारित करने से पूर्व संबंधित प्रत्याशी से विज्ञापन के संबंध में आर.ओ. अवश्य प्राप्त करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कोई भी प्रत्याशी राजनीतिक विज्ञापनों को टीवीध्केबिल चौनल, रेडियो चौनल, सिनेमा हॉल, ऑडियो-विजुअल डिस्प्ले, प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा अन्य सोशल साइटों पर विज्ञापन प्रसारित करने से पूर्व एम.सी.एम.सी. कमेटी से मंजूरी अवश्य प्राप्त कर ले। उन्होंने कहा कि ऐसे विज्ञापन को प्रसारित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जो धर्म, जाति, भाषा के आधार पर किसी भी समुदाय को आहत करता हो। प्रचार में प्रयोग की जाने वाली प्रचार सामग्री पर प्रिंटिंग प्रेस व पब्लिशर की पूरी जानकारी होनी जरूरी है। ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शारदा विवि में आयोजित होगा योगोत्सव

**ग्रेटर नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय में 1 अप्रैल को योग उत्सव का आयोजन मोरार जी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योग और आयुष मंत्रालय के सौजन्य से आयोजित करने जा रहा है। जो कल्याण और सद्भाव का एक भव्य उत्सव है। यह आयोजन शारदा स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज के निर्देशन में संपन्न होगा। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय उन प्रमुख 100 संस्थानों में से एक है, जिसे भारत सरकार द्वारा इस बड़े आयोजन के लिए चुना है। इस आयोजन का उद्देश्य योग की प्राचीन पद्धति को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर अभ्यास किए जाने वाले कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जाएगा। इन गतिविधियों में प्रमुख रूप से योग व्याख्यान, विविध योग क्रियाओं का प्रदर्शन एवं चेयर योग सत्र का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें 1500 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। शारदा विश्वविद्यालय का यह योगोत्सव समग्र कल्याण को बढ़ावा देने, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और प्रतिभागियों के बीच एकता की भावना पैदा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा। इस दौरान डीन रिसर्च डॉ. भुवनेश कुमार, एसोसिएट डीन डॉ. मोहित साहनी, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज की डीन डॉ. अनविती गुप्ता और डीन कपिल पांडला मौजूद रहे।

# कोतवाली पर लगे महेश शर्मा मुर्दाबाद के नारे

**रबूपुरा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत प्रचार के लिए पहुंचे भाजपा प्रत्याशी विरोध के मामले में पुलिस द्वारा 4 युवकों के गिरफ्तार किये जाने पर लोगों का



गुस्सा भड़क गया। दर्जनों ग्रामीणों ने कोतवाली का घेराव कर जमकर नारेबाजी की और पुलिस पर अवैतनिक कार्रवाई का आरोप लगाया। मामला बढ़ता देख पुलिस बेकपुट पर आ गई तथा बामुश्किल लोगों को समझा बुझा कर मामला शांत कराया। उधर पुलिस शांति भंग होने की आशंका के चलते कार्रवाई किये जाने का दावा कर रही है। गौरतलब है कि मंगलवार को गौतम बुद्ध नगर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद डा0 महेश शर्मा चुनावी प्रचार के लिए गांव आकलपुर पहुंचे तो कुछ युवकों ने प्रत्याशी के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। जिससे वहां माहौल गर्मा गया। मामले को लेकर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और पुलिस ने रिंकू, सुल्ला, कृष्ण व संजीव को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया और दर्जनों पुरुष व महिलाएं कोतवाली पहुंचे और महेश शर्मा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तथा पुलिस पर राजनीति के दबाव में गिरफ्तारी करने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। वहीं सूत्रों के दावे अनुसार मामले में एक होमगार्ड की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। मामला बढ़ता देख पुलिस ने कड़ी मशक्कत से लोगों को समझाया और उक्त युवकों को शांतिभंग में चालन कर मामला शांत कराया। उधर पुलिस का दावा है कि गांव में शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की गई है।

# भाजपा प्रबुद्ध सम्मेलन की तैयारी को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन 30 मार्च को जीएलल बजाज संस्थान में होगा, जिसमें में मुख्यातिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी शामिल होंगे। प्रबुद्ध सम्मेलन में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशोदिया, लोकसभा सांसद प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, विधायकगण जन प्रतिनिधि भी रहेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य ने बताया कि भाजपा लोकसभा संयोजक प्रणीत भाटी, जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक हुई, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम स्थल की तैयारी को लेकर निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि प्रबुद्ध सम्मेलन में बड़ी संख्या में डॉक्टर, इंजीनियर, पत्रकार, अधिवक्ता, प्रोफेसर, शिक्षक आदि प्रबुद्ध जन प्रबुद्ध सम्मेलन में सामिल होकर मुख्यमंत्री योगी के उद्बोधन को सुनेंगे। इस अवसर पर मुख्यरूप से जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा अभिषेक शर्मा मण्डल अध्यक्ष दिनेश भाटी इंदरजीत टाइगर आदि कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध वर्ग को करेंगे सम्बोधित

# लोकसभा चुनाव के लिए पहले दिन प्रत्याशियों ने लिया 30 नामांकन प्रपत्र







जिला मुख्यालय पर पुलिस बल रही तैनात

**ग्रेटर नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए गौतम बुद्ध नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन प्रत्याशियों के द्वारा 30 नामांकन प्रपत्र प्राप्त किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने गौतम बुद्ध नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किए गए कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 28 मार्च दिन गुरुवार को निर्वाचन की अधिसूचना के साथ ही नामाकंन प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। आयोग द्वारा द्वितीय चरण के लिए नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 4 अप्रैल 2024 दिन गुरुवार, नाम निर्देशनों की संवीक्षा हेतु तिथि 5 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार, नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 8 अप्रैल 2024 दिन सोमवार निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार तथा 4 जून 2024 दिन मंगलवार को मतगणना सम्पन्न होगी। 6 जून 2024 दिन गुरुवार से पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएंगी।

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला मुख्यालय पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, कलेक्ट्रेट के सामने की सर्विस रोड को बंद कर दिया गया है। सामने से किसी भी वाहन के जाने के लिए अनुमति नहीं है। जिसे जिलामुख्यालय जाना है वह पैदल जाए। जिला मुख्यालय के अंदर बाहर बैरिकेटिंग कर दिया गया है। पुलिस की टीम जिला मुख्यालय के प्रवेश द्वार से लेकर नामांकन कक्ष तक तैनात है। इस दौरान की परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस की टीम लगी रही।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

# आईसीडब्ल्यूए व जीबीयू के बीच अंतरराष्ट्रीय व भारतीय विदेश नीति पर अध्ययन के लिए समझौता

**ग्रेटर नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। इण्डियन कौंसिल फॉर वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए), एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है जो 2001 के आईसीडब्ल्यूए एक्ट के तहत दिल्ली में स्थित है। गौतम बुद्ध विवि अपने लक्ष्य की पुनर्विस्तार और अंतरराष्ट्रीय मामलों और भारतीय विदेश नीति पर जागरूकता और ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करने का निर्णय लिया है। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जीबीयू के साथ आईसीडब्ल्यूए के बीच एक एमओयू की घोषणा की थी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आईसीडब्ल्यूए के अध्यक्ष हैं। आईसीडब्ल्यूए और गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के बीच मेमोरेंडम ऑफअंडरस्टैंडिंग को 27 मार्च 2024 को साइन किया गया, जो तीन साल के लिए मान्य होगा। जीबीयू कुलपति प्रो रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने इस साझा के महत्व को बताते हुए कहा कि यह मेमोरेंडम ऑफअंडरस्टैंडिंग का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय मामलों और भारतीय विदेश नीति पर सहमत विषयों पर अध्ययन और सेमिनारों का आयोजन करना है। डीन एकेडमिक्स प्रो एन. पी. मलकानियां ने दोनों पक्षों उन बिंदुओं के बारे में बताया जिन बिंदुओं पर सहयोग करने का निर्णय लिया है, जिसमें संयुक्त आयोजन का आयोजन, सामान्य रुचि विषयों पर मिलीभगत के ढंग के माध्यम से संयुक्त अध्ययन करना, अगर गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा अनुरोध किया गया।

# निशानेबाज के 6 लाइसेंसी हथियारों व कारतूस के साथ चालक गिरफ्तार



**जेवर,** 28 मार्च (देशबन्धु)। कोतवाली पुलिस ने यमुना एक्सप्रेस वे पर वाहन जांच के दौरान एक कार से निशानेबाज के 6 लाइसेंसी हथियार बरामद कर चालक को जेल भेजा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि अवैध शस्त्र की बरामदगी के लिए पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत बुधवार को प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम यतेंद्र कुमार व उपनिरीक्षक जितेंद्र बालियान तथा जेवर टोल प्लाजा चौकी प्रभारी अनूप दीक्षित व उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार यमुना एक्सप्रेस वे के जेवर टोल प्लाजा पर वाहनों की तलाशी ली रहे थे। उसी दौरान नोयडा से आगरा की ओर जा रही एक कार की तलाशी लेने पर पुलिस ने दो शार्ट गन, 1 रिवाल्वर, तीन पिस्टल व 12 जिंदा कारतूस बरामद किये। पुलिस ने चालक से शास्त्रों के लाइसेन्स के बारे में तथा एक स्थान से दूसरे स्थान पर परिवहन के प्रपत्र मांगे तो वह उपलब्ध नहीं करा सका। पुलिस पूछताछ में मुरादनगर गाजियाबाद के रहने वाले चालक राजीव कुमार ने बताया कि ये सभी शस्त्र उसके मालिक राजनगर गाजियाबाद के रहने वाले व मूल निवासी नबाबगंज जिला गोंडा के निशानेबाज अंकित त्यागी के है तथा अंकित त्यागी हवाई जहाज द्वारा गाजियाबाद से गोंडा चले गये है। हवाई जहाज में शस्त्र न ले जाने की वजह से वह उनकी फॉर्च्यूनर कार द्वारा गोंडा जा रहा था। पुलिस द्वारा शस्त्र नियमो का उल्लंघन करने के आरोप में चालक को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया तथा शस्त्र व वाहन को कब्जे में ले लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# बीएएमएस प्रथम वर्ष के छात्रों को दिया गया मेडिकल किट

**ग्रेटर नोएडा,** 28 मार्च (देशबन्धु)। ईशान आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, में बीएएमएस प्रथम वर्ष 2023-24 के सौ छात्रों के लिए मेडिकल किट वितरण समारोह आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेदा, नई दिल्ली के डीन पी. एचडी और एचओडी संहिता सिद्धांत प्रो. डॉ. महेश व्यास मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डॉ. डी. के. गर्ग, प्राचार्य प्रो. डॉ. शोभन अली, प्रो. जसविंदर कौर, सीईओ तुषार आर्य, अमन आर्य, डॉ. नावेद खान उपस्थित थे। इस मेडिकल किट वितरण समारोह का नाम शिष्योपनयन संस्कार दिया गया था। समारोह का उद्घाटन भारतीय परंपरा के अनुसार उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. महेश व्यास, चेयरमैन डॉ.



डी. के. गर्ग, प्रो. डॉ. सोवन अली द्वारा दीप प्रज्जवलित कर और वेद मंत्रो के साथ आयुर्वेद प्रार्थना कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि आयुर्वेदा डॉक्टर बनना अपने आप में सम्मान की बात है। समाज सेवा के साथ-साथ देश हित में कार्य करना हम सभी का परम धर्म है, आज पूरे विश्व में आयुर्वेदा का प्रचार-प्रसार हो रहा है, देश में ही अनेकों जगह पर आयुर्वेदा हॉस्पिटल और क्लिनिक स्थापित हो रहे है, आयुर्वेदा चिकित्सा पद्धति का भविष्य बहुत उज्जवल है। संस्था के चेयरमैन डॉ. डी.के. गर्ग ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मैनेजमेंट आयुर्वेद चिकित्सा के विकास-प्रसार के लिए हमेशा तत्पर है और संकल्प के साथ कार्य कर रहा है, आयुर्वेदा छात्रों के हित में सभी डॉक्टर्स और फैकल्टी की टीम वर्क कर रही है। संस्था की ओर से चौयरमैन डॉ. डी के गर्ग जी और प्राचार्य डॉ शोभन अली ने प्रोफेसर डॉ. महेश व्यास को शाल और हर्बल प्लांट प्रदान कर सम्मानित किये।

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला- गौतमबुद्व नगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Judges Cultural & Welfare Organization., के माध्यम से आवंटित भूखण्ड संख्या A-91, Sector-Builder's Area, P-7, Greater Noida क्षेत्रफल-292.7925 वर्ग मीटर Mr. Justice Sohan Lal Saraf S/o Late Shri Tara Chand Saraf के पक्ष में आंवटित / पंजीकृत है। आवंटी Shri Justice Sohan Lal Saraf की मृत्यु दिनांक-26.07.2017 को हो जाने के उपरांत उनके स्थान पर वसीयत के आधार पर उनके पुत्र Mr. Shekhar Bobby Saraf S/o Late Justice Sohan Lal Saraf ने उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सूनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Shri Justice Sohan Lal Saraf के स्थान पर वसीयत के आधार पर उनके पुत्र Mr. Shekhar Bobby Saraf S/o Late Justice Sohan Lal Saraf के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 29 मार्च 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# केजरीवाल की हिरासत बढ़ी, पर ईडी-भाजपा बेपर्दा

दिल्ली के कथित शराब घोटाला कांड के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किये गये आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज़ एवेन्यू कोर्ट से चाहे पूरी राहत न मिली हो परन्तु उन्होंने न्यायालय में ईडी एवं भारतीय जनता पार्टी को जिस प्रकार से बेपर्दा किया उससे ईडी का पक्ष तो कमजोर हुआ ही, लोगों में फिर से संदेश गया है कि भाजपा व उसकी केन्द्र सरकार विपक्षी दलों व उनके नेताओं के खिलाफ किस प्रकार से राजनैतिक षड़यंत्र रचती है और उसके लिये जांच एजेंसियों का कैसे इस्तेमाल होता है। दिलचस्प बात यह है कि जहां एक ओर केजरीवाल ने अपना पक्ष खुद ही रखा वहीं उन्होंने अपनी हिरासत बढ़ाने का विरोध न कर सबको चौंका दिया। सम्भवत: यह आप की रणनीति का हिस्सा हो कि वे अपनी बात कहें ताकि वह कोर्ट की जिरह से बढ़कर एक राजनैतिक संदेश बनकर दूर तक जाये। अगर ऐसा है तो उसमें वे सफल होते नज़र आये हैं।

उल्लेखनीय है कि केजरीवाल को उनके दिल्ली के आधिकारिक निवास स्थान से 21 मार्च की रात को गिरफ्तार किया गया था। उन पर दिल्ली शराब घोटाले में संलिप्तता का आरोप है। गिरफ्तारी के पहले ईडी अधिकारियों ने उन्हें 22 मार्च को राउज़ एवेन्यू कोर्ट में प्रस्तुत कर 10 दिनों की हिरासत मांगी थी लेकिन न्यायालय ने केवल 6 दिनों की जमानत दी थी। इसके अनुसार शुक्रवार को उन्हें कोर्ट के सामने प्रस्तुत कर ईडी द्वारा फिर से 7 दिनों की जमानत मांगी गई थी लेकिन कोर्ट ने यह हिरासत चार दिनों के लिये ही बढ़ाई। उन्हें 1 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे कोर्ट में प्रस्तुत करने का आदेश ईडी को दिया गया। इस मामले में पहले ही उप मुख्यमंत्री व आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया व एक अन्य मंत्री सत्येन्द्र जैन गिरफ्तार हैं। इसी मामले में बीआरएस की नेता के. कविता भी दो दिन पूर्व गिरफ्तार की गई हैं तथा वे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में हैं।

इसके पहले अरविंद केजरीवाल के वकीलों ने सुनवाई के दौरान इस बात को सामने लाया कि जिन सरकारी गवाहों के बयान पर केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है वे स्वयं अपने बयान बार-बार बदलते रहे हैं अत: उनकी विश्वसनीयता नहीं है। खुद केजरीवाल ने अपना पक्ष दमदार तरीके से रखते हुए कहा कि 'जिस बिना पर उन्हें गिरफ्तार किया है उस आधार पर चांदनी चौक के किसी जेबकतरे को तक गिरफ्तार नहीं किया जा सकता।' उन्होंने यह भी बताया कि जिस घोटाले की बात ईडी कर रही है, उसका एक पैसा भी बरामद नहीं किया गया है। कोर्ट में केजरीवाल ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड्स सम्बन्धी जो खुलासा हाल ही में किया गया है उससे पता चला है कि एक गवाह शरद चंद्र रेड्डी ने 50 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दिया है। इसके अनुसार भाजपा के खिलाफ मुकदमा करना चाहिये। इसके पहले दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी भी यह बात कह चुकी है। शुक्रवार को कोर्ट के फैसले के बाद आप के नेता सौरभ भारद्वाज ने भी यह बात दोहराई। इस मामले को लेकर 31 मार्च को रामलीला मैदान में एक बड़ी सभा इंडिया गठबन्धन की ओर से आयोजित की जा रही है जिसमें सभी सहयोगी दलों के शामिल होने की बात कही गई है।

शुक्रवार को केजरीवाल को एक जीत तो ज़रूर मिली जब दिल्ली हाईकोर्ट ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि केजरीवाल जेल से सरकार नहीं चला सकते। यह याचिका सुरजीत कुमार यादव ने दायर की है जिसमें कहा गया था कि केजरीवाल पर घोटाले का आरोप है इसलिये उन्हें मुख्यमंत्री पद पर रहने की इज़ाज़त नहीं होनी चाहिये। साथ ही ईडी की हिरासत से आदेश जारी करने से केजरीवाल को रोका जाये। न्यायालय ने साफ किया कि केजरीवाल को पद से हटाने के लिये उसे न्यायिक हस्तक्षेप करने या राजनैतिक दायरे में घुसने की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट ने कहा कि यह कार्यपालिका का विषय है और मामला न्यायपालिका के दायरे में नहीं आता। कार्यवाहक चीफ जस्टिस ने माना कि हिरासत से काम करने में सम्भवत: कुछ व्यवहारिक दिक्कतें हो सकती हैं परन्तु कोर्ट राष्ट्रपति या दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर को किसी तरह की सलाह या मार्गदर्शन देने का इच्छुक नहीं है। बेंच ने माना कि केजरीवाल के मामले में चल रही सुनवाई में कुछ समय लग सकता है लेकिन उस पर सम्बन्धित कोर्ट फैसला लेगा। आज निर्मित हुई स्थिति कल्पनातीत है तो भी कोई कानूनी रोक नहीं लगाई जा सकती। वैसे केन्द्र सरकार एवं भाजपा किस प्रकार से केजरीवाल को शासकीय काम करने से रोकने की तैयारी कर रही है, इसका आभास एलजी विनय कुमार सक्सेना के उस बयान से भी मिला था जब एक मीडिया हाउस के समिट में उन्होंने कहा था कि 'दिल्ली सरकार जेल से संचालित नहीं होने दी जायेगी'। वैसे संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि किसी आरोप में जेल जाने पर किसी मुख्यमंत्री या संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को उसके उत्तरदायित्वों के निर्वहन से रोका जा सके।

देखना होगा कि 1 अप्रैल को जब केजरीवाल को फिर से प्रस्तुत किया जाएगा तब कोर्ट क्या फैसला लेता है। वैसे साफ दिख रहा है कि ईडी भाजपा के इस उद्देश्य को पूरा करने के लिये ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रहा है कि कुछ दिनों के बाद होने जा रहे लोकसभा चुनाव में केजरीवाल सक्रियता से काम न कर सकें। हालांकि अब जनता जान गई है कि केन्द्रीय जांच एजेंसियों द्वारा तमाम विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियों व पूछताछ का उद्देश्य भाजपा को चुनावी दौड़ में आगे बनाये रखना है।

# हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे सहारे

■ बादल सरोज

कहते हैं कि कोई अगर गिरने के लिए अपनी पर भी आ ही जाये तब भी उसकी कोई न कोई सीमा होती ही है। मगर भारतीय जनता पार्टी एक अलग तरह की पार्टी है। आजादी के बाद के भ्रष्टाचार कांडों में सबसे विराट रकम वाले चुनावी बॉन्ड्स के महा-घपले का भांडा फूटने के बाद ऊपर से नीचे तक पूरी भाजपा की बेशर्मी इसी की मिसाल है। पहले तो इन इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर दायर की गई याचिकाओं की सुनवाई में ही लगातार टांग अड़ाई गईं। इसके बाद भी जब मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की तरफ से इसके महासचिव सीताराम येचुरी सहित 5 याचिकाकर्ताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों की संविधान पीठ ने सुनवाई पूरी करके अपने फैसले में इन बॉन्ड्स को अवैधानिक करार दे दिया। इसी के साथ स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया को इनसे जुड़ी सभी जानकारियां 6 मार्च तक सार्वजनिक करने के लिए आदेशित किया तो बैंक ही मुकर गई; उसने इसे बहुत ज्यादा ही बड़ा काम बताते हुए जून तक का समय मांग लिया। मंशा साफ़ थी कि जो भी सामने आये वह आम चुनाव पूरे होने के बाद ही आये। यह एसबीआई का काम नहीं था, यह मोदी सरकार द्वारा देश की सर्वोच्च अदालत को अंगूठा दिखाने जैसा काम था। याचिकाकर्ताओं ने जब इसे चुनौती दी तो संविधान पीठ ने एक बार पुन: एकदम साफ़-साफ़ चेतावनी के साथ एसबीआई से कहा कि वह पूरी जानकारी 12 मार्च तक चुनाव आयोग को सौंपे और चुनाव आयोग 15 मार्च की शाम तक इसे अपनी वेबसाईट पर सार्वजनिक करे। एसबीआई ने इस स्पष्ट आदेश में भी टंगड़ी मारने की कोशिश की ; बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी और इन बॉन्ड्स से रकम उठाने वालों की जानकारी तो दे दी, मगर किसका बांड किसने भुनाया इसकी जानकारी वाला यूनिक कोड साझा नहीं किया। जाहिर है सुप्रीम कोर्ट को झांसा देने की यह दूसरी धोखाधड़ी भी एसबीआई के किसी अफसर या चेयरमैन के बूते की बात नहीं थी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने एक और आदेश में कहा कि, 'हमने आदेश में पूरी जानकारी देने को कहा था। लेकिन एसबीआई ने बॉन्ड नंबर नहीं दिया। एसबीआई पूरे आदेश का पालन करे। सभी बॉन्ड के यूनिक नंबर यानी अल्फा न्यूमेरिक नंबर निर्वाचन आयोग को 21 मार्च तक मुहैया कराए।' इसके बाद भी जानकारी अधूरी ही आई है- अभी कुछ है जो छुपाई जा रही है। कुल मिलाकर यह कि भाजपा ने अपने अपराध छुपाने के लिए सारी नैतिक, न्यायिक और वैधानिक सीमाएं लांघ दीं और देश की न्यायपालिका की खुल्लम खुल्ला अवमानना की।

इलेक्टोरल बॉन्ड्स की अब तक की जानकारी में किस किसने कितना दिया, जुआ कम्पनी, बीफ निर्यातक कम्पनी वगैरा ने कितना दिया ये सारी जानकारियां लगातार आ रही हैं इसलिए उन्हें गिनाकर जगह घेरने का कोई मतलब नहीं। मगर दो-तीन रुझान गौरतलब हैं; इधर इनकम टैक्स और ईडी का छापा पड़ा, उधर भाजपा के खाते में कुछ सौ करोड़ रूपये का बॉन्ड पहुंच गया, इधर भाजपा को कुछ सौ करोड़ रुपयों का बॉन्ड मिला और उधर उस कंपनी को हजारों करोड़ रुपयों का ठेका मिल गया या सौदा हो गया। यह सीधे-सीधे घूसखोरी और भ्रष्टाचार का मामला है-ध्यान रहे 1981 में कुछ बिल्डर्स को आउट ऑफ़ टर्न सीमेंट देकर दो ट्रस्टों के लिए महज 5 करोड़ का चन्दा लेने के आरोप में महाराष्ट्र के तब के मुख्यमंत्री ए आर अंतुले को इस्तीफा देना पड़ा था। बोफोर्स में तो सिर्फ 64 करोड़ का कमीशन लेने की बात थी, मगर उसी से सरकार उलट गई थी। आजाद भारत के पहले वित्तमंत्री टी टी कृष्णमाचारी को तो बिना पैसा लिए ही किसी को मदद करते पाए जाने पर मंत्रीपद छोड़ना पड़ा था। होने को तो खुद इसी भाजपा के लालकृष्ण अडवानी ने जैन हवाला काण्ड में 2 करोड़ रूपये लेने का आरोप लगने पर संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और शहीद बनने के अंदाज में कहा था कि 'राजनीतिक विश्वसनीयता बुनियादी चीज है. लोग हमें वोट देते हैं और हमें उनका विश्वास कायम रखना पड़ता है।' आज राजनीतिक विश्वसनीयता की दुहाई देने वाले उन्हीं अडवाणी को अपना मार्गदर्शक बताने वाली भाजपा इलेक्टोरल बॉन्ड से 60 अरब रूपये वसूल कर डकार तक नहीं ले रही।

इस बॉन्ड काण्ड का एक और गंभीर रुझान यह है कि जिनकी कुल संपत्ति 2 या 4 करोड़ की भी नहीं है उन कंपनियों ने भी सैकड़ों करोड़ रूपये के बॉन्ड्स भाजपा को दिए। यह बेनामी रकम किसकी है? वह कम्पनी किस देश की है? इसे किन अपराधी गिरोहों से जुटाया गया है? यह किसी भी देश के लिए चिंताजनक बात होती, दुनिया के देशों में आज भी होती है, मगर सरेआम, रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद भी भाजपा बजाय शर्मसार होने के आरोप लगाने वालों को ही शर्मिन्दा करने के ढीठ अंदाज में अपने भ्रष्टाचार को सदाचार बताने की मुहिम युद्ध स्तर पर शुरू कर चुकी है। तरह-तरह के कुतर्कों, झूठों और महाझूठों का ज्वालामुखी सा फट पड़ा। झूठ की फैक्ट्री आई टी सैल का काम अब खुद भाजपा के शीर्षस्थ नेताओं से संभाल लिया। अपने चहेते और चुनिन्दा गोदी मीडिया के कभी प्रतिप्रश्न न करने वाले आज्ञाकारी पत्रकारों के बीच अमित शाह बोले कि 'बांड गोपनीय हैं तो क्या हुआ, नकदी चंदा भी तो गोपनीय होता था।' यह भी कि 'यह बांड सिस्टम राजनीति से काला धन समाप्त करने के लिए लाया गया था।' मतलब यह कि भाई लोग काले धन में अपना भरा पूरा हिस्सा लेकर काला धन समाप्त करने का दावा कर रहे हैं। अपने अपराध को ढांपने के लिए अमित शाह झूठा आंकड़ा तक गढ़ लाये और चुनावी बॉन्ड्स को एसबीआई द्वारा बताई राशि 12 करोड़ से बढ़ाकर उसके 20 हजार करोड़ होने का दावा ठोंक दिया और प्रति सांसद के हिसाब से भाजपा को कम मिलने का शिकवा भी कर मारा। पूरे लेनदेन की तारीखें सामने आने और उनकी क्रोनोलॉजी साफ़-साफ़ दिखने के बाद भी वित्त मंत्राणी निर्मला सीतारमण छुपाछुपी खेलती दिखीं और इनकम टैक्स के छापों के पहले दिया या बाद में इस बहस को ही निरर्थक बता दिया। महाराष्ट्र वाले देवेन्द्र फड़नवीस तो और आगे बढ़ गए उन्होंने दावा किया कि 'ये बॉन्ड काण्ड पोलिटिकल फंडिंग को लेकर किये जाने वाले अच्छे बदलावों में से एक है।' अब अगर यह अच्छा है तो पता नहीं भाजपाई शब्दकोष में बुरे और आपराधिक का मायने क्या होता होगा।

> **लोकसभा चुनाव के ठीक पहले उजागर हुए बॉन्ड काण्ड ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि लुटेरे कारपोरेट की पूंजी और घोटालेबाजों का काला धन ही मोदी ब्रान्ड हिन्दुत्वी राजनीति की शक्ति का स्त्रोत है। यह और इसी तरह का दूसरा, इससे भी ज्यादा तादाद वाला पैसा है जिसकी दम पर भारत के संसदीय लोकतंत्र की बखिया उधेड़ी जा रही हैं, चुनाव में सभी दलों के लिए समान अवसर की सारी संभावनाएं खत्म की जा रही है।**

जिस भाजपा के केंद्र की सत्ता में पहुंचने की सीढ़ी ही भ्रष्टाचार के खिलाफ उमड़ा जनाक्रोश था, अब सिर्फ वह भाजपा ही इस काण्ड को राष्ट्रनिर्माण का पुण्य कार्य नहीं बता रही. संघ के महासचिव- सरकार्यवाह- दत्तात्रेय होसबोले ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा अवैध घोषित किये और जानकारियां सार्वजनिक होने के बाद और ज्यादा संदेहास्पद हुए चुनावी बॉन्ड्स की हिमायत करते हुए कहा कि 'ये एक प्रयोग हैं और इनमे जांच-परख (चेक एंड बैलेंस) के सारे इंतजाम है।' ध्यान रहे यह प्रमाणपत्र उसी संघ के महासचिव दे रहे थे जिसके सरसंघचालक भागवत दावा करते हैं कि 'आरएसएस राष्ट्रनिर्माण में विश्वास करती है, भ्रष्टाचार के विरुद्ध हर आन्दोलन में वह साथ है।'

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले उजागर हुए बॉन्ड काण्ड ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि लुटेरे कारपोरेट की पूंजी और घोटालेबाजों का काला धन ही मोदी ब्रान्ड हिन्दुत्वी राजनीति की शक्ति का स्त्रोत है। यह और इसी तरह का दूसरा, इससे भी ज्यादा तादाद वाला पैसा है जिसकी दम पर भारत के संसदीय लोकतंत्र की बखिया उधेड़ी जा रही हैं, चुनाव में सभी दलों के लिए समान अवसर की सारी संभावनाएं खत्म की जा रही हैं, सरकार में रहने और ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसे विभागों को गुंडों मवालियों की तरह इस्तेमाल कर अपने लिए वसूली रैकेट ही नहीं चलाया जा रहा है बल्कि विपक्षी दलों को चंदा देने वालों पर भी डंडा चलाया जा रहा है। यही काला धन है जिससे निर्वाचित सांसदों, विधायकों को खरीद कर जनादेश उलटे जा रहे हैं, सारे मीडिया को अपना चारण और भाट बनाया जा रहा है। नौकरशाह एक पार्टी -भाजपा- के तबेले में बांधे जा रहे हैं। तुलसीदास की रामचरितमानस के लंका कांड की चौपाई में कहें तो आम चुनाव में 'रावण रथी विरथ रघुवीरा' जैसी स्थिति बनाई जा रही है। जनता इसे समझ रही है और इसी समझदारी को अप्रैल और मई के मतदान में अपने निर्णय का आधार बनायेगी।

चुनावी बॉन्ड काण्ड तो बानगी है- अभी पीएम केयर्स फण्ड के घोटाले का सामने आना बाकी है। यह वह कोष है जो है तो पीएम के नाम पर मगर असल में मोदी एंड कंपनी लिमिटेड के पास है। आरटीआई सहित जांच-परख के सभी दायरों से ऊपर है। वर्ष 19-20 में इस फण्ड में 3076.6 करोड़ जमा हुए, अगली साल ये बढ़कर 10,990.2 करोड़ हो गए। जबकि दोनों सालों में कुल खर्च इसके आधे से भी कम 6125 करोड़ रूपये ही हुआ। किसी को नहीं पता कि बचा हुआ पैसा साढ़े सात हजार करोड़ रुपए - जो चुनावी बॉन्ड्स में भाजपा को मिले पैसे से भी अधिक है, कहां हैं, किसके नियंत्रण में है। पता तो यह भी नहीं है कि जो खर्च हुआ वह भी किस काम में खर्च हुआ, सही में खर्च हुआ भी है या नहीं।

**(लेखक सम्पादक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा)**

# आम चुनाव 2024भारत में फासीवाद के आगमन के खिलाफ एक ऐतिहासिक लड़ाई

■ नित्य चक्रवर्ती

इस साल 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में होने वाले 18वें लोकसभा चुनाव ने 1951-52 में पहले लोकसभा चुनाव के आयोजन के बाद से भारत में संसदीय लोकतंत्र के पिछले 73 वर्षों के कामकाज में ऐतिहासिक महत्व प्राप्त कर लिया है। पिछले दस वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार ने भारतीय संविधान के मूल आधार को नष्ट कर दिया है और विपक्ष-मुक्त लोकसभा चुनावों की सुविधा के लिए अपने अधिनायकवाद को बढ़ाया है।

इस श्रृंखला में नवीनतम है लोकसभा चुनाव से ठीक दो महीने पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय द्वारा एक पुराने आरोप में गिरफ्तारी और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के बैंक खातों के संचालन पर रोग लगाना। आयकर विभाग ने ऐसे समय में कांग्रेस के बैंक खातों के संचालन पर रोक लगाई है जब वह सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा, जिसके पास भारी मात्रा में धन है, के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए वित्त की व्यवस्था करने के लिए कठिन संघर्ष कर रही है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक तौर पर कांग्रेस मुक्त भारत की बात कही थी। अब वह खुले तौर पर विपक्ष मुक्त चुनाव के बारे में बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन पिछले पांच वर्षों में उनकी सरकार के कार्यों के कारण केंद्र में सत्तारूढ़ दल भाजपा और उसके विरोधी दलों के बीच समान अवसर खत्म हो गये हैं। फासीवादी राज्य के उभरने के ये चेतावनी संकेत हैं और अगर 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा तीसरी बार केंद्र में सत्ता हासिल करती है तो यह प्रक्रिया तेज हो जायेगी। इस तरह, आने वाले चुनावों ने विपक्षी इंडिया गुट और समाज की अन्य सभी ताकतों, जो भारत में सत्तावाद और लोकतंत्र के क्षरण के खिलाफ हैं, के लिए एक बड़ी चुनौती पेश की है।

> **इंडिया गुट और वे सभी जो भारतीय संविधान और देश में जीवंत लोकतंत्र के कामकाज की परवाह करते हैं, उन्हें लोकसभा चुनावों में भाजपा और उसके सहयोगियों को हराने के लिए इस समय व्यापक एकता का निर्माण करना चाहिए। इसमें देर करने की कोई गुंजाइश नहीं है। संयुक्त विपक्ष की ओर से कोई भी गलत कदम या गलत निर्णय भारत में जीवंत लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली के भाग्य पर मुहर लगा देगा। 4 जून के नतीजों से यह सुनिश्चित होना चाहिए कि लोकतंत्र कायम रहे और अधिनायकवाद को बड़ा झटका लगे।**

2019 के लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार तृणमूल कांग्रेस की सदस्य बनीं महुआ मोइत्रा ने अपने संबोधन में फासीवाद के सात चेतावनी संकेतों का जिक्र किया था, जो उन्होंने अमेरिका के होलोकॉस्ट म्यूजियम में पढ़े थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरी बार बनी सरकार के शासन के तहत भारत में उन चेतावनी संकेतों के शुरुआती संकेतों का उल्लेख किया था। आज, 2024 के लोकसभा चुनावों की पूर्व संध्या पर, महुआ मोइत्रा के उस संबोधन के पांच साल बाद, संकेत कहीं अधिक स्पष्ट हैं। यह अधिनायकवाद का अंतिम चरण हो सकता है और जब तक इसे प्रभावी ढंग से नहीं रोका जाता, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार के शासन के दौरान फासीवाद के पहले चरण का कारण बन सकता है।

होलोकॉस्ट संग्रहालय के पोस्टर में उल्लिखित पहला चेतावनी संकेत अति राष्ट्रवाद था जो देश को विभाजित करता है। महुआ ने 2019 में उल्लेख किया था कि कैसे हाल ही में पारित सीएए आबादी के एक वर्ग के बीच आतंक पैदा कर रहा है। पांच साल बाद, सीएए प्रावधानों को कार्यान्वयन के लिए अधिसूचित किया गया है और दस्तावेजों की कमी के कारण अल्पसंख्यकों के एक अच्छे वर्ग की नागरिकता खोने की एक बड़ी संभावना है। बंगाल में एक युवक ने आवश्यक कागजात नहीं मिलने के कारण आत्महत्या कर ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंतविश्व शर्मा ने नये मानदंडों की घोषणा की है जिसके तहत अल्पसंख्यक लोग उनके राज्य में रह सकते हैं। यह पूरा कदम देश को बांटने का है, जोड़ने का नहीं।

दूसरा लक्षण मानवाधिकारों का तिरस्कार है। प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में यह बहुत मुखर नहीं था, लेकिन नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में, मानवाधिकारों के लिए लड़ने वाले गैर सरकारी संगठनों को हर संभव तरीके से परेशान किया गया है, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है, और सत्ताधारी दल की नीतियों के खिलाफ किसी भी असंतोष को राष्ट्रविरोधी माना जा रहा है। केंद्र में शासन एक आयामी है जिसमें किसी भी भिन्न विचार की कोई गुंजाइश नहीं है। विरोधी विचारों का तिरस्कार किया जा रहा है। यह एक राय, एक पार्टी, एक सरकार की तरह है। उत्तर प्रदेश एक विशिष्ट मामला है जहां संघ परिवार के सीमांत तत्वों द्वारा अल्पसंख्यकों पर कोई भी अत्याचार जारी रखा जा सकता है और बहुत कम सरकारी कार्रवाई होती है। राज्य सरकार द्वारा ही मुसलमानों के साथ दोयम दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार किया जाता है।

फासीवाद का तीसरा प्रारंभिक संकेत सत्तारूढ़ दल का अपने मित्रवत व्यावसायिक घरानों के माध्यम से जनसंचार माध्यमों पर पूर्ण नियंत्रण है। महुआ ने अपने 2019 के भाषण में रुझानों का उल्लेख किया था, लेकिन अब, राष्ट्रीय मीडिया, प्रिंट और टीवी दोनों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुकूल समूहों का पूरी तरह से वर्चस्व है। ऐसा कोई रास्ता नहीं है, जिससे समाचार रिपोर्टिंग स्वतंत्र रह सके। वर्तमान डिजिटल सूचना युग में, वर्तमान सरकार का विरोध करने वाले किसी भी समाचार पोर्टल को दंडित करने के लिए कानूनों में संशोधन किया गया है। लोकसभा चुनाव की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय मीडिया में शायद ही विपक्ष के लिए कोई जगह है।

चौथा संकेत यह है कि राष्ट्रीय सुरक्षा का जुनून है- दुश्मनों की पहचान। एनआईए अब एक सुपर विशाल एजेंसी है। संगठन किसी भी असंतुष्ट पर छापा मार सकता है और उस पर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का आरोप लगा सकता है। प्रधानमंत्री के नाम पर सेना की उपलब्धियां हड़पी जा रही हैं।

कई सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी सत्तारूढ़ दल के अनुकूल सेना की गतिविधियों को शामिल करने की केंद्र की कोशिश से चिंतित हैं। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों में सेवानिवृत्ति से पहले सत्तारूढ़ दल के साथ मेलजोल बढ़ाने की प्रवृत्ति होती है। हाल ही में एक सेवानिवृत्त वायु सेना प्रमुख भाजपा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मोदी शासन के पिछले दस साल पेशेवर तौर पर उनके लिए सबसे अच्छे रहे। इस तरह से सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों को सत्तारूढ़ दल के साथ शामिल करना एक खतरनाक प्रवृत्ति है।

पांचवां संकेत यह है कि इस देश में अब सरकार और धर्म एक-दूसरे से जुड़ गये हैं, जिसका महुआ ने अपने 2019 के भाषण में शुरुआती रुझान का ही जिक्र किया था। लेकिन अब कोई पर्दा नहीं है। धर्म को सत्ताधारी सरकार से जोड़ने की बात पूरी हो गई है। इस साल 22 जनवरी को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो सभी धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले देश के 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने राम मंदिर का उद्घाटन किया जो 100प्रतिशत धार्मिक मामला था। तब से यह सिलसिला जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता खुले तौर पर कह रहे हैं कि एक बार जब वे अच्छे बहुमत से लोकसभा चुनाव जीत जायेंगे, तो भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए संविधान में संशोधन किया जायेगा जो संघ परिवार का अंतिम लक्ष्य है।

छठा संकेत बुद्धिजीवियों और कलाओं के प्रति पूर्ण तिरस्कार है। सभी असहमतियों का दमन किया जा रहा है, उदार शिक्षा के लिए फंडिंग में कटौती की जा रही है, संविधान के अनुच्छेद 51 में निहित वैज्ञानिक मानसिकता को हतोत्साहित किया जा रहा है। स्कूल और कॉलेज की किताबों को आरएसएस प्रेरित इतिहास की तर्ज पर संशोधित किया जा रहा है। वैज्ञानिक संस्थानों में सत्य और साक्ष्य पर आधारित विज्ञान के मुकाबले आस्था आधारित इतिहास को बढ़ावा दिया जा रहा है। छात्रों में वैज्ञानिक मानसिकता को प्रोत्साहित करने के क्षेत्र में देश पीछे जा रहा है।

सातवां और आखिरी संकेत चुनाव प्रणाली का क्षरण है - भारत के मामले में चुनाव आयोग की भूमिका का। लेकिन यह लेखक भारत में एक अतिरिक्त संकेत का उल्लेख करेगा- और वह है निचली अदालतों में भारतीय न्यायपालिका की बदतर स्थिति का। निचले स्तर पर अदालतों में न्यायाधीश संवैधानिक मानदंडों के अनुसार काम नहीं कर रहे हैं। वे कई मामलों में सत्ता पक्ष से प्रभावित हो जाते हैं। सर्वोच्च न्यायालय फिलहाल भारतीय संविधान के संरक्षक के रूप में काम कर रहा है, लेकिन इसका असर निचली अदालतों के कई जजों के कामकाज पर नहीं दिख रहा है। यह देश में न्याय की निष्पक्ष प्रक्रिया के खिलाफ़ है।

इंडिया गुट और वे सभी जो भारतीय संविधान और देश में जीवंत लोकतंत्र के कामकाज की परवाह करते हैं, उन्हें लोकसभा चुनावों में भाजपा और उसके सहयोगियों को हराने के लिए इस समय व्यापक एकता का निर्माण करना चाहिए। इसमें देर करने की कोई गुंजाइश नहीं है। संयुक्त विपक्ष की ओर से कोई भी गलत कदम या गलत निर्णय भारत में जीवंत लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली के भाग्य पर मुहर लगा देगा। 4 जून के नतीजों से यह सुनिश्चित होना चाहिए कि लोकतंत्र कायम रहे और अधिनायकवाद को बड़ा झटका लगे।

## पावन प्रसंग

# ज्ञान से ही वात्सल्य, स्नेह, संघर्ष और संकल्प परिमार्जित होते हैं

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कु राता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हँसिये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है।

जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि 'पाप से घृणा करो पापी से नहीं' फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय को जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

# फिर से पढ़ना चाहते हैं हम

मेरी शादी कम उम्र में आटा साटा प्रथा द्वारा कर दी गई थी। मेरे बदले में मेरे चाचा के लिए लड़की ली गई। मेरी पहली शादी जब मैं 7वी कक्षा में पढ़ती थी तब कर दी गई थी, लेकिन कुछ कारणों से वह टूट गई। फिर दूसरी शादी जब मैं आठवीं कक्षा में पढ़ रही थी तब की गई थी। मैं ससुराल में 3 साल तक रही और फिर जब मैं गर्भवती हुई तो ससुराल वालों ने प्रसव के लिए मुझे मेरे घर छोड़ दिया था। लेकिन डिलीवरी होने पर जब मुझे लड़की हुई तो इससे नाराज़ ससुराल वाले न तो मुझे लेने आए और न ही कभी मुझसे बात की। अब मैं संस्था द्वारा ओपन स्कूल से 10वी की पढ़ाई कर रही हूं। अब मेरे अंदर पढ़ाई को लेकर और ज्यादा लगन जगी है। मुझे अपनी जिंदगी में कुछ करना है। पढ़-लिख कर नौकरी करनी है ताकि अपने पैरों पर खड़े होकर अपनी बेटी का भविष्या बना सकूं। यह कहना गांव की 27 वर्षीय सुनीता का, जो राजस्थान के बीकानेर स्थित लूणकरण सर ब्लॉक के कालू गांव की रहने वाली है।

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता हीरा का कहना है कि इस प्रोजेक्ट को चलाने का उद्देश्य दूरदराज गांवों की उन महिलाओं और किशोरियों को शिक्षित करना है, जिनका किसी कारणवश बीच में ही पढ़ाई छूट गई है। इनमें ऐसी बहुत सी किशोरियां हैं जिनकी 8वीं के बाद शिक्षा सिर्फ इसलिए छूट गई क्योंकि आगे की पढ़ाई के लिए गांव में हाई स्कूल नहीं था और उनके परिवार वाले उन्हें दूसरे गांव पढ़ने के लिए भेजने को तैयार नहीं थे। इसके अलावा कुछ अन्य कारण भी थे जैसे घर की आर्थिक स्थिति का खराब होना, उनकी जल्दी शादी हो जाना और कई लड़कियों के घर का काम ज्यादा होने की वजह से भी उनकी पढ़ाई बीच में ही छूट गई थी। ऐसी ही लड़कियों और महिलाओं को यह संस्था पढ़ाने का कार्य कर रही है। इससे उनकी शिक्षा का स्तर भी बढ़ा है। जो किशोरियां शिक्षा से वंचित रह गई थी और ड्रॉप आउट थी उनकी पढ़ाई फिर से जारी हो गई है। पढ़ाई को लेकर महिलाओं और किशोरियों में उत्साह बढ़ा है। वह अपने अधिकारों को लेकर भी जागरूक हो रही हैं और उनके परिवार वालो का भी उनके प्रति बदलाव देखने को मिल रहा है। अब उनके परिवार वालों को भी लगता है कि हमारी लड़कियां बहुत कुछ कर सकती हैं। पढ़-लिख कर सशक्त बन सकती हैं।

वास्तव में, महिलाओं और किशोरियों ने शिक्षा के जरिए अपने परिवार और समाज में बहुत बड़ा बदलाव किया है और करती रहेंगी। स्त्री शिक्षा का समाज और परिवार की सोच में परिवर्तन लाने में बहुत बड़ा योगदान होता है। जब एक स्त्री शिक्षित होती है तो सिर्फ एक स्त्री नहीं बल्कि पूरा परिवार शिक्षित होता है। इसके माध्यम से ही महिलाओं और किशोरियों को अपने अधिकारों की जानकारी प्राप्त होती है और जिससे समाज और परिवार के अंदर बेहतर योजनाओं को बनाया जा सकता है।

**पूजा मेघवाल, लूणकरणसर बीकानेर राजस्थान**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## लेबनान में इजरायली हमले में चार लोगों की मौत, छह घायल

**यरुशलम।** दक्षिणी लेबनान के नकौरा में एक कैफे पर इजरायली हमले में कम से कम चार लोग मारे गए हैं और छह अन्य घायल हो गए हैं। अल मयादीन न्यूज चैनल ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि हमले के पीड़ितों को टायर शहर के लेबनानी-इतालवी अस्पताल ले जाया गया है, जहां कई नागरिकों ने जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान किया है।

# देश विदेश

# विदेश मंत्री जयशंकर की तीन देशों की दक्षिण पूर्व एशिया यात्रा संपन्न

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तीन एशियाई देशों की यात्रा पूरी कर ली है। गत 23 मार्च को उनकी यह यात्रा शुरू हुई थी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य एशियाई देशों के बीच द्विपक्षीय रिश्तों को प्रगाढ़ करना और क्षेत्रीय मुद्दों के समाधान के लिए वार्ता की मेज तैयार करना था। 27-28 मार्च को अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान विदेश मंत्री ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर बिन इब्राहिम के साथ शिष्टाचार भेंट की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से उन्हें बधाई भी दी।

उन्होंने प्रधानमंत्री इब्राहिम की भारत और मलेशिया के बीच रिश्तों को प्रगाढ़ करने और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में भूमिका की सराहना की। अपने दौरे के दौरान जयशंकर ने विदेश मंत्री उतामा हाजी मोहम्मद बिन हाजी हसन से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने कई द्विपक्षीय मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की जिसमें राजनीति, व्यापार, अर्थव्यवस्था, रक्षा, संस्कृति और शिक्षा शामिल है। इसके साथ ही दोनों ने स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूद कई विषयों पर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। इसके बाद विदेश मंत्री ने मंत्री गोबिंद सिंह देव से भी मुलाकात की। एस जयशंकर ने कहा कि अब



■ जयंशकर ने विदेश मंत्री उतामा हाजी मोहम्मद बिन हाजी हसन से भी मुलाकात की

मेरा मलेशिया का दौरा समाप्त हो चुका है। इस दौरान मैंने डिजिटल मंत्री गोबिंद सिंह देव से मुलाकात की। इस दौरान हम दोनों के बीच व्यावसायिक अवसरों की खोज सहित डिजिटल सहयोग पर चर्चा की गई। यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री ने उद्योगपतियों के साथ एक गोलमेज बैठक की और देश में भारतीय प्रवासी के सदस्यों के साथ बातचीत की। उन्होंने भारत-मलेशिया संबंधों में उनके योगदान की प्रशंसा की।

वहीं, प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने भारत के साथ कई मुद्दों को दीर्घकालीक समय तक कायम रखने के लिए चीन को भी आड़े हाथों लिया। इसके साथ ही उन्होंने भारत-चीन सीमा पर जवानों की तैनाती को भी सामान्य बताया।

फिलीपींस में उन्होंने विदेश मामलों के सचिव एनरिक मनालो के साथ मनीला में एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया, जिसमें दक्षिण चीन सागर में फिलिपिनो नौसैनिकों के खिलाफ चीन की आक्रामक कार्रवाई के बाद भारत का दृढ़ समर्थन जताया। इसके साथ ही उन्होंने सभी देशों से आह्वान किया कि वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के समुद्र का कानून (यूएनसीएलओएस) का अनुपालन करें। विदेश मंत्री जयशंकर और मनालो ने समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने में साझा हितों पर चर्चा की। यह देखते हुए कि दोनों देश वैश्विक शिपिंग उद्योग में बहुत योगदान देते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने फिलीपींस के राष्ट्रपति बोंगबोंग मार्कोस से भी मुलाकात की, जिन्होंने इस महीने अदन की खाड़ी में हौथी विद्रोहियों द्वारा हमला किए जाने के बाद फिलिपिनो नाविकों को बचाने में भारत की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई के लिए भारतीय नौसेना और सरकार की सराहना की।

## हम यूक्रेन-भारत संबंधों को फिर से मजबूत करेंगे : दिमित्रो कुलेबा

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (एजेंसियां)। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करने के लिए गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे। वह अपनी इस यात्रा के दौरान वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के बीच हुई बातचीत को आगे बढ़ाएंगे। रूस के साथ युद्ध के बाद किसी यूक्रेनी नेता की यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा है। कुलेबा विदेश मंत्री एस. जयशंकर के निमंत्रण पर अपनी दो दिवसीय यात्रा के लिए भारत आए हैं।



कुलेबा ने गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैंने डॉ. एस जयशंकर के निमंत्रण पर नई दिल्ली की अपनी यात्रा शुरू की। यूक्रेन-भारत सहयोग महत्वपूर्ण है और हम संबंधों को फिर से मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि हम यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बातचीत को आगे बढ़ाते हुए शांति फॉर्मूला पर विशेष ध्यान देंगे। विदेश मंत्रालय ने पहले कहा था कि वह आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर द्विपक्षीय साझेदारी और सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा करने के लिए विदेश मंत्री जयशंकर और उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार विक्रम मिस्री से मुलाकात करेंगे। कुलेबा की यात्रा ऐसे समय हुई है जब प्रधानमंत्री मोदी ने इसी महीने यूक्रेन और रूस के राष्ट्रपतियों से टेलीफोन पर बात की थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ अपनी बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत कीव और मॉस्को के बीच सभी मुद्दों के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार सब कुछ करना जारी रखेगा।


## सुडोकू 6508

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | | 4 | | | | 3 |
| | | | | 6 | | 9 | | |
| | | | 7 | | 8 | | 1 | |
| 9 | | | | | 1 | | 3 | 7 |
| | | 8 | | | | 6 | | |
| 2 | 7 | | 5 | | | | | 1 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | |
| 8 | | | | 1 | | 3 | 5 | 2 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**


## वर्ग पहेली 6508



**बायें से दायें:-**
१. तमिलनाडु में बहुचर्चित सांड को नियंत्रित करने का प्रदर्शन जिसे बाद में बंद कर दिया गया
३. पत्नी
५. विरोधी, दूसरे पक्ष का
६. कुल, वंश
७. कंगाल, खाली हाथ
९. स्वर्ग (उर्दू)
११. अपने श्रम का प्रतिफल लेने वाला, तनख्वाह लेने वाला
१२. प्रगति करना
१३. लिए, हेतु, कारम
१४. श्रीराम, सियाराम
१६. मैला, गंदा
१८. शरणागत
२०. बाइज्जत
२१. मुसलमानों का एक पवित्र महिना
२३. सुल्तान, सम्राट

**ऊपर से नीचे:-**
१. भीड़, मजमा
२. जिसकी कल्पना न की जा सके
३. लिखित, लिपिबद्ध
४. जेब, पॉकिट, गांठ
५. अलग-अलग खंडों में बांटने वाला विभक्त करने वाला
८. अनिमेष दृष्टि
१०. कानूनी तौर पर या नियमत:
११. प्रारब्ध, भाग्य
१२. बढ़िया, उम्दा, श्रेष्ठ
१३. दक्ष, कुशल
१४. भोलापन
१५. चरणरज
१७. अतएव (उर्दू)
१८. शौर्य, तेज
१९. भांति, भेद
२२. गगन

### वर्ग पहेली-6507



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 29 मार्च, 2024 चैत कृष्ण पक्ष 5**

### राशिफल

मेष - आज के दिन का आरंभ बहुत अच्छा होगा। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा बना रहेगा। दोपहर के बाद नए काम करने की सलाह आपको नहीं दी जाती है। वाणी और व्यवहार पर संयम बरतें।

वृषभ - व्यापार में यश और सफलता मिलेगी। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा। विरोधियों को पीछे छोड़ पाएंगे। दोपहर बाद मनोरंजन में आपका ध्यान रहेगा।

मिथुन - आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रह सकते हैं।

कर्क - हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। जमीन और वाहनों से जुड़ी समस्या आपको हो सकती है।

सिंह - आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है। किसी लाभदायक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं।

कन्या - आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा। परिजनों के साथ बातचीत में संयम बरतें।

तुला - आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। विचारों में दृढ़ता बनी रहेगी। नए वस्त्र, आभूषण या मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

वृश्चिक - आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें। दोपहर के बाद शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य में दिक्कत रहेगी।

धनु - व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा। व्यापारीवर्ग को भी लाभ होगा।

मकर - आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है। नौकरी में साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

कुंभ - आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

मीन - आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## लेह को बरास्ता निम्मू-पदम-दारचा मनाली से जोड़ने पर खुशी भी और चिंता भी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 28 मार्च (देशबन्धु)। सोमवार को लद्दाख में रणनीतिक निम्मू-पदम-दारचा सड़क को जोड़ने पर सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को जो सराहना और सराहना मिली, उसके बीच, लद्दाख में स्थानीय लोग क्षेत्र के परिदृश्य और सांस्कृतिक विरासत में संभावित बदलाव को लेकर चिंतित हैं। जहां मुख्य रूप से आदिवासी आबादी निवास करती है। जानकारी के लिए 298 किलोमीटर की यह सड़क करगिल-लेह राजमार्ग पर दारचा और निम्मू के माध्यम से मनाली को लेह से जोड़ेगी। हालांकि, लद्दाख के सांस्कृतिक कार्यकर्ता और स्वतंत्र शोधकर्ता डा सोनम वांगचुक ने एक्स प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में विकास पर अपनी चिंता व्यक्त की। सोनम वांगचुक कहते थे कि एक तरफ, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि बीआरओ इंडिया ने हाल ही में लद्दाख में रणनीतिक निम्मू-पदम-दारचा सड़क को जोड़ा है। हालांकि, मुझे वास्तव में चिंता है कि यह समृद्ध संस्कृति और विरासत की भूमि जंस्कार के परिदृश्य को बदल सकता है। करगिल की सामाजिक कार्यकर्ता और वकील मुस्तफा हाजी, जो लेह एपेक्स बाडी के कानूनी सलाहकार के रूप में भी कार्यरत हैं, सोनम वांगचुक की पोस्ट के जवाब में उन्होंने ने इस चिंता का समर्थन किया है। मस्तफा हाजी के शब्दों में मैं तहे दिल से सहमत हूँ! मुझे हमेशा यह जानने की



जिज्ञासा रही है कि करगिल-जंस्कार सड़क इतनी चौड़ी क्यों बनाई गई है? इसे दो लेन की सड़क के बजाय चार लेन में बदल दिया गया है, जो पूरी तरह से अनावश्यक है, जब तक कि यह किसी बड़ी योजना का हिस्सा न हो। और निश्चित रूप से इस परियोजना के लिए सुरू घाटी में कितने पेड़ों को काटना होगा, इसका उल्लेख नहीं करना चाहिए। स्टैनजिन गावा नाम के एक अन्य व्यक्ति ने सोनम वांगचुक की पोस्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब हम सभी सुविधाओं का आनंद लेते हैं, तो कम से कम विकसित क्षेत्र के विकास पर आपत्ति व्यक्त करना पाखंडी होगा। यह सड़क न केवल नागरिकों की आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह चीन पर भारतीय सेना की आपूर्ति लाइन को रणनीतिक लाभ देगी और जल्द ही जोजिला पर निर्भरता कम हो जाएगी।

## सीमा विवाद के समाधान के लिए भारत व चीन के प्रतिनिधियों ने की चर्चा

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (एजेंसियां)। सीमा विवाद के समाधान के लिए भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए गठित कार्य तंत्र की 29वीं बैठक बीजिंग में हुई। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) ने किया, और चीन का प्रतिनिधित्व चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा और महासागरीय विभाग के महानिदेशक ने किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, बुधवार की हुई बैठक में दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के समाधान समेत शेष मुद्दों को हल करने के बारे में विचार-विमर्श किया। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से नियमित संपर्क बनाए रखने और मौजूदा द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने की आवश्यकता पर सहमत हुए। यह बैठक उस समय हो रही है, जब दोनों पक्ष अरुणाचल प्रदेश को लेकर वाकयुद्ध में उलझे हुए हैं।

## पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने आतंकवादी हमले में मारे गए चीनी नागरिकों के प्रति संवेदना प्रकट की

**बीजिंग,** 28 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली ज़रदारी 27 मार्च को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में चीनी कंपनी द्वारा निर्माण किए गए दासू हाइड्रोपावर स्टेशन परियोजना की गाड़ी पर हुए हमले में मारे गए चीनी नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए पाकिस्तान स्थित चीनी दूतावास गए। ज़रदारी ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान की जनता की ओर से आतंकवादी हमले में मारे गए 5 चीनी नागरिकों और मृतकों के परिजनों के प्रति के प्रति गहरा शोक जताया। हमला इतना चौंकाने वाला था कि उन्हें ऐसा महसूस हुआ, जैसे उन्होंने अपने बच्चे को खो दिया हो। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपराधियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाने के लिए दृढ़ कदम उठाने का वादा करता है और आतंकवादियों को पाकिस्तान और चीन के बीच दोस्ती को नष्ट करने और दोनों देशों के बीच शांति, समृद्धि और सुरक्षा के सामान्य लक्ष्यों को प्रभावित करने की अनुमति कभी



■ पाकिस्तान अपराधियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाने के लिए दृढ़ कदम उठाने का वादा करता है

नहीं देगा। पाकिस्तान स्थित चीनी राजदूत च्यांग जाईतुंग ने कहा कि दासू परियोजना और अन्य चीन-पाकिस्तान सहयोग परियोजनाओं के निर्माताओं ने पाकिस्तान के आर्थिक विकास और जन-जीवन में सुधार के लिए उत्कृष्ट योगदान दिया है। उनके ख़िलाफ़ आतंकवादियों के आपराधिक हमले बिल्कुल अस्वीकार्य हैं। चीन चाहता है कि पाकिस्तान जांच में तेजी लाए आतंकवादियों को वह

## नोबेल विजेता अर्थशास्त्री डेनियल काह्नमैन का 90 वर्ष की आयु में निधन

**जेरूसलम,** 28 मार्च (एजेंसियां)। इजराइली-अमेरिकी संज्ञानात्मक मनोवैज्ञानिक और अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार विजेता डैनियल काह्नमैन का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इज़राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि हमने बेहद प्रतिभाशाली लोगों में से एक को खो दिया है। उन्होंने कहा कि काह्नमैन के शोध ने मानवता के समझने के तरीके को बदल दिया है, हमें उन पर बहुत गर्व है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने इजराइली राष्ट्रपति के हवाले से कहा कि काह्नमैन की मौत के बाद भी मानवता की भलाई के लिए किए गए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

## आज का इतिहास

1798- स्विटजरलैंड गणराज्य बना।
1807- जर्मनी के खगोलविद् विल्हेम ओल्बर्स ने क्षुद्रग्रह वेस्ता खोजा। इसे आसमान का सबसे चमकदार छोटा तारा कहा गया।
1849 - महाराजा दिलीप सिंह ने अपने दिवंगत पिता रणजीत सिंह का सिंहासन छोड़ दिया और पंजाब पर ईस्ट इंडिया कंपनी का कब्जा हो गया।
1857 कलकत्ता के निकट बैरकपुर में मंगल पांडे ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका।
1859 - बहादुर शाह जफर द्वितीय को 1857 की क्रांति में भागीदारी का दोषी पाया गया और अंग्रेज सरकार ने उन्हें देश निकाला देकर रंगून भेज दिया।
1901: ऑस्ट्रेलिया में पहली बार फेडरल इलेक्शन हुए।
1943: स्वतंत्रता सेनानी लक्ष्मण नायक को बरहामपुर जेल में फांसी पर लटकाया गया।
1954: भारतीय लोक प्रशासन संस्थान का उद्घाटन किया गया।
1954 - राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय -नेशनल गैलरी आफ मॉडर्न आर्ट- का दिल्ली में शुभारंभ
1967: फ्रांस ने पहली बार अपनी परमाणु पनडुब्बी की शुरुआत की।
1981: पहली लंदन मैराथन नार्वेजियन इजेज सिमंसेंन ने जीती।
1999 - उत्तर प्रदेश के कुमायूं और चमोली -अब उत्तराखंड- में आधी रात के ठीक बाद आए 6.8 वेग के भूकंप में 100 से ज्यादा लोगों की मौत।
1999: अमेरिकी शेयर इंडेक्स डाउ जोंस पहली बार 10000 अंक के पार गया।

*पिछले वर्ष 3,770 और वर्ष 2022 की इसी अवधि में 4,162 शरणार्थी ब्रिटेन पहुंचे थे*

## इस वर्ष तीन महीनों में रिकॉर्ड 4,600 शरणार्थी ब्रिटेन पहुंचे

**लंदन,** 28 मार्च (एजेंसियां)। दुनिया भर से इस वर्ष अब तक 4,600 से अधिक शरणार्थी छोटी-छोटी नावों पर सवार होकर ब्रिटेन पहुंचे हैं, जो वर्ष के शुरुआती तीन महीनों के लिए एक रिकॉर्ड है। गृह मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी प्रोविजनल आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष 26 मार्च तक 4,644 लोगों को छोटी नावों जैसे कि हवा भरने योग्य नावों पर चैनल के पार आते हुए पाया गया। पिछले वर्ष की समान अवधि में 3,770 और वर्ष 2022 की इसी अवधि में 4,162 शरणार्थी ब्रिटेन पहुंचे थे।

इस वर्ष ब्रिटेन पहुंचने वाले शरणार्थियों की संख्या सबसे अधिक है, जिससे प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के सामने एक नयी राजनीतिक चुनौती उत्पन्न हो गयी है। श्री सुनक को उम्मीद है कि ब्रिटेन में बिना अनुमति के आने वाले लोगों को रवांडा भेजने की उनकी प्रमुख



योजना लोगों को खतरनाक तरीके से चैनल पार करने से रोकेगी। कई बार कानूनी तौर पर असफल होने के बाद उस योजना को शुरू करने और चलाने के लक्ष्य से संबंधित कानून अगले महीने संसद में फिर से पेश किया जाने वाला है। मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने पिछले सप्ताह कहा, च्चैनल को पार करने वाले लोगों की अस्वीकार्य संख्या वास्तव में दर्शाती है कि हमें रवांडा के लिए उड़ानें जल्द से जल्द क्यों शुरू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम फ्रांसीसी पुलिस के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे जो इन खतरनाक, अवैध और अनावश्यक यात्राओं को रोकने के लिए अथक प्रयास करने के कारण अपने समुद्र तटों पर बढ़ती हिंसा और व्यवधान का सामना कर रहे हैं।


## होली विशेष रेलगाड़ियों का विस्तार

होली के उपरान्त यात्रियों की अधिक संख्या को देखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ियों की सेवा अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | से | तक | फ्रीक्वेंसी | प्रस्थान के दिन | पूर्व अधिसूचित | विस्तारित तिथि से | विस्तारित तिथि तक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02365 | राजगीर | आनन्द विहार (ट) | साप्ताहिक | मंगलवार | 30.03.24 | 02.04.24 को | |
| 02366 | आनन्द विहार (ट) | राजगीर | | बुधवार | 31.03.24 | 03.04.24 को | |
| 03255 | पटना जं. | आनन्द विहार (ट) | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 31.03.24 | 04.04.24 | 07.04.24 |
| 03256 | आनन्द विहार (ट) | पटना जं. | | सोमवार, शुक्रवार | 01.04.24 | 05.04.24 | 08.04.24 |
| 02391 | पटना जं. | आनन्द विहार (ट) | साप्ताहिक | शनिवार | 30.03.24 | 06.04.24 को | |
| 02392 | आनन्द विहार (ट) | पटना जं. | | रविवार | 31.03.24 | 07.04.24 को | |
| 03635 | गया | आनन्द विहार (ट) | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 29.03.24 | 01.04.24 | 10.04.24 |
| 03636 | आनन्द विहार (ट) | गया | | मंगल, गुरू, शनि | 30.03.24 | 02.04.24 | 11.04.24 |
| 03227 | आरा | आनन्द विहार (ट) | साप्ताहिक | बुधवार | 29.03.24 | 03.04.24 | 10.04.24 |
| 03228 | आनन्द विहार (ट) | आरा | | गुरूवार | 30.03.24 | 04.04.24 | 11.04.24 |
| 02351 | पटना जं. | आनन्द विहार (ट) | सप्ताह में तीन दिन | बुध, शुक्र, रवि | 31.03.24 | 03.04.24 | 10.04.24 |
| 02352 | आनन्द विहार (ट) | पटना जं. | | गुरू, शनि, सोम | 01.04.24 | 04.04.24 | 11.04.24 |
| 03257 | दानापुर | आनन्द विहार (ट) | साप्ताहिक | रविवार | 31.03.24 | 07.04.24 को | |
| 03258 | आनन्द विहार (ट) | दानापुर | | सोमवार | 01.04.24 | 08.04.24 को | |
| 05565 | सहरसा जं. | सरहिंद | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.03.24 | 04.04.24 को | |
| 05566 | सरहिंद | सहरसा जं. | | शनिवार | 30.03.24 | 06.04.24 को | |
| 05531 | रक्सौल जं. | आनन्द विहार (ट) | साप्ताहिक | रविवार | 31.03.24 | 07.04.24 को | |
| 05532 | आनन्द विहार (ट) | रक्सौल जं. | | सोमवार | 01.04.24 | 08.04.24 को | |

नोट : 1. 02365/02366 राजगीर-आनन्द विहार (ट)-राजगीर सप्ताह में दो दिन के बजाए सप्ताह में एक दिन चलेगी।
2. 03227/03228 आरा - आनन्द विहार (ट) - आरा सप्ताह में तीन दिन के बजाए सप्ताह में एक दिन चलेगी।
• अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद वेबसाइट : www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

945/24 रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 | पर हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रादेशिकी

**हिमस्खलन की चपेट में आया जेसीबी ऑपरेटर, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कुल्लू जिले में मनाली के जगत सुख के समीप गुरुवार को हिमस्खलन होने से एक जेसीबी ऑपरेटर उसकी चपेट में आ गया। खबर लिखे जाने तक जेसीबी ऑपरेटर का कोई सुराग नहीं मिला है। ऑपरेटर की पहचान राजेश कुमार, पुत्र देशराज, गांव मोरछ जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मुकेश की अगुवाई में बचाव टीम मौके पर पहुंच गई है। बचाव अभियान जारी है। जेसीबी ऑपरेटर को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए जुटे हुए हैं। पुलिस ने बताया कि जल्द ही ऑपरेटर को बाहर निकालने के प्रयास जारी है।

## आश्रम व स्कूल बनाने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी

### गैंग पहले हरिद्वार के व्यापारी से भी कर चुका है ठगी



- एसएसपी ने संज्ञान लेकर 16 के विरूद्ध दर्ज कराया मुकदमा
- गिरफ्तारी के लिए गठित की अलग-अलग टीमें

**देहरादून,** 28 मार्च (देशबन्धु)। ठग गैंग ने मिलकर जमीन खरीदने के नाम पर उत्तराखण्ड के लोगों को ठगी का निशाना बनाया हुआ है। जिसके चलते गैंग न मोटे मुनाफे का लालच दिखाते हुए गोविन्द सिंह पुण्डीर को अपना शिकार बनाते हुए सात करोड 32 लाख की ठगी कर ली है। इसकी प्रकार इस गैग ने थाना बसंत बिहार क्षेत्र अंन्तर्गत जमीन खरीदवाने के लिए हरिद्वार के व्यापारी से भी करोड़ो की ठगी की थी।

गोविन्द सिंह पुण्डीर ने थाना राजपुर पर लिखित तहरीर दी कि वह जमीन खरीद-फरोख्त का कार्य करते हैं, अगस्त 2023 में अमजद अली पुत्र युनुस अली निवासी छुटमलपुर देहरादून हाल निवासी जोहडी गांव सिनोला राजपुर ने उनसे बडे भाई से सम्पर्क कर बताया कि बुढादल समिति नादेड महाराष्ट्र के बाबा अमरीक सिंह स्कूल व आश्रम बनाने के लिये जमीन देख रहे हैं तथा उनसे जमीन क्रय करने से पूर्व उक्त जमीन की मिट्टी बाबा को उपलब्ध कराने तथा उसके उपरान्त ही जमीन खरीदने की बात बताई गयी। जिस पर वादी के बडे भाई ने उन्हें जमीन की मिट्टी उपलब्ध कराई गयी। कुछ समय पश्चात सितम्बर 2023 में अमजद अली, राम अग्रवाल, सचित गर्ग उर्फ छोटा काणा, मुकेश गर्ग उर्फ बडा काणा, सुमित बसंल, अर्जुन शेखावत, रणवीर, अदनान द्वारा उनके बडे भाई के पास आकर उन्हें बताया कि जमीन की मिट्टी पास नहीं हो पाई है तथा करनाल हरियाणा में कुछ किसान अपनी जमीन बेच रहे हैं, जिसकी मिट्टी बाबा ने पास कर दी गई है, संस्था से जुडा होने के कारण हम सीधे इस जमीन को नहीं खरीद सकते हैं, हमारी किसानों से बात हो चुकी है, आप उक्त जमीन को किसानों से अपने नाम पर 40 लाख रूपये प्रति किला के हिसाब से खरीद लो, जिसे हम बाद में 2 करोड 15 लाख रूपये प्रति किला के हिसाब से बाबा को बेचकर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। जिस पर वादी द्वारा उक्त जमीन को क्रय करने की एवज में किसानों से सम्पर्क कर चौक व नगदी के माध्यम से कुल 21 लाख रूपये का भुगतान किया गया। उसके पश्चात बाबा अमरीक सिंह व अन्य ने देहरादून आकर 51 करोड 60 लाख रूपये का चेक वादी को दिखाकर बताया कि संस्था ने जमीन के लिये धनराशि स्वीकृत कर दी है तथा उक्त सौदे की धनराशि वादी को तभी प्राप्त होगी जब वादी ने धनराशि का 3 प्रतिशत संस्था में जमा किया जायेगा। जिस पर वादी द्वारा अपने रिश्तेदारों से पैसे उधार लेकर डेढ करोड रूपये उन लोगों को दिये गये।

इसके बाद आरोपियों नवम्बर 2023 में वादी को रजिस्ट्री के लिये करनाल बुलाया गया, यहां उन्होंने वादी को पैसों से भरा बैग तथा बैंक ड्राफ्ट दिखाते हुए बताया कि जमीन के मालिक की तबियत खराब होने के कारण अभी रजिस्ट्री सम्भव नहीं है, रजिस्ट्री के लिये वादी को बाद में दोबारा करनाल आना होगा। इस दौरान आरोपियों बाबा अमरीक सिंह से वादी की मुलाकात कराई गई। रजिस्ट्री के लिये आरोपियों वादी को पुनः दिसम्बर 2023 में करनाल बुलाया गया। इस दौरान उन्होंने वादी से सम्पर्क कर बताया गया कि जमीन की खरीददारी के लिए जो पैसे बाबा ला रहे थे, वो इन्कम टैक्स ने पकड लिये गये हैं तथा पैसों को छुडाने के एवज में उन्होंने 6 करोड रूपये की मांग की जा रही है, जिसमें से आधे पैसों का इन्तेजाम वादी से करने को कहा गया तथा इन्कम टैक्स से पैसा न छूटने की परिस्थिती में सौदा रद्द होने तथा वादी ने पूर्व में दिया गया पैसा भी डूबने का डर दिखाया गया।

जिस पर वादी द्वारा अपने मित्रों व रिश्तेदारों से पैसा उधार लेकर लगभग 3 करोड रूपये उन्हें दिये गये, तत्पश्चात आरोपियों उन्हें कुछ समय बाद रजिस्ट्री कराने का झांसा देकर टालमटोल किया जाने लगा। वादी ने करनाल जाकर जब भूमि के सम्बन्ध में जानकारी की गई तो उसे ज्ञात हुआ कि यह भूमि पूर्व से ही बैंक में बन्धक है तथा आरोपियों ने भूमि के कूटरचित दस्तावेज दिखाकर अलग-अलग तिथियों में वादी से लगभग 7 करोड 32 लाख रूपये की धोखाधडी की गयी ।

## युवाओं के सशक्तिकरण में समर्पित मोदी सरकार : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं के सशक्तिकरण के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण की बात कही है। अनुराग ठाकुर ने अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में स्वयं द्वारा चलाए जा रहे युवा केंद्रित कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार युवाओं के शक्तिकरण से राष्ट्रनिर्माण के लिए समर्पित रही है। युवा का मतलब है देश की ताकत, आत्मनिर्भरता और कॉन्फिडेंस। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में भी बिना किसी सरकारी सहायता के युवाओं के लिए कई कार्यक्रम चालू किए हैं जिनका सुखद परिणाम आज जमीनी स्तर पर देखने को मिल रहा है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महाकुंभ, सांसद भारत दर्शन, एक से श्रेष्ठ कार्यक्रम ने युवाओं के हौसलों को नई उड़ान दी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी ने हिमाचल प्रदेश को सदैव अपना दूसरा घर माना है। हिमाचल जैसे छोटे से पहाड़ी राज्य को उन्होंने खूब विकसित किया है।



## 4 जून को देश और हिमाचल प्रदेश में बनेगी भाजपा की सरकार : जयराम ठाकुर

**विधायकों नहीं, मित्रों द्वारा चलाई जा रही हिमाचल की सरकार**

**शिमला,** 28 मार्च (देशबन्धु)। नालागढ़ में भारतीय जनता पार्टी के नेता केएल ठाकुर के स्वागत समारोह में नालागढ़ पहुंचे नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि जब 04 जून को लोकसभा और हिमाचल के विधानसभा के उप चुनाव के परिणाम आयेंगे तो देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। सुक्खू सरकार के पास अब न बहुमत बचा है और न ही जनता का भरोसा। कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद प्रदेश के हितों से किनारा कर लिया। सरकार सिर्फ मित्रों की सरकार बनकर रह गई है। पिछले डेढ़ साल से हिमाचल में ऐसी सरकार चल रही है जिसे जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं हैं। न प्रदेश की मातृशक्ति से है और न ही युवा शक्ति से। सत्ता में आते ही मुख्यमंत्री ने एक के बाद एक जनविरोधी निर्णयों की झड़ी लगा दी। हज़ारों की संख्या में संस्थान बंद करने से हज़ारों युवाओं को नौकरी छीनने का पहला काम सुक्खू सरकार ने किया। भाजपा में शामिल होने के बाद केएल ठाकुर पहली बार अपने विधान सभा क्षेत्र में पहुंचे। इस मौक़े पर उनके साथ हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी उपस्थित थे। स्थानीय जनता और पदाधिकारियों ने सभी नेताओं का भव्य स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि केएल ठाकुर के सम्मान में आया यह जन सैलाब प्रदेश की नाकाम हो चुकी सरकार के विरोध में भी आया है। केएल ठाकुर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सिपाही हैं।नालागढ़ की जनता उन्हें भरपूर आशीर्वाद देगी। उन्होंने कहा कि सरकार चुने हुए जनप्रतिनिधियों का अपमान कर रही थी और मित्रों का सम्मान कर रही है। विधायक बाहर खड़े रहते हैं और मित्र सरकार चलाने की योजना बनाते हैं।

## सार संक्षेप

### गुलदार ने घर में घुसकर कुत्ते का शिकार करने का किया प्रयास

**नैनीताल।** जिले के बारापत्थर हांडी बांडी क्षेत्र मे सुबह के समय गुलदार ने घर में घुसकर पालतू कुत्ते को शिकार बनाने का प्रयास किया है, हालांकि खिड़की पर लगे कांच की वजह से गुलदार, कुत्ते का शिकार नहीं कर पाया। इस घटना को वहां खड़े एक व्यक्ति ने अपने मोबाइल में कैद कर दिया है। गुलदार का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये घटना दो दिन पहले ही की ही बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक हांडी बांडी क्षेत्र में रहने वाले कुलदीप कुमार ने अपना कुत्ता कमरे के बाहर बरामदे में बांधा हुआ था। तभी वहां दो दिन पहले गुलदार आ धमका। पड़ोस में रहने वाले युवक की नजर गुलदार पर पड़ी तो उसने गुलदार की मोबाइल से वीडियो बना ली। वीडियो में साफ दिख रहा है कि पहले तो गुलदार कुछ देर तक बैठा रहा था और फिर अचानक उनसे घात लगाकर बरामदे में बंधे कुत्ते पर हमला बोल दिया, लेकिन शीशा लगा होने के कारण कुत्ता, गुलदार के कब्जे में नहीं आया। गुलदार को देखते हुए घर में मौजूद लोगों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया। ऐसे में डर के मारे गुलदार जंगल की ओर भाग गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार गुलदार का आतंक बना हुआ है। अक्सर शाम ढलने के बाद गुलदार पालतू जानवरों पर हमला कर रहा है, जिससे लोगों को भी खतरा बना हुआ है. लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गशत बढ़ाने व पिंजड़ा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है। इससे पहले नैनीताल के चार्टनलाज, आयारपाटा, हाडी बाडी और फांसी गधेरा समेत अन्य क्षेत्रों में दर्जन भर कुत्तों को गुलदार अपना निवाला बना चुका है।

### पिथौरागढ़ में शराब माफिया ने आबकारी उप निरीक्षक को दी जान से मारने की धमकी

**पिथौरागढ़।** गंगोलीहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत एक शराब माफिया द्वारा आबकारी उप निरीक्षक को गोली मारने की धमकी मिली है। पूरे मामले में उप निरीक्षक द्वारा गंगोलीहाट थाने में मामला दर्ज कराया गया है। उप आबकारी निरीक्षक की तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपी शराब माफिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गंगोलीहाट क्षेत्र अंतर्गत आबकारी उप निरीक्षक मो। अससीस सिद्दीकी ने बताया कि शांति व्यवस्था को देखते हुए होली के मद्देनजर 25 और 26 मार्च को शराब ब्रिकी पर पूर्णतया रोक लगाई हुई थी। बकायदा इस संबंध में डीएम रीना जोशी ने आदेश भी जारी किया था। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा सूचना मिली कि दुकान बंदी के दौरान गंगोलीहाट स्थित विदेशी मदिरा दुकान के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है।

### सुडोकू 6508 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 |
| 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 2 | 7 | 3 | 5 | 9 | 6 | 4 | 8 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 |

## नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या



- मॉर्निंग वॉक के समय बाइक सवार बदमाशों ने बरसाई गोलियां
- हत्या के बाद क्षेत्र में मची अफरा तफरी
- बाबा को देखने अस्पताल में उमड़ी भीड़
- शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल किया गया तैनात

**उधमसिंह नगर,** 28 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड के उधमसिंह नगर का नानकमत्ता कस्बा गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। बाइक से आए अज्ञात हमलावरों ने यहां कार सेवा डेरा प्रमुख नानकमत्ता बाबा तरसेम सिंह (60) को गोलियों से छलनी कर दिया। गोलियों की आवाज सुनकर इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जहां गोली चली थी लोग वहां दौड़कर पहुंचे। तब तक कार सेवा डेरा प्रमुख नानकमत्ता बाबा तरसेम सिंह गोलियों से घायल होकर लहूलुहान पड़े थे।

लोग तत्काल गंभीर रूप से घायल तरसेम सिंह को इलाज के लिए खटीमा के अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उनकी जान बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन वो गोलियों से बुरी तरह घायल हो गए थे। अत्यधिक गंभीर चोटें लगने और ज्यादा खून बहने से उनकी मौत हो गई। अस्पताल में तरसेम सिंह को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों में इस घटना से दुख और रोष है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हमलावरों का पता नहीं चल पाया है। हमलावरों की पहचान करने के लिए एसटीएफ को लगाया गया है। इस घटना की जांच के लिए एसआईटी गठित की जा रही है। डेरा कार सेवा के सेवादारों से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह सरदार तरसेम सिंह डेरे से बाहर घूमने के लिए निकले थे। वहां पहले से घात लगाए दो बाइक सवार बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियां लगने से तरसेम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आनन फानन में उनके समर्थकों ने उन्हें खटीमा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उनकी मृत्यु हो गई है। इस हत्याकांड को नानकमत्ता गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जल्द होने वाले चुनाव से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने दिए हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी के दिए आदेश



**देहरादून।** अस्पताल में तरसेम सिंह को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों में इस घटना से दुख और रोष है। वहीं, इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हत्या पर संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड डीजीपी को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सीएम ने पुलिस अधिकारियों को जल्द से जल्द इन हत्यारों को गिरफ्तार करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

### कुर्सी पर बैठे थे तभी मारी गोली

ऊधमसिंह नगर। डेरा कार सेवा के सेवादारों से मिली जानकारी के अनुसार, आज सुबह (करीब 6.30 बजे) सरदार तरसेम सिंह डेरे से बाहर घूमने के लिए निकले थे। घूमने के बाद वो दरवाजे के बाहर कुर्सी पर बैठे थे। तभी अचानक आए दो बाइक सवार बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियां लगने से तरसेम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आनन फानन में उनके समर्थकों ने उन्हें खटीमा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उनकी मृत्यु हो गई है। इस हत्याकांड को नानकमत्ता गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जल्द होने वाले चुनाव से जोड़कर भी देखा जा रहा है। हमलावरों की पहचान करने के लिए एसटीएफ को लगाया गया है। इस घटना की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है।

### त्रिवेंद्र रावत ने जताया शोक

**ऊधमसिंह नगर।** उधमसिंह नगर स्थित नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारे के मुख्य सेवक तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद तमाम बड़े नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आई है। पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भी तरसेम सिंह की हत्या पर शोक व्यक्त किया। हरिद्वार के स्वामी नारायण आश्रम में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान त्रिवेंद सिंह रावत ने कहा कि किसी धर्म स्थल में हत्या होना बेहद दुखद है। तरसेम की सिंह की मौत उनके लिए काफी कष्टकारी है। उन्हें पूरा विश्वास है कि पुलिस बहुत जल्द इसका खुलासा करेगी। गौरतलब है कि त्रिवेंद्र सिंह ने स्वामी नारायण आश्रम के प्रमुख हरिवललभ दास शास्त्री से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद उन्होंने एक जनसभा में भी शिरकत की।

## लोकसभा व विधानसभा चुनावों के लिए कमर कसने का आह्वान किया

**शिमला,** 28 मार्च (देशबन्धु)। शिमला संसदीय क्षेत्र के चुनाव प्रभारी शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पार्टी जिलाध्यक्षों व अग्रणी संगठनों से प्रदेश में होने जा रहें लोकसभा व विधानसभा चुनावों के लिए कमर कसने का आह्वान करते हुए कहा है कि शिमला संसदीय सीट पर इस बार हर हाल में जीत हासिल करनी है। उन्होंने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र कांग्रेस का प्रमुख गढ़ रहा है। आज प्रदेश कांग्रेस कार्यलय राजीव भवन में शिमला संसदीय क्षेत्र के जिला अध्यक्षों व अग्रणी संगठनों के प्रमुखों की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए रोहित ठाकुर ने कहा कि इस क्षेत्र के भाजपा सांसद अपने कार्यकाल में अपने क्षेत्र की जनता से बहुत दूर रहें। लोग उनकी शक्ल तक भूल गए है। उन्होंने कहा कि अब चुनाव के समय वह जनता के बीच जा कर अपने को लोगों से वोट देने की दुहाई कर रहें है। उन्होंने कहा कि अपने पांच साल के इस कार्यकाल में उनका इस क्षेत्र में विकास के नाम पर कोई भी योगदान नही रहा। रोहित ठाकुर ने कहा कि जिला अध्यक्ष व अग्रणी संगठन पार्टी के बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्षों को अपने सभी ब्लॉक अध्यक्षों के साथ पूरे तालमेल के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें सभी ब्लॉकों के दौरे कर ,बूथ व बीएलओ के साथ सीधा संपर्क रखना होगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अग्रणी संगठनों के सभी प्रमुखों व पदाधिकारियों को भी पूरे तालमेल से कार्य करना होगा।

## पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन किया जाएगा : वीरेंद्र कंवर

**ऊना,** 28 मार्च (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से लगातार चार बार जीत दर्ज करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कांग्रेस के बागी पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो को क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने पर रोष जाहिर किया है। श्री कंवर ने कहा कि पार्टी हाईकमान के फैसले से मन में थोड़ा रोष है, लेकिन भाजपा मेरे लिए सर्वोपरि है। पहले भी पार्टी के साथ था और आगे भी पार्टी के साथ ही रहूंगा। पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन किया जाएगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं ने कुटलैहड़ क्षेत्र में उपचुनाव की टिकट को लेकर जल्दबाजी की। बेहतर होता कि पार्टी सर्वे के आधार पर टिकट का आबंटन करती, लेकिन अब पार्टी ने जो फैसला लिया है, उसके साथ हूं।

## नशा निवारण जागरूकता में शैक्षणिक संस्थानों पर रहेगा विशेष ध्यान : बैरवा

**धर्मशाला,** 28 मार्च (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला में सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में नशे के दुष्प्रभावों से युवाओं को जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एनकॉर्ड) के जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री बैरवा ने कहा कि सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में नशा निवरण के लिए गठित प्रहरी क्लबों के माध्यम से नशा निवारण को लेकर विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इसके साथ ही महाविद्यालयों में रेड रिबन क्लबों को नशा निवारण अभियान का हिस्सा बनाया जाएगा, तकनीकी संस्थानों में भी युवाओं को जागरूक करने के लिए विशेष प्लान तैयार किया जाएगा ताकि कांगड़ा जिला को नशा मुक्त बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया जा सके।

उपायुक्त ने कहा कि कांगड़ा जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों नुरपुर इत्यादि में नशा निवारण के लिए पुलिस तथा अन्य विभागों के सहयोग से विशेष अभियान आरंभ किया जाएगा ताकि इन क्षेत्रों के युवाओं को नशे से दूर रखा जा सके। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों को विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि नशे की चपेट में आए लोगों का सही तरीके से उपचार तथा मागदर्शन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि कांगड़ा जिला के अभी तक सात स्वास्थ्य संस्थानों में नशा मुक्ति क्लीनिक सेवाएं शुरू की गई हैं। इन अस्पतालों में ये सेवाएं हर हफ्ते दो दिन शुक्रवार और शनिवार को दोपहर बाद दो से चार बजे तक मिल रही हैं। इनमें क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला के साथ साथ सिविल अस्पताल ज्वालामुखी, शाहपुर, नूरपुर, इंदौरा, देहरा और पालमपुर शामिल हैं। इन संस्थानों में नशा मुक्ति के मामलों को डील करने के लिए प्रशिक्षित चिकित्सक और स्टाफ मौजूद है। साथ ही वहां नशा मुक्ति से जुड़ी सभी दवाइयां भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि इस सेवा को आगे जिले के अन्य अस्पतालों में लागू किया जाएगा।

श्री बैरवा ने नशा मुक्ति क्लीनिक में सेवाएं दे रहे चिकित्सकों और अन्य स्टाफ को इसके लिए विशेष प्रशिक्षण देने के बारे में बात कही। उन्होंने कहा कि देश में नशा मुक्ति को लेकर कार्य कर रहे प्रमुख संस्थानों और विशेषज्ञों की सेवाएं इसके लिए ली जाएंगी।

**खुलासा** राज्य उपभोक्ता आयोग तथा 12 जिला आयोग, अध्यक्ष विहीन

## 4760 केस फैसले के इंतजार में, 1215 केस 5 साल से अधिक पुराने

**देहरादून,** 28 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड में काफी महीनों से उपभोक्ता न्यायालय ठप्प है। इसका मुख्य कारण राज्य उपभोक्ता आयोग तथा 12 जिला आयोगों के अध्यक्ष के पद काफी समय से रिक्त होना तथा नियमानुसार कार्यकाल समाप्त होने से छः माह पूर्व से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू न करना है। प्रदेश में 4760 उपभोक्ता केस फैसले के इंतजार में हैं जिसमें 1215 केस 5 साल से अधिक पुराने हैं।

यह खुलासा उत्तराखंड उपभोक्ता आयोग द्वारा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ है। नदीम को उपलब्ध विवरण के अनुसार राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में अध्यक्ष का पद 04 जनवरी 2024 से तथा सदस्य (न्यायिक) तथा सदस्य (सामान्य) के पद 1 जनवरी 2022 से रिक्त हैं जबकि 13 जिलों में से 12 जिला आयोगो के अध्यक्षों के पद रिक्त हैं। इसमें देहरादून का मार्च 2022 से, हरिद्वार का दिसम्बर 2022 से, उत्तरकाशी, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, चमोली, रूद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, पिथौरागढ़ के अध्यक्षों कें पद मई 2023 तथा उधमसिंह नगर के उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष का पद दिसम्बर 2023 से रिक्त हैं। इसके कारण राज्य आयोग तथा 3 जिला आयोगों का कार्य तो प्रभावित हुआ है तथा 10 जिला आयोगों में केसों के निपटारे का काम बिल्कुल ही बंद हैं। तीन जिला आयोगों नैनीताल, अल्मोड़ा तथा बागेश्वर में केसों का निपटारा भी इसलिये हो पा रहा हैं कि प्रदेश में एकमात्र नैनीताल जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष रमेश कुमार जायसवाल अल्मोड़ा व बागेश्वर जिला आयोग के अध्यक्षों का अतिरिक्त कार्य भार देख रहे हैं।




उपलब्ध विवरण के अनुसार वर्ष 2023 के अंत में राज्य व जिला उपभोक्ता आयोगों में 4760 उपभोक्ता केस लंबित हैं। इसमें जिला उपभोक्ता आयोगों में 3585 उपभोक्ता शिकायतों सम्बन्धी केस तथा राज्य उपभोक्ता आयोग में 72 उपभोक्ता शिकायतों तथा 1103 प्रथम अपील सम्बन्धी केस शामिल हैं। वर्ष 2023 में जिला उपभोक्ता आयोगों में 970 केस तथा राज्य आयोग में 113 प्रथम अपील तथा 3 उपभोक्ता शिकायत सम्बन्धी केस फाइल हुये हैं। इस अवधि में राज्य आयोग ने 28 शिकायतों तथा 407 अपीलों तथा जिला आयोगों ने 470 उपभोक्ता शिकायतों का निपटारा किया है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अनुसार, उपभोक्ता शिकायतों तथा अपीलों को तीन माह (प्रयोग शाला वाली शिकायतों के मामलों में पांच माह) मे केसों का फैसला करने का प्रावधान है लेकिन राज्य में 10 वर्ष से अधिक पुराने भी 32 केस लम्बित है। इसमें जिला आयोगों में 7 तथा राज्य आयोग में 20 अपील तथा 5 उपभोक्ता शिकायत सम्बन्धी केस शामिल हैं। राज्य में दस वर्ष से फैसले के इंतजार वाले 182 केसों में 41 जिला आयोगों तथा 20 राज्य आयोगों में उपभोक्ता शिकायतें तथा 121 प्रथम अपील केस शामिल है। सात वर्ष से फैसले के इंतजार वाले 284 केसों में 103 जिला आयोगों तथा 29 राज्य आयोग में शिकायतें तथा 152 प्रथम अपील लम्बित हैं। पांच साल से फैसले के इंतजार में 717 केसों में 364 जिला आयोग तथा 11 शिकायतें व 342 अपील राज्य आयोग में लम्बित हैं। तीन साल से लंबित 765 केसों में 648 जिला आयोगों तथा 1 राज्य आयोग में उपभोक्ता शिकायतें तथा 116 अपील फैसले के इंतजार में हैं। दो वर्ष से लम्बित 1488 केसों में 1245 जिला आयोगों तथा 243 राज्य आयोग में अपील शामिल हैं। छः माह से एक वर्ष तक अवधि से लम्बित केसों में 682 केसों में 614 जिला आयोग तथा 68 राज्य आयोग में अपील केस शामिल है। छः माह से कम समय से लम्बित 474 केसों में 446 उपभोक्ता शिकायतें जिला आयोगों तथा 2 राज्य आयोग तथा 26 अपीले राज्य आयोग में 31 दिसम्बर 2023 को लंबित हैं।

# प्रादेशिकी

**लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के संबंध में हुई कार्रवाई**

**मेरठ।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) उप जिला निर्वाचन अधिकारी बलराम सिंह ने बताया कि जनपद मेरठ की 07 विधानसभा क्षेत्र हेतु लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संबंध में दिनांक 28 मार्च 2024 तक कार्रवाई की गई। जिसमें जनपद में एफएसटी (उड़न दस्ता), एसएसटी व पुलिस विभाग की गठित टीमों द्वारा दिनांक 28.03.2024 को 20 लीटर शराब मूल्य अंकन लगभग 5,200- का जब्तीकरण किया गया। कलक्ट्रेट बचत भवन में बनाए गए कन्ट्रोल रूम में स्थापित लैण्ड लाईन नम्बर 0121-2664134 एवं टोलफ्री नं0 1950 पर कुल 03 शिकायते प्राप्त हुई, जिनका निस्तारण कर दिया गया। दिनांक 28.03.2024 से लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में सांसद पद हेतु प्रत्याशियों के नामाकन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है जिसके लिए निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से नामांकन फार्म वितरित किए जा रहे हैं।

## जनता नहीं, अब अपराधी कर रहे पश्चिमी उत्तर प्रदेश से पलायन : योगी

### मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरनगर, शामली व सहारनपुर में प्रबुद्धजनों से किया संवाद

**मुजफ्फरनगर/लखनऊ,** 28 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा के स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पश्चिमी यूपी में धुआंधार प्रचार अभियान गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। उन्होंने मुजफ्फरनगर में संजीव बालियान, शामली में प्रदीप चौधरी और सहारनपुर में राघव लखन पाल के लिए प्रचार की कमान संभालते हुए प्रबुद्धजनों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने उन्होंने एक-एक वोट की ताकत को समझाते हुए उसे सही जगह खर्च करने की अपील की और कहा कि पश्चिमी यूपी से अब जनता नहीं, अपराधी पलायन कर रहे हैं।

मुजफ्फरनगर में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री व भाजपा उम्मीदवार संजीव बालियान के पक्ष में प्रबुद्धजनों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि गलत वोट से पश्चिमी उप्र को अराजकता की भट्टी में झोंककर यहां की सुरक्षा को खतरे में डाला जाता था। लोग यहां आने से डरते थे। आपका वोट सही पार्टी के साथ गया तो अराजकता समाप्त हुई और आस्था को सम्मान मिला। पिछली सरकार ने कर्फ्यू-अराजकता दी, लेकिन आज हम नए माहौल में बढ़ रहे हैं। मोदी जी को तीसरी बार सत्ता में लाने के लिए प्रबुद्धजन को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।



भारत के पासपोर्ट की 10 साल पहले दुनिया में कोई कीमत नहीं थी, मगर आज आप दुनिया में कहीं भी जाएंगे तो वहां आपको सम्मान मिलेगा : योगी आदित्यनाथ

वहीं, शामली के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल में उन्होंने भाजपा-लोकदल के संयुक्त प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के पक्ष में मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पौराणिक एवं ऐतिहासिक धरा ने इतिहास में अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। भारत के पासपोर्ट की 10 साल पहले दुनिया में कोई कीमत नहीं थी, मगर आज आप दुनिया में कहीं भी जाएंगे तो वहां आपको सम्मान मिलेगा। सराहनपुर में मुख्यमंत्री ने राघव लखन पाल के पक्ष में मतदान के लिए प्रबुद्धजनों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सही दिशा में पड़ा आपका एक वोट कश्मीर में धारा 370 समाप्त कर देता है, उग्रवाद और आतंकवाद का समाधान कर देता है। इतना ही नहीं रामलला को नव्य, दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान कर देता है। यही तो मोदी की गारंटी है। ऐसे में आप अपने एक वोट की कीमत को पहचानिए। कुछ लोग समाज को जाति के नाम पर बांटने के साथ वोट लेते थे। उनके लिए फैमिली फर्स्ट थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तो 140 करोड़ का भारतवासी ही उनका परिवार है। वह कहते हैं उनके लिए तो नेशन फर्स्ट है। हमारा संकल्प भी नेशन फर्स्ट होना चाहिए।

## भाकियू की पंचायत में उठाया गया टोल प्लाजा का मामला

**मवाना,** 28 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन की एक पंचायत गुरुवार को मवाना तहसील के ग्राम मुबारिकपुर में एनसीआर महासचिव नरेश चौधरी के मकान पर आयोजित की, जिसमें जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने घरेलू कार्यो के साथ-साथ संगठन की सदस्यता अभियान में तेजी लाए। वहीं संभावित तारीख एक अप्रैल से भैंसा टोल प्लाजा शुरू किया जा रहा है। टोल प्लाजा शुरू करने से पहले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्रधिकरण के अफसरों को भैंसा टोल प्लाजा के आसपास के उन दस गांवों की सूची जा की जाए, जिनको टोल से मुक्त रखा जायेगा। टोल फ्री वाले दस गांवों की सूची जारी करने से पहले टोल प्लाजा पर वसूली नहीं की जाए।

**टोल प्लाजा के आसपास फ्री वाले दस गांवों की सूची जारी की जाए**

एनसीआर महासचिव नरेश चौधरी ने कहा कि उनकी जानकारी में आया है कि भैंसा टोल प्लाजा एक अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। शुरू होने पर वाहनों से टोल वसूला जाना शुरू हो जायेगा लेकिन अभी तक निशुल्क वाले दस गांवों की सूची जारी नहीं की। सूची जारी होने से पहले टोल नहीं वसूलने दिया जायेगा। उन्होंने सभी से एकजुट होकर संघठन की ताकत बनाए रखने का आह्वान किया। इस पंचायत में जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, एनसीआर महासचिव नरेश चौधरी, अनूप यादव, सत्येंद्र, मनोज, नवीन, सुनील, सूरज, बहादुर, मुखिया, वीर सिंह, पवन, अनुज, दीपक आदि मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी को लेकर अयोध्या में तैयारियां शुरू

**लखनऊ/अयोध्या,** 28 मार्च (देशबन्धु)। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पहली रामनवमी को लेकर विशेष उत्साह है। गुरुवार को प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र और डीजीपी प्रशांत कुमार ने अयोध्या पहुंचकर तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। इससे पहले दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन, ठहरने, पेयजल, मेडिकल सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों ने बैठक में दिए।

आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि श्रीरामनवमी के पर्व पर लगभग 50 लाख श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। 17 अप्रैल को भव्य और दिव्य मंदिर में पहली रामनवमी मनाई जाएगी। मुख्य सचिव व डीजीपी ने क्राउड मैनेजमेंट के लिए कई दिशा-निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा कि सुरक्षा मे किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आईजी प्रवीण कुमार ने कहा सभी निर्देशों का पालन कराया जाएगा। गत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अधिकारियों के साथ राम नवमी मेले में देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर बैठक की थी। मुख्यमंत्री की बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन कराने के लिए दोनो अधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिए।



जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा व मेले की तैयारी को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**श्रद्धालु 15 से 17 अप्रैल तक 24 घंटे कर सकेंगे रामलला के दर्शन**

इस बार रामनवमी बेहद खास होने वाली है। लाखों श्रद्धालु यहां रामलला के दर्शन करने पहुंचेंगे। इसको देखते हुए 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक श्री राम जन्मभूमि मंदिर 24 घंटे खुला रहेगा। श्रद्धालु रामलला के दर्शन 24 घंटे कर पाएंगे, अगर जरूरत पड़ी तो 18 अप्रैल को भी श्री राम मंदिर को 24 घंटे खोलने पर विचार किया जाएगा। वहीं इस रामनवमी को लेकर प्रशासन ने भी कमर कस ली है। शासन के वरिष्ठ अधिकारी भी लगातार बैठक कर तैयारी की समीक्षा कर रहे हैं।

## सार संक्षेप

### गुरु की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म : कैलाश स्वरूपानंद

**मवाना।** नगर स्थित सुभाष बाजार स्थित श्री अखंड वेदांत सत्संग भवन में विधि विधान के साथ श्री सदगुरुदेव भगवान स्वामी अखंडानंद महाराज की संत समागम एवं प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम दूसरे दिन अंबाला से आए स्वामी कैलाश स्वरूपाआनंद महाराज ने गुरु शिष्य के चरित्र का वर्णन किया।स्वरूपानंद ने बताया कि अगर मन पवित्र है तो कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है। यह एक परिपूर्ण नाता है जो हम सब अपने गुरु के साथ जोड़ते हैं। गुरु आपको असत्य से सत्य की ओर ले जाता है तमस से प्रकाश की ओर तथा मृत्यु से अमरता की ओर ले जाता है इसीलिए गुरु का स्थान जन्म देने वाले माता-पिता से भी सर्वोच्च होता है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव बहुत ही विरक्त त्यागी ब्रह्मनीष तपोभूमि थे उन्होंने संपूर्ण भारत में शिवोहम का प्रचार किया।

### पड़ोसी युवक पर किशोरी से बलात्कार का आरोप

**मवाना।** रात के अंधेरे में शौच को गई किशोरी को खींचकर पड़ोसी युवक ने बलात्कार का आरोप का मामला सामने आया है। पहुंची पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र मंसूरपुर के गांव मुबारिकपुर निवासी किशोरी मवाना थाना क्षेत्र के गांव तिगरी स्थित भट्टे पर ईट पथाई का कार्य करती है। गुरुवार सुबह किशोरी शौच के लिए घर से निकली तो पड़ोसी युवक ने घर में खींचकर बलात्कार कर दिया। परिजनों को जानकारी मिली तो परिजनों ने आरोपी युवक भैंस निवासी अंकुश पुत्र रोहतास के खिलाफथाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया।

### स्वयं की त्रुटियों पर ध्यान देना आवश्यक : भाव भूषण

**मवाना/हस्तिनापुर।** प्राचीन जैन धर्म नगरी स्थित कैलाश पर्वत दिगम्बर जैन मन्दिर में विश्व की सुख-शान्ति-समृद्धि के लिए आयोजित 48 दिवसीय भक्तामर विधान एवं पाठ के 40वें दिन सर्वप्रथम विधानाचार्य सुदीप शास्त्री ने मांगलिक मन्त्रों से क्रियाओं का शुभारम्भ किया। तदोपरांत स्वर्ण कलश अभिषेक निर्मल जैन, शान्तिधारा कलश जैन, काव्य जैन विदिशा, राकेश जैन, अशोक जैन को प्राप्त हुआ। अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले दीप का प्रज्वलन मंजू जैन ने किया। बा.ब्र. सुनीता दीदी ने विश्व के सभी जीव सुखी रहें ऐसी मंगल भावना के साथ शान्तिधारा का उच्चारण किया।

### मतदान जागरूकता के लिए शपथ ग्रहण कराया

**मवाना।** एएस(पीजी) कॉलेज मवाना में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई - 1 व 2 का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. कुलदीप मलिक व डा. नीतू सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वंय सेवको द्वारा पोस्टर के माध्यम से मतदान के लिये जागरूक किया तथा साथ-साथ मतदान जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर सभी स्वंय सेवको को शपथ ग्रहण कराई गई।

## चरक स्कूल ऑफ फार्मेसी विभाग में संगोष्ठी आयोजित



**मेरठ,** 28 मार्च (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के चरक स्कूल ऑफ फार्मेसी विभाग के द्वारा एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी (इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन सिनर्जाइजिंग इंडस्ट्री एकेडेमिया कोलैबोरेशन टू प्रमोट फार्मा आर-डी) का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो संगीता शुक्ला ने संगोष्ठी के सफल आयोजन हेतु प्रोत्साहित किया एवं छात्रों को प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग एवं इंडस्ट्री रेडीनेस के लिए मार्गदर्शन किया। प्रो0 शैलेन्द्र शर्मा (निदेशक, चरक स्कूल ऑफ फार्मेसी) के द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के लिए स्वागत भाषण प्रेषित किया गया।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो0 पूरन लाल साहु (निदेशक नेशनल डोप टेस्टिंग लेबोरेटरी, नई दिल्ली) रहे। प्रो0 पूरन लाल साहु के द्वारा स्पोर्ट्स फार्मेसी विषय पर व्याख्यान दिया गया। संगोष्ठी मे अन्य अतिथियो के द्वारा भी व्याख्यान दिया गया।

## जिला सैनिक कल्याण व पुनर्वास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई सैनिक बंधु की बैठक

**मेरठ,** 28 मार्च (देशबन्धु)। सैनिक बन्धु बैठक जिला सैनिक कल्याण एंव पुनर्वास अधिकारी मेरठ, कैप्टन (आई.एन)राकेश शुक्ला की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में जमीन से सम्बंधित और पुलिस से सम्बधित शिकायते रही। मई 2022 से फरवरी 2024 तक 71 शिकायते सैनिक बन्धु बैठक मे आयी,जिनमे से 54 शिकायतो का निस्तारण प्रशासन के स्तर द्वारा किया जा चुका है। जिनमें 17 शिकायते लम्बित है उन पर भी कार्रवाई चल रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक के स्तर पर जनवरी 2021 से 29 फरवरी 2024 तक 100 शिकायते रही, जिनमे से 16 शिकायतो का निस्तारण हो चुका है जिनमे 84 शिकायत लम्बित है जिन पर विभाग स्तर पर कार्यवाही चल रही है।

बैठक में भूतपूर्व सैनिक हव0 सुशील कुमार, निवासी-नीमका,मवाना मेरठ का पिछले दो वर्षो से जमीन की डोल बन्दी के आदेश न्यायालय द्वारा होने के बाद भी उनकी समस्या का कोई भी समाधान नही हो पा रहा है। दूसरा पत्र भूतपूर्व सुबे0 मेजर अमित कुमार निवासी-कुलंजन, सरधना मेरठ की इच्छा के विरूद्ध प्रार्थी की निजी कृषि भूमि मिटटी खनन किये जाने व जाल साझी कर फसाने के सम्बध में गम्भीर मामला सामने आया। सभी स्तर से कार्यावाही करने के पश्चात् भी कोई भी निस्तारण नही हो पा रहा है। बैठक मे भूतपूर्व सैनिको के शहीद अश्रितो ने फिर से सड़को का नामांकरण एंव प्रतिमा की बात उठाई और बिंलम्ब के उपर आपति जतायी। भूतपूर्व सैनिक की शिकायत है कि तहसील के स्तर पर उनके कार्य नही हो पा रहे। सैनिको बन्धु-बैठक भूतपूर्व सैनिको और उनके अश्रितो की समस्याओ का निस्तारण हेतु एक उ0प्र0 सरकार का अहम आदेश है । ब्रिगेडियर रणवीर सिंह सभी भूतपूर्व सैनिको से अग्रह किया कि सैनिक बन्धु-बैठक का पूरा लाभ उठाए और भरोसा रखे उनकी समस्याओ का हल यहा से निकलेगा। बैठक में ब्रिगेडियर रणवीर सिंह वीर चक, वाइस चौयरमैन जिला सैनिक बन्धु कमेटी और कर्नल वेटरन्स भी उपस्थित रहे।



## स्टार प्रचारक बनने पर ऊर्जा राज्यमंत्री का किया स्वागत



**मेरठ,** 28 मार्च (देशबन्धु)। केन्द्रीय चुनाव समिति द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा प्रत्याशियों के प्रचार हेतु बुधवार को स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत 40 लोगों का नाम शामिल है। साथ ही सूची में डॉ0 लक्ष्मीकान्त बाजपेयी और ऊर्जा राज्यमंत्री डा0 सोमेन्द्र तोमर का नाम भी शामिल है। ऊर्जावान नेता सोमेन्द्र तोमर का नाम स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल होने पर कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। इसी क्रम में गुरूवार को शास्त्रीनगर मण्डल, मेरठ महानगर के सैकडों कार्यकर्ता मण्डल अध्यक्ष ललित मोरल के नेतृत्व में सोमेन्द्र तोमर का भव्य स्वागत किया।

## एमपीएस में नए सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्रों का पेरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ,** 28 मार्च (देशबन्धु)। मेरठ पब्लिक स्कूल मेंन विंग में नए सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को विद्यालय के दृष्टिकोण, कार्य प्रणाली, शैक्षिक पद्धतियों, उपलब्धियों एवं गतिविधियों से अवगत कराने के लिए पेरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभिभावकों के स्वागत के पश्चात दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात स्कूल में छात्रों द्वारा की गई दिनभर की गतिविधियों से अवगत कराने हेतु एक लघु कथाफिल्म दिखाई गई, जिसका अभिभावकों ने आनंद लिया और इसकी सराहना की।




विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अलका श्रीवास्तव गौड़ ने अभिभावकों को संबोधित कर इस ओरिएंटेशन के उद्देश्य एवं महत्व की जानकारी दी। विद्यालय में चलाए जा रहे बैनेसे शिक्षक प्रणाली जिसमें विद्यार्थियों को उनकी क्षमताओं को पहचानने में सहायता हेतु डाटा संग्रहण कर उनको शिक्षण सहायक सामग्री प्रदान करने आदि की गतिविधियों से परिचित कराया गया। इसके साथ ही विद्यालय एप एंटैब, गूगल क्लास रूम के संचालन से शैक्षणिक क्षेत्र में होने वाले बहुआयामी लाभों को भी बताया गया अंत में सभी उपस्थित अभिभावकगणों को धन्यवाद देकर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया।

## 11वीं के हरशाम रिजवी बना कॉलेज का टॉपर

**मवाना,** 28 मार्च (देशबन्धु)। फलावदा क्षेत्र के गांव नंगला हरेरू स्थित फैज ए आम इण्टर कालेज में गुरुवार को शिक्षक अभिभावक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को उनके रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। छात्र-छात्राओं ने अधिक संख्या में हर्षोल्लास के साथ रिपोर्ट कार्ड प्राप्त किए। इनमें इंग्लिश मीडियम में फलावदा के हरशाम रिजवी ने सर्वाधिक 97.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज के टापर बने।

**मेधावियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

प्रधानाचार्य अहतेशाम रिजवी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना कर कक्षा में शीर्ष वरियता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत कियाघ्। इस मौके पर सीनियर एवं जूनियर कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने पर मेधावियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। प्रधानाचार्य अतेहशाम रिजवी ने बताया कि यूपी बोर्ड अंतर्गत नंगला हरेरू के कक्षा 11 के आदेश कुमार ने 93.7 प्रतिशत अंक प्राप्त किए जबकि इंग्लिश मीडियम में हरशाम रिजवी ने सर्वाधिक 97.3 अंक प्राप्त कर कालेज का टॉपर बना।



बुधवार को फन एंड फूड होटल में लायंस क्लब मेहरानगढ़ की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग लायंस क्लबस इंटरनेशनल के गवर्नर डॉक्टर संजीव शर्मा की ऑफिशियल विजिट करवाने बाबत रखी गई, जिससे क्लब द्वारा उनका सम्मान व सेवा कार्यों का ब्योरा दिया जा सके। इस मीटिंग में लायंस क्लब मेहरान गढ़ की अध्यक्ष नवीन कुमारी, सचिव डॉक्टर बबीता सिंह गुर्जर, ममता जैन , लीला संचेती, विजय लक्ष्मी ,स्नेहा , मौसमी , साधना जैन, कांता कानूनगो और सुमी आदि सदस्याएं मुख्य रूप से उपस्थित रही।

**कार्यक्रम** — *चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित*

## माइक्रोबायोलॉजी में नवीनतम प्रौद्योगिकी के उपयोग व्यापक : प्रो. सिंह

**मेरठ, 28 मार्च (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग द्वारा कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के निर्देशन में सूक्ष्म जीव विज्ञान में नवीनतम तकनीकी की आवश्यकताएं और चुनौतियां पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर अनिल सिरोही, अतिथि के रूप में डॉक्टर दीपचंद शर्मा डॉ शकुंतला मिश्रा, प्रोफेसर वाई विमला, डॉक्टर हर्षित वर्मा, डॉक्टर पंखुड़ी सिंगल, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली उपस्थित रहे।**

विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर जितेंद्र सिंह ने विभाग की उपलब्धियां के बारे में बताते हुए कहा कि आज माइक्रोबायोलॉजी में नवीनतम प्रौद्योगिकी के उपयोग व्यापक रूप से विभिन्न क्षेत्रों में देखे जा रहे हैं। ये प्रौद्योगिकी न केवल फसलों को नष्ट करने वाले कीटाणुओं के खिलाफ लड़ने में मदद करती है, बल्कि संवर्धनशील जैविक पद्धतियों के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रोफेसर अनिल सिरोही ने कहा कि मानव शरीर को स्वस्थ रखने में उसके अंतर्निहित संवेदक अर्थात् माइक्रोबायोटा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ये सूक्ष्मजीवाणु हमारे शरीर में विभिन्न जगहों पर बसे होते हैं, जैसे कि आंत, त्वचा, मुंह, नाक आदि। माइक्रोबायोटा हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है। डॉ दीपक चंद शर्मा ने अपने व्याख्यान में बताया कि सूक्ष्म जीव विज्ञान के माध्यम से हमें अनदेखे जीवों की विशेषताओं का अध्ययन करने का अवसर प्राप्त होता है। उनकी संरचना , क्रियाविधि, और उनके व्यापारिक महत्व का अध्ययन हमें उनके संदर्भ में नई जानकारी प्राप्त करने का साधन प्रदान करता है। प्रोफेसर वाई विमला ने कहा माइक्रोबायोलॉजी में हाल के प्रौद्योगिकी नए दिशा निर्देशों के साथ तेजी से बढ़ तो रही है लेकिन इसके साथ कई चुनौतियां भी उत्पन्न हो रही है। डॉक्टर पंखुड़ी सिंगल ने कहा की नई तकनीकों का विकास और लागत उच्च हो जाने के कारण संसाधनों की संभावना कम रह सकती है जो की अपने आप में महत्वपूर्ण चुनौती हो सकती है जिस पर हम सभी को सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहिए। कार्यक्रम की संयोजक डॉक्टर दिलशाद अली एवं डॉ दिनेश शर्मा ने आए सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद दिया। संगोष्ठी में आए प्रतिभागी छात्र मुकुल, नेहा ,आस्था, शोएब विभाग अध्यक्ष को धन्यवाद देते हुए संगोष्ठी में अपने अनुभव साझा किया। इस मौके पर डॉक्टर लक्ष्मण नागर, डॉ दिनेश पवार डॉ अंजलि मालिक डॉक्टर अश्वनी शर्मा डॉक्टर कपिल स्वामी डॉक्टर शशांक राणा डॉ देवेंद्र कुमार डॉ अजय शुक्ला डॉक्टर पायल राजेश जमील प्रदीप सचान उपस्थित रहे।



- नवीनतम तकनीक की आवश्यकताएं व चुनौतियों पर चर्चा
- कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के निर्देशन में किया गया कार्यक्रम
- सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## ग्रास कटर मशीन का किया उद्घाटन



**मेरठ,** 28 मार्च (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित सर छोटू राम अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्मेंट की वर्कशॉप में शिक्षक इंजीनियर प्रवेश कुमार के निर्देशन में एक ग्रास कटर मशीन डेवलप की गई। यह मशीन बाजार में मिलने वाली मशीनों से लागत में काम होने के साथ वजन में काफी हल्की है तथा इसमें सिक्योरिटी फीचर्स भी ऐड किए गए हैं जिससे मशीन को चलाने वाले व्यक्ति को चोट लगने का खतरा कम हो जाता है।

# दुनिया रंग-बिरंगी

## ज्वेल थीफ में काम करेंगे सैफ अली खान

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सैफ अली खान फिल्म 'ज्वेल थीफ' में काम करते नजर आ सकते हैं। फिल्म 'ज्वेल थीफ' सिद्धार्थ आनंद के बैनर मलिक्स प्रोडक्शन के तहत बनाई जाएगी। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी जिसमें सैफ अली खान और जयदीप अहलावत की मुख्य भूमिका होगी। फिल्म 'ज्वेल थीफ' का निर्देशन रॉबी ग्रेवाल करेंगे। रॉबी ग्रेवाल अपनी इस फिल्म की शूटिंग यूरोप के कुछ शहरों में करने का प्लान कर रहे हैं। उनकी योजना यूरोप में इस फिल्म के कुछ एक्शन सीन और गाने शूट करने की है।



## 'सिटाडेल' की शूटिंग की चुनौतियों पर सामंथा ने कहा कि मेरी ताकत आधी रह गई थी

**मुंबई,** 28 मार्च (एजेंसियां)। सामंथा रुथ प्रभु ने अमेरिकी सीरीज 'सिटाडेल' के भारतीय रूपांतरण 'सिटाडेल हनी बनी' पर काम करने के बारे में खुलकर बात की।

अभिनेत्री ने कहा कि जब वह प्रशिक्षण ले रही थीं तब वह सबसे कमजोर थीं और उनकी ताकत 50 प्रतिशत तक कम हो गई थी। उन्होंने कहा कि सिटाडेल के लिए प्रशिक्षण के दौरान मैं सबसे कमजोर स्थिति में थी। इसके अलावा, मुझे कैलोरी की कमी भी बनाए रखनी थी, क्योंकि मैं अपने शरीर को ठीक करने के लिए पर्याप्त समय देने की कोशिश कर रही थी। ऑटो-इम्यून बीमारी मायोसाइटिस का पता चलने के बाद एक साल का ब्रेक लेने वाली सामंथा ने कहा कि मेरी ताकत 50 प्रतिशत कम हो गई। यह एक लंबी प्रक्रिया थी और यह काफी कठिन थी।

सिटाडेल हनी बन्नी राज और डीके द्वारा बनाई गई है। इसमें सिकंदर खेर, के के मेनन, साकिब सलीम और एम्मा कैनिंग भी हैं।

### ब्रिटिश शोधकर्ताओं ने विकसित किया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल

## 80 प्रतिशत सटीकता के साथ घातक हृदय रोग का लगा सकता है पता

**पांच में से चार मामलों में एआई उपकरण ने की सही भविष्यवाणी**



**लंदन,** 28 मार्च (एजेंसियां)। ब्रिटिश शोधकर्ताओं ने एक नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल विकसित किया है जो 80 प्रतिशत सटीकता के साथ किसी व्यक्ति की घातक हृदय समस्या का पता लगा सकता है। वेंट्रिकुलर एरिथमिया, असामान्य हार्ट रिदम है जो हार्ट के लोअर चैंबर से जुड़ी समस्या को दिखाता है। इस स्थिति में दिल की तेज धड़कनों के साथ रक्तचाप कम हो जाता है। इस घातक समस्या का अगर समय से इलाज न किया जाए तो यह जानलेवा हो सकती है।

यूके में लीसेस्टर विश्वविद्यालय के नेतृत्व वाली एक टीम ने वीए-रेसनेट-50 नामक एक टूल तैयार किया है। यूरोपियन हार्ट जर्नल डिजिटल हेल्थ में प्रकाशित अध्ययन में उपकरण का उपयोग 2014 और 2022 के बीच घर पर रह रहे 270 वयस्कों के होल्टर इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ईसीजी) की जांच करने के लिए किया गया था। ईसीजी के बाद औसतन 1.6 वर्षों में लगभग 159 लोगों ने घातक वेंट्रिकुलर एरिथमिया का अनुभव किया था।

वीए-रेसनेट-50 का उपयोग रोगी की हृदय जांच करने के लिए किया गया था, यह देखने के लिए कि क्या उसे यह घातक बीमारी हो सकती है। प्रत्येक पांच में से चार मामलों में एआई उपकरण ने सही भविष्यवाणी की, जिससे पता चला कि किस मरीज का हृदय वेंट्रिकुलर एरिथमिया के लिए सक्षम है।

कार्डिएक इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी के प्रोफेसर और विश्वविद्यालय में कार्डियोवास्कुलर साइंसेज विभाग के प्रमुख प्रोफेसर आंद्रे एनजी ने कहा कि वर्तमान नैदानिक दिशानिर्देश जो हमें यह तय करने में मदद करते हैं कि किन रोगियों को वेंट्रिकुलर एरिथमिया का सबसे अधिक खतरा है और किसे इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफाइब्रिलेटर के साथ जीवन रक्षक उपचार से सबसे अधिक लाभ होगा। इस समस्या से बड़ी संख्या में मौतें होती हैं। प्रोफेसर ने कहा कि टूल से जांच के बाद घातक बीमारी का जोखिम सामान्य वयस्कों की तुलना में तीन गुना अधिक था।

उन्होंने कहा कि मरीजों की इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम की जांच में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का उपयोग करते हुए सामान्य हृदय गति में एक नया लेंस प्रदान किया जाता है जिसके माध्यम से हम उनके जोखिम को जानकर उचित उपचार का सुझाव दे सकते हैं जिससे मौत के जोखिम को कम किया जा सकता है।

## ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप ने ग्रेट प्लेस टु वर्क का प्रमाणन प्राप्त किया

नई दिल्ली 28 मार्च (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय शिक्षा प्रदाता ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप , दुनिया भर में स्टूडेंट्स को एक बेहतरीन अनुभव देने की दिशा में काम कर रहा है। इस ग्रुप को 2024 के लिए चार देशों- भारत, कनाडा, यूके और यूएस में ग्रेट प्लेस टु वर्क® के तौर पर सर्टिफाइड किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मौजूदा कर्मचारियों के ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप में काम करने के अनुभव पर आधारित है। इस साल 83 प्रतिशत कर्मचारियों ने इसे काम करने की सबसे अच्छी जगह माना है। ग्रेट प्लेस टु वर्क® एक वार्षिक सर्वे है जोकि भारत में 22 उद्योगों तक फैला हुआ है, जिसमें 1400 से भी ज्यादा संस्थान शामिल हैं। ग्रेट प्लेस टु वर्क® वर्कप्लेस पर काम करने की संस्कृति, कर्मचारियों के अनुभव और नेतृत्व व्यवहार पर एक वैश्विक प्राधिकरण है। यह बाजार-अग्रणी राजस्व, कर्मचारियों का आकर्षण और बेहतर नवाचार देने में बेहतर साबित हुआ है। 'ग्रेट प्लेस टु वर्क' का प्रमाणन मिलना एक बड़ी उपलब्धि है, जिसमें कर्मचारियों के संपूर्ण अनुभव के लिए निरंतरता और योजनाबद्ध समर्पण की जरूरत होती है। यह कहना है सारा लुईस कुलिन, वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल रिकॉग्निशन, द ग्रेट प्लेस टु वर्क का। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह सर्टिफिकेशन अपनी कंपनी की संस्कृति को लेकर कर्मचारियों की रियल-टाइम प्रतिक्रिया की वजह से मिलने वाला आधिकारिक सम्मान है। यह सम्मान पाने का मतलब है कि ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप काम करने की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से एक है और यह अपने कर्मचारियों को काम करने का बेहतरीन माहौल प्रदान कर रहा है।

## सरोगेसी के व्यापार को उजागर करती फिल्म 'दुकान'



**नई दिल्ली,** 28 मार्च (एजेंसियां)। देश के अंदर सरोगेसी के नाम पर व्यापार तेजी से बढ़ गया है। इस ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करते हुए सिनेमा के पर्दे पर एक फिल्म आ रही है, जिसका नाम है 'दुकान' इस फिल्म में गुजरात के एक गांव की महिलाओं को दिखाया गया है। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया।

फिल्म में मोनिका पवार, हिमानी शिवपुरी, मनाली ठाकुर और सोहम मजूमदार जैसे दमदार कलाकार हैं। इस फिल्म के जरिए अवैध सरोगेसी के मुद्दे को कॉमेडी के साथ पर्दे पर दिखाया गया है, जहां एक महिला चंद पैसों के लिए अपनी कोख को बेच देती है।

इस फिल्म से सिद्धार्थ और गरिमा मिलकर डायरेक्शन में डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म को अमर झुनझुनवाला और शिखा अहलूवालिया ने प्रोड्यूस किया है। दिल्ली पहुंचे फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ और गरिमा ने फिल्म के बारे में जानकारी भी दी।

गरिमा ने बताया कि सबसे बड़ी बात हमारी फिल्म की यह है कि यह फिल्म सरोगेसी का मुद्दा उठाती है। हमारी फिल्म में कोई बड़ा चेहरा नहीं है, अगर स्टार चेहरे को लेते तो सरोगेसी जैसी कोई चीज नहीं रहती। हम इस फिल्म में एक ऐसा चेहरा लेकर चल रहे हैं जिन्हें लोगों ने कम देखा है।

वहीं डायरेक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि इस फिल्म को लेकर हमने कई बड़ी स्टार को अप्रोच किया, लेकिन वहां पर बात यह आई कि हमें प्रेग्नेंट महिला का रोल नहीं करना, ग्लेमरस दिखना है और इस तरह के कॉस्ट्यूम हम नहीं पहन सकते हैं। इस तरह के बहाने देकर बड़े स्टार्स ने मना कर दिया।

गरिमा ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री के अंदर कई सारे स्टार्स ऐसे हैं जिन्होंने सरोगेसी के जरिए बच्चे लिए हैं। लेकिन शायद कोई हीरोइन इस पचड़े में पड़ना नहीं चाहती, इसलिए कोई हीरोइन सामने नहीं आई। डॉयरेक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि गुजरात के आनंद के बसु गांव में फिल्म की शूटिंग की है। वहां हम गए, महिलाओं से बातचीत की और हमने जाना कि किस तरीके से सरोगेसी वहां पर पहले से ही चल रही थी। सरोगेसी कानून के मुताबिक, एक मां एक ही बच्चा कर सकती है। अवैध रूप से वहां पर इस तरह का काम चल रहा था। हम वहां ऐसी महिलाओं से मिले जो जिंदगी में चार-चार-पांच बार सरोगेसी के जरिए बच्चो को जन्म दे चुकी है। तब तक कोई कानून नहीं था। लेकिन अब कानून बन गया है। हमने वहां जाकर काफी रिसर्च किया और उस रिसर्च के आधार पर हमने इस फिल्म को बनाया है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। अलग-अलग जगहों की सच्ची कहानी और असली कैरेक्टर लिए गए हैं।

यह फिल्म भारत के अंदर 300 से 400 थिएटर में रिलीज होगी। इसके अलावा विदेशों में भी इस फिल्म की स्क्रीनिंग होगी। फिल्म में सभी गानों को म्यूजिक कंपोजर श्रेयस पुराणिक ने कंपोज किया। फिल्म के गानों में सिंगर मोहित चौहान, ऐश्वर्या भंडारी, उस्मान मीर ने अपनी आवाज दी है। उस्मान मीर गुजरात के मशहूर सिंगर है। फिल्म 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## 5 दिन में 51 हजार ने देखा टयूलिप गार्डन को, छात्रों को 20 प्रतिशत की छूट

■ सुरेश एस डुग्गर



**जम्मू,** 28 मार्च (देशबन्धु)। एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन में खिलने वाले साढ़े सत्रह लाख फूलों का दीदार करने को भीड़ बढ़ने लगी है। यह कितनी है इसी से अंदाजा लगाया जा सकता क इस बार मात्र पांच ही दिनों में कश्मीर घाटी में स्थित एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन में पर्यटकों की उल्लेखनीय आमद देखी गई है, 23 मार्च को इसके उद्घाटन के बाद से 51,000 से अधिक पर्यटकों ने इसके जीवंत फूलों का आनंद लिया है। अधिकारियों के अनुसार, रमजान के चल रहे पवित्र महीने के बावजूद, स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटक, ट्यूलिप के शानदार प्रदर्शन को देखने के लिए उमड़ पड़े हैं। उपलब्ध विवरण के अनुसार, खान मुदासिर द्वारा प्रबंधित इस उद्यान को इसके उद्घाटन के पहले पांच दिनों के भीतर आगंतुकों से अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें 51,786 उत्साही लोग इसके घुमावदार रास्ते और रंग-बिरंगे रास्ते में की गई पुष्प सज्जा को तलाश रहे हैं।

आगंतुकों को और अधिक मंत्रमुग्ध करने के लिए, फूलों की खेती विभाग ने इस बार बगीचे के आकर्षण को बढ़ाते हुए ट्यूलिप की पांच नई किस्में पेश की हैं। आगंतुकों के अनुभव को सुव्यवस्थित करने और लंबी कतारों को कम करने के लिए, उद्यान प्रबंधन ने ऑनलाइन टिकट प्रसंस्करण की शुरुआत की है, इस कदम का पर्यटकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया है। इसके अतिरिक्त, शैक्षिक यात्राओं को बढ़ावा देने के लिए, बगीचे की देखरेख करने वाले अनुबंध द्वारा घोषित, छात्रों को टिकटों पर विशेष 20 प्रतिशत छूट 10 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है।

अधिकारियों के अनुसार, इसके अलावा, आगंतुकों ने एक सहज और सुखद अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की है, और की गई व्यवस्थाओं पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की है। अधिकारियों का कहना था कि कश्मीर की यात्रा में बाधा डालने वाली चुनौतियों के बावजूद, बगीचे में पिछले साल के 366,000 आगंतुकों के रिकॉर्ड को इस बार ईद के बाद पार करने की उम्मीद है।

ट्यूलिप गार्डन का पूरा नाम इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन है, जिसे पहले सिराज बाग के नाम से जाना जाता था। आधिकारिक रूप से 23 मार्च को ट्यूलिप गार्डन के दरवाजे पर्यटकों के लिए खोल दिये गए हैं। अधिकारियों की तरफ से बताया गया है कि इस साल ट्यूलिप गार्डन में 5 नयी प्रकार के ट्यूलिप के फूल खिलेंगे और सभी को देखने को मिलेंगे। इस साल धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले इस कश्मीर में घूमने आयें सभी सैलानी कुल 73 प्रकार के ट्यूलिप के फूल गार्डन में देख सकेंगे। 55 हेक्टेयर के क्षेत्र में फैले गार्डन में 17 लाख ट्यूलिप के बल्ब से इस साल पेड़ों को उगाया गया है, जिनमें चटख रंगों वाले ट्यूलिप के फूल यहां आने वाले हर पर्यटकों के मन को मोहित कर रहे हैं।

## 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' पर एक मजेदार गैग पेश करेगी कुशल बद्रीके और केतन सिंह की जोड़ी



नई दिल्ली 28 मार्च (एजेंसियां)। इस शनिवार, अपनी सीट बेल्ट बांध लें क्योंकि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' आपको हंसी के सफर पर ले जाने के लिए बिल्कुल तैयार है! 'मैडनेस की मालकिन' हुमा कुरेशी के साथ शो में शामिल होंगी बॉलीवुड की सदाबहार एक्ट्रेस भाग्यश्री। कॉमेडियन कुशल बद्रीके और केतन सिंह मंच के मालिक होंगे, क्योंकि वे 'मजदूर गैग' नामक एक मजेदार गैग के लिए जोड़ी बनाएंगे, जहां वे एक दिहाड़ी मजदूर के संघर्ष के बारे में बताते हैं, जो अपने कार्यस्थल पर कुछ छिपे हुए खजाने की खोज करते हैं और मनमाने ढंग से तय करते हैं कि उन पर कौन दावा करेगा! कॉमिक टाइमिंग इतनी लाजवाब थी कि सेट पर मौजूद हर कोई अपनी हंसी नहीं रोक सका! एक्ट और तैयारियों के बारे में विस्तार से बताते हुए, कुशाल बद्रीके कहते हैं, 'केतन सिंह के साथ काम करना एक अद्भुत अनुभव है! न केवल वह एक शानदार कॉमेडियन हैं, बल्कि उनके साथ बिताया गया हर पल एक आकर्षक अनुभव है। एक्ट करते समय, केतन अपने काम में सहज थे। उनकी कॉमिक टाइमिंग ने मुझे खुद से जोड़ दिया। साथ में, अद्भुत कॉमेडी टाइमिंग के साथ, हम उन मुद्दों पर विचार करते हैं जो कामकाजी वर्ग के लोग अनुभव करते हैं और हंसी के बीच छिपे हुए खजाने को प्रकट करते हैं। भाग्यश्री जी के सामने परफॉर्म करना एक संपूर्ण आनंद था, और खास बात यह है कि उन्होंने हमारे एक्ट की तारीफ की, हमें अवास्तविक महसूस होता है। मुझे उस पल का इंतजार है जब दर्शक इस शो को देखेंगे।' देखिए 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे', इस शनिवार रात 9:30 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर।

## 'दंगल' गर्ल फातिमा सना शेख ने बॉलीवुड में पूरे किए 8 साल, कहा कि बहुत भाग्यशाली हूं



**मुंबई,** 28 मार्च (एजेंसियां)। 2016 में आमिर खान स्टारर 'दंगल' से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस फातिमा सना शेख ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में आठ साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर में 'लूडो', 'अजीब दास्तां', 'थार', 'धक धक' और 'सैम बहादुर' जैसी शानदार फिल्में की हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें इंडस्ट्री में काम करने का मौका मिला। अपनी एक्टिंग जर्नी के बारे में बात करते हुए फातिमा ने कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। बहुत से लोगों के लिए इंडस्ट्री में आना अभी भी सपना बना हुआ हैं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे यह अवसर मिला। मैंने ऑडिशन दिया और मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई, मुझे कई शानदार फिल्में मिलीं। चाहे 'दंगल' की गीता फोगाट हो या 'सैम बहादुर' में शशि कुमार यादव, या फिर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका, फातिमा ने हमेशा स्क्रीन पर सशक्त महिलाओं का किरदार बेहतरीन तरीके से निभाया है।

एक्ट्रेस ने कहा कि ऐसे किरदार मुझे उत्साहित करते हैं। मैं किरदारों के साथ एक्सपेरिमेंट करते रहना चाहती हूं। एक्सप्लोर करना चाहती हूं लेकिन अगर मैं किसी रोल या करेक्टर या ग्राफ के बारे में एक्साइटिड नहीं हूं तो मैं उस पर बिल्कुल भी समय खर्च नहीं करती। एक्ट्रेस जल्द ही मेट्रो इन दिनों और उल जलूल इश्क में नजर आएंगी।

## शीघ्र डायग्नोसिस के लिए स्मार्टफोन-आधारित ग्लूकोज परीक्षण विकसित

**जोधपुर,** 28 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के शोधकर्ताओं ने एक अद्वितीय चिकित्सा प्रणाली बनाई है जहां स्मार्टफोन का उपयोग मरीजों में ग्लूकोज के स्तर का परीक्षण करने के लिए किया जा सकता है ताकि परीक्षण परिणाम शीघ्र और आसानी से उपलब्ध किए जा सकें।

एंड्रॉइड ऐप का उपयोग करके पूरा तंत्र किसी भी स्मार्टफोन से एक पेपर-आधारित विश्लेषणात्मक उपकरण जोड़ता है जो ग्लूकोज के नमूने का पता लगाने के लिए सक्षम है। 10-40 मिमी की सघनता सीमा के साथ कागज-आधारित विश्लेषणात्मक उपकरण पोर्टेबल उपकरण हैं जिसने आवश्यकता-बिंदु परीक्षण में क्रांति ला दी है और जैव रासायनिक नमूनों का तुरंत आकलन कर सकते हैं। यह उपकरण एक लैब-आधारित कार्यात्मक बायोडिग्रेडेबल पेपर के साथ आता है जो मौजूद ग्लूकोज के स्तर और मात्रा के आधार पर अपना रंग बदल देता है। इसे स्मार्टफोन से जोड़कर शोधकर्ताओं ने ग्लूकोज के स्तर को ट्रैक करने की पूरी प्रक्रिया को तीव्र और प्रभावी बना दिया है।

**10-40 मिमी की सघनता सीमा के साथ कागज-आधारित विश्लेषणात्मक उपकरण**

इस उपकरण को जनता के निजी उपयोग के लिए विकसित करने का लक्ष्य है। यह उपकरण, तकनीकी या परिष्कृत प्रयोगशाला सेटिंग्स की आवश्यकता के बिना ऑन-द-स्पॉट ग्लूकोज परीक्षण परिणाम प्रदान कर सकता है। इसके अतिरिक्त इसे किफायती और बायोडिग्रेडेबल बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। जांच की वर्तमान लागत प्रयोगशाला में केवल लगभग 10 रुपए है। टीम को उम्मीद है कि बड़े पैमाने पर उत्पादन के दौरान इसे और भी सस्ता बनाकर पांच रुपए तक लाया जा सकता है।


यह अनुसंधान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के यात्रिक अभियांत्रिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर अंकुर गुप्ता, विनय किशनानी, निखिल कश्यप और शिवम शशांक टीम द्वारा किया गया।

डॉ. गुप्ता ने बताया कि स्मार्टफोन आसानी से अन्य डिवाइस और प्लेटफॉर्म्स के साथ जुड़ जाता है। स्मार्टफोन आधारित डिटेक्शन फ्रेमवर्क आपको बड़े नेटवर्क या डेटाबेस से जोड़ने में मदद करता है और आसानी से निगरानी करने, डेटा संग्रहण करने और परिणाम साझा करने की सुविधा प्रदान कर सकता है। यह कनेक्टिविटी स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और शोधकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है। एक कागज-आधारित विश्लेषणात्मक उपकरण है जिसकी एक बड़ी समस्या यह है कि इसे काम करने के लिए विशिष्ट प्रकाश स्थितियों की जरूरत होती है। उन्होंने बताया कि इस शोध में दूरगामी क्षमता है, यह अध्ययन दर्शाता है कि यह विकसित प्रणाली उपयोगकर्ता के लिये प्रारंभिक रोग जांच के लिए सहायक है। मशीन लर्निंग तकनीकों को शामिल करके, प्लेटफ़ॉर्म विश्वसनीय और सटीक परिणाम प्रदान कर सकता है।

## कला संरक्षण का सुंदर प्रयास है कथा गायन-वाचन

■ योगेश कुमार पांडेय

**नाट्य समीक्षा**



**नई दिल्ली,** 28 मार्च (देशबन्धु)। राजा होने के लिए बेहद आवश्यक है कि वह मोटी बुद्धि का हो यह चुटीला संवाद दर्शकों तक पहुंचता है। ठहाके की आवाज हॉल में गूंज गई। यह असर है कथा गायन-वाचन शैली में प्रस्तुत नाटक 'बड़ा भांड तो बड़ा भांड' का। दिल्ली के त्रिवेणी सभागार में यह नाटक प्रस्तुत किया गया था। नाटक की कथा, गीत-संगीत और अभिनय के जादू का असर सभागार से बाहर निकल कर भी बना रहा। अभिनेता अजय कुमार के साथ दर्शकों को यह कथा-यात्रा आनंदित करती है। कथा गायन-वाचन सुनते देखते अलग-अलग रसों में विभिन्न बिम्ब बनते जाते हैं।

सुधी दर्शक विचार के स्तर पर सक्रिय रहते हैं। मंच पर रचे जा रहे बिम्ब और दृश्यों का मर्म वे गहराई से समझते हैं। एकल कथा गायन-नाट्य देख रहे दर्शकों में से एक, डॉ. पूजा शर्मा का कहना था कि मैं तो देखती ही रह गई। थियेटर के इस फॉर्म को अब तक नहीं देखा था। अभिनेता कथानक और पात्रों को अकेले गीतों के सहारे बढ़ाता जाता है। उन्हें यह भी लगा कि अभिनेता के लिए यह विधा बड़ी चुनौती है। इसमें दमदार कथा के साथ ही दर्शकों को बांधे रखने में चुस्त अभिनय, बढ़िया गायन और संगीत सबकी जरूरत है। एक अन्य दर्शक रामसेवक बताते हैं कि यहां अभिनेता का कमाल दिखता है, अचानक ही दर्शकों को कथा से बाहर निकाल बातचीत तथा फिर से वही उत्सुकता जगा देता है। देखने वाले कॉमिक रिलीफ़ लेकर भी कथा में बने रहते हैं। गीता जोशी और कंचन ने बताया कि नाटक के अंत में गाया हुआ कबीर का निर्गुण इसे आध्यात्म की अद्भुत सुंदरता से जोड़ता है।

अजय कुमार ने बातचीत के क्रम में बताया कि अभिनेता के पास कोई भी बात कहने के लिए दो उपकरण 'शरीर और आवाज' ही तो है। दूसरी ओर सदियों पुरानी यह परंपरा लुप्त होने के कगार पर है। एक समय था जब विभिन्न नामों से देश में कथा कहने की यह परंपरा जीवित थी जैसे कथा गायन,बातपोशी, दास्तानगोई, पांडवानी आदि। कोशिश कर रहा हूं यह बची रहे।

निश्चित रूप से कर्ण-प्रिय आलाप, ध्वनियां और संगीत इस एकल नाट्य की जान है। लगभग 20 वर्षों से अजय इसकी प्रस्तुति कर रहे हैं और देशभर में इसके 580 शो किए जा चुके हैं। विजयदान देथा की किस्सागोई के अजय कुमार मुरीद हैं। 'बड़ा भांड तो बड़ा भांड' उनकी कहानी रिजक की मर्यादा पर आधारित है। देथा की ही लिखी अन्य कहानी दुविधा का प्रदर्शन भी अजय कुमार 'माई री मैं का से कहूं' नामक शीर्षक से करते हैं। अजय मंच से विनम्रता से कहते हैं कि अगर कहानी आप तक पहुंच पाती है तो यह देथा जी का कमाल है। पर अनिल मिश्रा (सारंगी एवं गायन), राजेश पाठक (हारमोनियम एवं गायन), सुशील शर्मा (ढोलक एवं गायन) तथा उस्ताद मुस्तफा हुसैन (तबला) इस प्रस्तुति की जान हैं। अपनी संगीत मंडली को अजय इन प्रस्तुतियों का स्पाइनल कॉर्ड (रीढ़ की हड्डी) कहते हैं। वे कहते हैं कि अगर ये सुरीले लोग न हों तो मैं इसे प्रस्तुत करने के बारे में सोच भी नहीं सकता। इनके बिना मैं केवल वाचक भर रह जाऊंगा।

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 3.91 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 3.09 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.53 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.26 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.21 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 0.50 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.37 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.26 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.26 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 66,778 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74750 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# ल्यूमिनस पावर का सोलर पैनल प्लांट शुरू

## 120 करोड़ रुपए के निवेश से निर्मित सोलर पैनल फैक्टरी का उद्घाटन

**रूद्रपुर,** 28 मार्च (एजेंसियां)। स्थायित एवं सोलर समाधानों को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाते हुए प्रमुख उर्जा समाधान कंपनी ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज़ ने उत्तराखण्ड के रूद्रपुर में 120 करोड़ रुपए के निवेश से निर्मित सोलर पैनल फैक्टरी का उद्घाटन किया।

सकारात्मक बदलावों में योगदान देने के प्रयास में कंपनी का यह कदम प्रधानमंत्री द्वारा 'पीएम सूर्योदय योजना' के लॉन्च के दौरान सरेखित सोलर दृष्टिकोण एवं स्थायित्व के उद्देश्यों के अनुरूप है। सोलर पैनल निर्माण में नई प्रगति से युक्त इस युनिट की आधुनिक टेक्नोलॉजी और बुनियादी सुविधाओं को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि ये अधिकतम प्रभाविता एवं पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव को सुनिश्चित करेगी। लॉन्च के अवसर पर ल्यूमिनस के ब्रांड एंबेसडर सचिन तेंदुलकर, ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज़ की सीईओ एवं एमडी प्रीति बजाज तथा ल्यूमिनस बोर्ड के अध्यक्ष एवं श्नाइडर इलेक्ट्रिक में अंतरराष्ट्रीय परिचालन के उपाध्यक्ष



इस धरती की देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। हम सभी को सोलर एनर्जी की ओर अभी बढ़ने की जरूरत है : **सचिन तेंदुलकर**

मनीष पंत मौजूद रहे। इस अवसर पर तेंदुलकर ने कहा यह बहुत बड़ा अवसर है और मैं बहुत उत्साहित हूं। मैं 2010 से इस कंपनी से जुड़ा हूं, जो भी सफलता इस कंपनी को मिली है वह इसके नवाचार और स्थायित्व प्रदान करने के उद्देश्य को जाता है। हर कोई सोलर एनर्जी की बात करतें हैं। भारत में दुनिया का पहला सोलर एनर्जी स्टेडियम बेंगलुरु का चन्ना स्वामी स्टेडियम है। हमारे पास एक ही धरती है और इसकी रक्षा करना सब की जिम्मेदारी है हमे अपने बच्चों को धरती की रक्षा करना सीखना चाहिए। इस धरती की देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। हम सभी को सोलर एनर्जी की ओर अभी बढ़ने की जरूरत है।

बजाज ने कहा कि सोलर प्लांट का उद्घाटन ल्यूमिनस के लिए बड़ी उपलब्धि है, जहां कंपनी ने आधुनिक सोलर एनर्जी मैनेजमेन्ट सिस्टम के निर्माण के लिए सोलर, इन्वर्टर और बैटरी कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट रेंज के निर्माण के लिए सामरिक फैसले लिए हैं। ल्यूमिनस सोलर सोल्युशन्स के सिस्टम में इसका प्रमुख कनेक्ट एक्स ऐप भी इंटीग्रेट किया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को रियल टाईम में उर्जा की खपत पर जानकारी मिल सकें, वे उर्जा के उत्पादन और इन्वर्टर के परफोर्मेन्स को मॉनिटर कर सकें।

उन्होंने कहा कि रूद्रपुर में ग्रीन सोलर पैनल फैक्टरी भारत के शुद्ध शून्य उद्देश्यों में ल्युमिनस की बड़ी भूमिका की दिशा में उल्लेखनीय कदम है। नई मैनुफैक्चरिंग युनिट में निवेश स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने और कार्बन फुटप्रिन्ट को कम करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोलर एनर्जी हमारे कारोबार का मुख्य भाग होगी और अगले तीन सालों में विकास को दोगुना करने के हमारे लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगी। हमारा मानना है कि सोलर एनर्जी ही भविष्य है क्योंकि स्वच्छ उर्जा समाधानों की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में हम उर्जा रूपान्तरण की इस यात्रा में अग्रणी कंपनी बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

पंत ने कहा, ''हाल ही के वर्षों में भारत ने सोलर पावर क्षमता के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है।

# आर्थिक विकास के पथ के अनुरूप है भारत की व्यापार नीति : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (एजेंसियां)। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत की व्यापार नीति उसके आर्थिक विकास पथ के अनुरूप है। इसका लक्ष्य 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात का लक्ष्य हासिल करना है।

नई दिल्ली में एक मीडिया कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि हमारी व्यापार नीति हमारी विकास यात्रा के आधार पर तय की गई है और विस्तार के लिए खुली है। हम 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर का निर्यात करेंगे। मुझे इस लक्ष्य को हासिल करने में कोई संदेह नहीं है। गोयल ने कहा कि हितधारकों की चिंता के कारण और भारतीय बाजार को सस्ते चीनी सामानों की बाढ़ से बचाने के लिए भारत 2019 में क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) से बाहर हो गया था। उन्होंने कहा कि अगर भारत आरसीईपी से बाहर नहीं निकलता, तो विकास की दौड़ में पीछे रह जाता। उन्होंने कहा कि कुछ देशों से आने वाले घटिया व कम गुणवत्ता वाले सामानों की बाढ़ से देश में निवेश का माहौल खत्म हो जाएगा। गोयल ने बताया कि अमेरिका और यूरोप अभी भी कई उत्पादों पर अधिक कर लगाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी अर्थव्यवस्था का अंतरराष्ट्रीयकरण करने और दुनिया के साथ



हमारी व्यापार नीति हमारी विकास यात्रा के आधार पर तय की गई है व विस्तार के लिए खुली है : **पीयूष गोयल**

बड़े पैमाने पर जुड़ाव और निर्यात में वृद्धि पर ध्यान देने की जरूरत है।

मंत्री ने हाल ही में हस्ताक्षरित ईएफटीए का हवाला दिया, जिसमें आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड ने भारत के बाजार में प्रवेश के बदले 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर के निवेश का वादा किया है। इससे भारत में दस लाख प्रत्यक्ष रोजगार का अवसर पैदा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पड़ोसी देश यह सुनिश्चित करता है कि उसकी आर्थिक नीति पारदर्शी है और डब्ल्यूटीओ नियमों का अनुपालन करता है, तो भारत चीन सहित व्यापारिक गुटों का हिस्सा बनने के लिए तैयार है।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली



थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 75 रिंगिट लुढ़ककर 4257 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.06 सेंट की गिरावट के साथ 47.73 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। दाल-दलहन : चना 5800-5900, दाल चना 6800-6900, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9800-9900 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

# उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में नया रिकॉर्ड बनाया

## वित्त वर्ष 2023-2024 में स्क्रैप की बिक्री से 603.79 करोड़ रुपए अर्जित किए

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी ने बताया कि उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में एक नया रिकॉर्ड बनाया है । उत्तर रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 603.79 करोड़ रुपए अर्जित किये जो कि उत्तर रेलवे के सालाना बिक्री लक्ष्य, 500 करोड़ से अधिक है । इस प्रकार उत्तर रेलवे स्क्रैप का निपटान कर भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाइयों में पहले स्थान पर रहा है । उत्तर रेलवे ने इस वित्त वर्ष 100 करोड़, 200 करोड़, 300 करोड़ और 400 करोड़ स्क्रैप बिक्री का लक्ष्य पहले ही हासिल कर लिया था । स्क्रैप का निपटान एक महत्वपूर्ण कार्य है । स्क्रैप से राजस्व अर्जित किये जाने के साथ-साथ, यह परिसरों को साफ-सुथरा बनाए रखने में भी मदद करता है । रेल पटरियों के

**यह भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलों/पीएसयू में सर्वाधिक है**



टुकड़े, स्लीपर, टाई बार इत्यादि स्क्रैप को एकत्रित कर इसकी विक्री से संरक्षा बढ़ाने में मदद मिलती है ।

उत्तर रेलवे ने स्टाफ क्वाटरों, केबिनों, शैड़ों, वाटर टैंकों इत्यादि परित्यक्त ढांचों के निपटान के कार्य को मिशन मोड में शुरू किया है । इससे न केवल राजस्व अर्जन में मदद मिली है बल्कि कीमती स्थान की उपलब्धता भी सुनिश्चित हुई है। इससे शरारती तत्वों द्वारा पुराने ढांचों के दुरुपयोग की संभावना भी समाप्त होती है । इनका त्वरित निपटान सदैव ही रेलवे की प्राथमिकता सूची में रहा है तथा इसकी निगरानी भी उच्च स्तर पर की जाती है । उत्तर रेलवे पर बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए स्क्रैप पीएसी स्लीपरों का निपटान भी त्वरित रूप से किया जा रहा है ताकि राजस्व अर्जित करने के साथ-साथ बहुमूल्य भूमि को रेल गतिविधियों के लिए खाली रखा जा सके ।

**सार संक्षेप**

## मुंद्रा में अडाणी समूह की तांबा इकाई शुरू

**अहमदाबाद।** धातु उद्योग में अदाणी पोर्टफोलियो की शुरुआत करते हुए, अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की सहायक कंपनी कच्छ कॉपर ने गुरुवार को गुजरात के मुंद्रा में ग्राहकों को कैथोड का पहला बैच भेजने के सााथ ही अपनी ग्रीनफील्ड कॉपर रिफाइनरी परियोजना की पहली इकाई शुरू की। इसके शुरू होने से दो हजार प्रत्यक्ष और पांच हजार अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। अडाणी एंटरप्राइजेज परियोजना के पहले चरण में 0.5 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) क्षमता वाला तांबा स्मेल्टर स्थापित करने के लिए लगभग 1.2 बिलियन डॉलर का निवेश कर रही है। अडाणी समूह के संस्थापक और चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा कि इस परियोजना के शुरू होने के साथ, अडाणी समूह न केवल धातु क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है, बल्कि भारत भी एक स्थाई और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर छलांग लगा रहा है।

## भारत में स्मार्ट टीवी शिपमेंट में 16 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** भारत के स्मार्ट टीवी शिपमेंट में 2023 में 16 फीसदी (साल-दर-साल) की गिरावट दर्ज की गई, जबकि क्यूएलईडी स्मार्ट टीवी शिपमेंट में सालाना आधार पर 110 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, इस गिरावट का कारण व्यापक आर्थिक चुनौतियों और अतिरिक्त इन्वेंट्री के साथ-साथ पैनल कीमतों में वृद्धि, छोटे स्क्रीन साइज के स्मार्ट टीवी की मांग में कमी के कारण वर्ष की पहली छमाही में धीमी शुरुआत थी, जिसकी वजह से कुछ ब्रांड 2023 में बाजार से बाहर हो गए। शोध विश्लेषक आकाश जटवाला ने कहा कि 2023 में बड़े स्क्रीन वाले स्मार्ट टीवी (55-इंच और ऊपर) की शिपमेंट में साल-दर-साल 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ग्राहक अपने लिविंग रूम के लिए बेहतर फीचर्स वाले प्रीमियम मॉडल पसंद करना शुरू कर रहे हैं। डिस्प्ले तकनीक, स्क्रीन साइज और 4के रिजॉल्यूशन उन प्राइमरी स्पेसिफिकेशन में से हैं जिन्हें ग्राहक नई खरीदारी करते समय देखते हैं। स्पोर्ट्स इवेंट, टीवी सीरीज और फिल्मों की स्ट्रीमिंग के कारण स्मार्ट टीवी लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं।

## सरकार बाजार से 7.5 लाख करोड़ रुपए उधार लेगी


**नई दिल्ली।** वित्तवर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट में अनुमानित 14.13 लाख करोड़ रुपए के सकल बाजार उधार में से सरकार ने दिनांकित प्रतिभूतियों के जरिए पहली छमाही (एच1) अप्रैल-सितंबर में 7.50 लाख करोड़ रुपए (53.08 प्रतिशत) उधार लेने का फैसला किया है। इस राशि में से 12,000 करोड़ रुपए सॉवरेन ग्रीन बांड (एसजीआरबी) जारी करके जुटाए जाने का प्रस्ताव है। बाजार की प्रतिक्रिया के आधार पर और वैश्विक बाजार प्रथाओं के अनुरूप 15-वर्षीय अवधि की एक नई दिनांकित सुरक्षा शुरू करने का भी निर्णय लिया गया है।

# चौतरफा लिवाली से वित्त वर्ष के अंतिम दिन बाजार गुलजार

**मुंबई,** 28 मार्च (एजेंसियां)। दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर में कटौती करने की उम्मीद में विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर देश का आर्थिक विकास अनुमान बढ़ने और आरबीआई के वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) में ऋणदाताओं के निवेश नियमों में ढील दिए जाने के बाद वित्तीय स्थिति में तेजी आने की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से आज चालू वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी दिवस को शेयर बाजार गुलजार हो गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 655.04 अंक की छलांग लगाकर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 73,651.35 अंक पर बंद हुआ। इससे पूर्व यह 12 मार्च को 73667.96 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.25 अंक उछलकर 22,326.90 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.62 प्रतिशत चढ़कर 39,322.12 अंक और स्मॉलकैप 0.33 प्रतिशत मजबूत होकर 43,166.34 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3938 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1802 में लिवाली जबकि 2024 में बिकवाली हुई वहीं 112 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 45 कंपनियां हरे जबकि शेष पांच लाल निशान पर बंद हुई। विश्लेषकों के अनुसार, रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को दिसंबर में लाए गए मानदंडों में ढील दी, जिसके तहत अनिवार्य ऋणदाता यदि वैकल्पिक निवेश फंडों में खरीददारी करते हैं तो उन्हें उच्च प्रावधानों को अलग रखना होगा। नियमों में ढील दिए जाने से वित्तीय स्थिति में तेजी आई और बाजार ने ऊंची छलांग लगाई।




- सेंसेक्स 655.04 अंक की छलांग लगाकर 73,651.35 पर
- निफ्टी 203.25 अंक उछलकर 22,326.90 पर बंद

साथ ही वित्तीय सलाह देने वाली एसएंडपी ग्लोबल के बाद अब मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया, जिससे बाजार में निवेशकों का निवेश प्रवाह बढ़ा। इससे बीएसई के सभी 20 समूहों में जमकर लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.95, सीडी 0.94, ऊर्जा 0.57, एफएमसीजी 0.64, वित्तीय सेवाएं 0.95, हेल्थकेयर 1.18, इंडस्ट्रियल्स 1.12, आईटी 0.55, दूरसंचार 0.64, यूटिलिटीज 1.29, ऑटो 1.19, बैंकिंग 0.82, कैपिटल गुड्स 1.54, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.00, धातु 1.11, तेल एवं गैस 0.85, पावर 1.69, रियल्टी 0.52, टेक 0.63 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.53 प्रतिशत मजबूत रहे।

हालांकि जापान के निक्केई में 1.46 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 153 अंक की तेजी के साथ 73,149.34 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 73,120.33 अंक के निचले स्तर पर आ गया। इस दौरान बीएसई की जिन कंपनियों के शेयर लाभ में रहे उनमें बजाज फिनसर्व 3.91, बजाज फाइनेंस 3.09, एसबीआई 2.53, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.26, पावरग्रिड 2.21, नेस्ले इंडिया 2.18, टाटा स्टील 2.00, एलटी 1.83, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.79, विप्रो 1.66, एनटीपीसी 1.60, टाटा मोटर्स 1.45, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.26, टीसीएस 1.20, अल्ट्रासिमको 1.19, आईसीआईसीआई बैंक 1.08, इंडसइंड बैंक 1.04, इंफोसिस 0.99, भारती एयरटेल 0.94, टाइटन 0.88, सन फार्मा 0.77, मारुति 0.74, कोटक बैंक 0.57, एशियन पेंट 0.56, एचडीएफसी बैंक 0.52 और आईटीसी 0.13 प्रतिशत शामिल रहे।

वहीं, एक्सिस बैंक 0.50, रिलायंस 0.37, एचसीएल टेक 0.26 और टेक महिंद्रा के शेयरों ने 0.26 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## देश में 2030 तक स्थापित किए जा सकते हैं 400 एलएनजी स्टेशन : एमके ग्लोबल

**मुंबई,** 28 मार्च (एजेंसियां)। एम के ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में वर्ष 2030 तक परिवहन ईंधन के लिए 400 एलएनजी स्टेशन खुल सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे 50,000 ट्रकों की सेवाओं की जरूरत होगी और इससे 20-30 लाख टन वार्षिक की एलएनजी की आपूर्ति में सहायता मिलेगी। गुरुवार को जारी इस रिपोर्ट में एम के ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज का मानना है कि मध्यम अवधि में एलएनजी की कीमतें भारत में एलएनजी खुदरा बाजार (भारी ट्रकिंग-वाहन क्षेत्र के लिए) के विस्तार के लिए अनुकूल हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में वर्तमान में लगभग 40 लाख ट्रक-भारी वाहन चल रहे हैं। एम के ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज का अनुमान है कि इनमें से 10 से 15 लाख ट्रक 25 टन भारवहन तक की क्षमता वाले वाणिज्यक वाहन होंगे। रिपोर्ट में बाजार अध्ययन के आधार पर कहा गया है कि कैलेंडर वर्ष 2030 तक भारी क्षमता के वाणिज्यिक वाहनों का 3-5 प्रतिशत संभावित रूप से एलएनजी आधारित वाहन हो सकते हैं।

**भारत में लगभग 40 लाख ट्रक-भारी वाहन चल रहे है**

# एआई सुरक्षा स्टार्टअप साइडलैब्स ने जुटाया 2.5 मिलियन डॉलर का फंड

**बेंगलुरु,** 28 मार्च (एजेंसियां)। एआई सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन स्टार्टअप साइडलैब्स ने गुरुवार को कहा कि उसने जेनेरिक एआई सिस्टम को सुरक्षित करने के लिए अपने सीड फंडिंग राउंड में 2.5 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। स्टार्टअप ने एक बयान में कहा कि फंडिंग राउंड का नेतृत्व आरटीपी ग्लोबल ने किया और इसमें पिकस कैपिटल और प्रमुख एंजेल निवेशकों की भी भागीदारी देखी गई। जेनेरिक एआई को अपनाने से टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने वालों के लिए एक नया साइबर-सिक्योरिटी का विकल्प खुल गया है। रुचिर पटवा और अंकिता कुमारी द्वारा स्थापित, कंपनी एंटरप्राइज एआई सिस्टम में सिक्योरिटी और सेफ्टी वल्नरेबिलिटी की पहचान करने और उन्हें वास्तविक समय में रोकने के लिए सोल्यूशन प्रदान करती है, जिससे साइबर सुरक्षा हमलों और दुरुपयोग को कम करने में मदद मिलती है।



सुरक्षा के दृष्टिकोण से कंपनियां अब उन प्रणालियों में मानव जैसा तत्व ला रही हैं जो पहले सोशल इंजीनियरिंग व हेरफेर के प्रति संवेदनशील नहीं थे : **अंकिता कुमारी**

अंकिता कुमारी ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से कंपनियां अब उन प्रणालियों में मानव जैसा तत्व ला रही हैं जो पहले सोशल इंजीनियरिंग और हेरफेर के प्रति संवेदनशील नहीं थे। अनुपालन के दृष्टिकोण से, हम सिस्टम को आंतरिक और यूजर डेटा तक पहुंच के साथ उस डेटा पर कार्रवाई करने की क्षमता के साथ देखते हैं। सह-संस्थापक और सीईओ पटवा ने कहा कि हम डेवलपमेंट में जेनरेटिव एआई सिस्टम के जोखिम प्रबंधन के लिए एक व्यापक मंच का निर्माण कर रहे हैं।


# रमजान शुरू होने के साथ ही देश में बढ़ी कश्मीरी सेब की मांग

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 28 मार्च (देशबन्धु)। यह पूरी तरह से सच है कि इस बार रमजान शुरू होने के साथ ही पूरे भारत में कश्मीरी सेब की मांग बढ़ गई है। रमजान की शुरुआत के बाद से, उत्पादकों ने कोल्ड स्टोरेज में रखे सेब को शेष भारत में भेजना शुरू कर दिया है। उत्पादकों के अनुसार इस समय पूरे भारत में सेब की अच्छी मांग है क्योंकि रमजान का पवित्र महीना चल रहा है।

नार्थ कश्मीर फ्रूट ग्रोअर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष फैयाज अहमद मलिक बताते थे कि कोल्ड स्टोरड भंडारित सेबों की अभी अच्छी मांग है। अभी कश्मीरी सेब भारत के प्रमुख फल बाजारों में भेजे जा रहे हैं। उनका कहना था कि हमारे पास अभी भी कोल्ड चेन सुविधाओं में भारी मात्रा में सेब संग्रहीत है, जो भारत के विभिन्न बाजारों में भेजे जाने के लिए तैयार है।

उनका दावा था कि चूंकि रमजान फलों और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों की बढ़ती खपत का समय है, इसलिए कई घरों में कश्मीरी सेब इफ्तार की मेज पर मुख्य भोजन बन गया है। रिपोर्ट्स के



- भारत के प्रमुख फल बाजारों में भेजे जा रहे कश्मीरी सेब
- रमजान अक्सर कश्मीरी सेब के लिए एक लाभदायक मौसम साबित होता है

मुताबिक, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहरों में कश्मीरी सेब की मांग बढ़ गई है।

कश्मीर के सेब उत्पादकों का कहना था कि भारत के विभिन्न फल बाजारों में सेब के एक बाक्स की कीमत 1500-1600 रुपए के बीच है। मलिक कहते थे कि कोल्ड स्टोरड भंडारित सेबों की अच्छी कीमत मिलती है क्योंकि वे आफ-सीजन के दौरान भारत के विभिन्न शहरों में उपलब्ध हो जाते हैं। अभी एक सेब की पेटी की कीमत 1500-1600 रुपए है।

सेब उत्पादक बताते थे कि भारत के विभिन्न शहरों में इसकी मांग को देखते हुए रमजान अक्सर कश्मीरी सेब के लिए एक लाभदायक मौसम साबित होता है। सेब उत्पादक शब्बीर अहमद खान बताते थे कि मौजूदा सीजन के दौरान, केवल कश्मीरी सेब भारत के बाजारों में उपलब्ध होते हैं। इसलिए, उत्पादक बड़ी मात्रा में सेब विभिन्न फल बाजारों में भेजते हैं। भंडारित सेब अगले तीन महीनों तक बाजारों में उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने भी रमजान के दौरान अपने कोल्ड स्टोरड-भंडारित सेब को नई दिल्ली की आजादपुर फल मंडी में भेजना पसंद किया है।

यह कोल्ड स्टोर कश्मीर के सेब उत्पादकों के लिए मददगार साबित हुए हैं, जिन्हें आफ-सीजन के दौरान फसल का अच्छा रिटर्न मिलता है। सेब उत्पादकों के अनुसार सभी स्टोर पूरी क्षमता से भरे हुए थे क्योंकि इस सीजन में सेब की दरें तुलनात्मक रूप से बेहतर रही हैं।

# खेल जगत

## गिलेस्पी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के कोच पद से देंगे इस्तीफा

**एडिलेड।** जेसन गिलेस्पी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच पद से जून के आखिर में इस्तीफा देंगे। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन (एसएसीए) ने गुरुवार को दिए एक बयान में कहा है कि जेसन गिलेस्पी जून के आखिर में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच का पद छोड़ देंगे। गिलेस्पी ने कहा कि हमने एसएसीए में एक साथ मिलकर जो हासिल किया, उस पर मुझे अविश्वसनीय रूप से गर्व है और मैं उन यादों को हमेशा संजोकर रखूंगा। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने कहा कि मैं स्ट्राइकर्स और रेडबैक्स के साथ मेरे समय के दौरान उनके समर्थन के लिए सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं।



# विराट व श्रेयस का होगा आज आमना–सामना

## रसेल व रिंकू की मौजूदगी में केकेआर का आरसीबी के खिलाफ पलड़ा भारी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (देशबन्धु)। विराट कोहली अपने बेटे अकाय के लंदन में जन्म के समय अपनी पत्नी अनुष्का के साथ रहने के कारण मेहमान इंग्लैंड टीम के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज से भारतीय टीम से करीब दो महीने बाहर रहने के बाद सीएसके के खिलाफ चेन्नई में खिलाफ छह विकेट से हार से 2024

■ केकेआर ने आरसीबी से पिछले सीजन में दोनों मैच सहित उससे अपने पिछले पांच में से चार मैच जीते हैं



आईपीएल में आगाज करने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) की गाड़ी अपने घर बेंगलुरू में पंजाब किंग्स के खिलाफ 77 रन की तेज बेशकीमती पारी खेल पटरी पर ले आए। सलामी बल्लेबाज विराट कोहली अब अपनी टीम आरसीबी को उसके बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के घरेलू मैदान पर कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली मेहमान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ भी जीत दिला उसकी जीत का सिलसिला आगे बढ़ाने को बेताब होंगी। केकेआर ने आरसीबी से पिछले सीजन में दोनों मैच सहित उससे अपने पिछले पांच में से चार मैच जीते हैं और उसका पलड़ा बेशक भारी है। बावजूद इसके विराट कोहली और बाहुबली आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह जैसे नौजवान फिनिशर की मौजूदा बढ़िया फॉर्म के चलते केकेआर का पलड़ा आरसीबी के खिलाफ भारी नजर आता है। ऐसे में खासतौर पर आरसीबी के तेज गेदबाज मोहम्मद सिराज और कैमरून ग्रीन के साथ अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल की कोशिश खासतौर पर आखिर के मारधाड़ वाले ओवर में केकेआर के रसेल और रिंकू सिंह पर लगाम लगानी होगी। मध्यक्रम में युवा कप्तान श्रेयस अय्यर, सुनील नारायण, नीशिथ राणा, वेंकटेश अय्यर के बल्ले से नाकाम रहने के बाद सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट और निचले मध्यक्रम में आंद्रे रसेल के तूफानी अर्द्धशतकों की बदौलत अपने पहले मैच में 20ओवर में सात विकेट 208 रन का बड़ा स्कोर बनाने के बाद अपने सबसे कामयाब तेज गेंदबाज हर्षित राणा(3/33) के मैच के आखिरी ओवर में सनराइजर्स के



शाहबाज अहमद (16 रन, 5 गेंद) और हेनरिक क्लासेन (63 रन, 29 गेंद) के रूप उसके दो विकेट मात्र 8 रन देकर चटकाने की बदौलत उसे सात विकेट पर 204 रन पर रोकने की बदौलत केकेआर बमुश्किल चार रन से जीत पाई थी। ऐसे में आरसीबी यदि लगातार दूसरी जीत हासिल करना चाहती है उसके मोहम्मद सिराज, यश दयाल, अल्जारी जोसेफ और कैमरून ग्रीन जैसे तेज गेंदबाजी की चौकड़ी कों शुरू में ही केकेआर के शीर्ष क्रम को बिखेरना होगा। आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे 24.75 करोड़ रुपये में बिके केकेआर के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क (4-0-53-0) की सनराइजर्स हैदराबाद के मयंक अग्रवाल और अभिषेक शर्मा की नौजवान सलामी जोड़ी ने शुरू और आखिर के ओवरों में हेनरिक क्लासेन ने जमकर धुनाई कर उनके हौसले पस्त कर दिए थे।

स्टार्क इससे पहले आईपीएल में आरसीबी के लिए बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में जरूर खेल चुके हैं लेकिन विराट कोहली और कप्तान फॉफ डू प्लेसी की अनुभवी सलामी जोड़ी की ताकत मैच के मिजाज के मुताबिक खुद को ढाल खेलना है। विराट कोहली फिलहाल दो मैच में एक अर्द्धशतक सहित 98 रन बना रन में दूसरे नंबर पर चल रहे हैं। वहीं अनुभवी दिनेश कार्तिक ने अब तक छोटी बेशकीमती पारियां खेल कर दो मैचों में अविजित रह कुल 66 रन बनाए हैं। साथ ही आरसीबी के पास नौजवान सलामी बल्लेबाज अनुज रावत, ग्लेन मैक्सवेल और कैमरून ग्रीन के रूप में केकेआर के स्टार्क, हर्षित राणा और रसेल की तेज गेंदबाजी की धार कुंद करने में सक्षम बल्लेबाज हैं। ग्लेन मैक्सवेल और ग्रीन का बल्ला बेशक शुरु के दो मैचों नहीं चला है लेकिन खासतौर पर अपने ही देश के केकेआर के मिचेल स्टार्क के खिलाफ ये दोनों ही आरसीबी की तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं। केकेआर के तीन स्पिनरों में सुनील नारायण वरुण चक्रवर्ती को भले ही मिस्ट्री स्पिनर कहें लेकिन ये दोनों भी मूल रूप से सुयश शर्मा की तरह लेग स्पिनर ही हैं। ऐसे में खासतौर पर बीच के ओवरों में मैक्सवेल और ग्रीन को जरूर केकेआर के इन तीनों लेग स्पिनरों को निशाने पर लेना होगा।

# हमें बस कुछ चीजें दुरुस्त करने की जरूरत : हार्दिक पांड्या

## अभिषेक वाकई बेहतरीन स्ट्राइकर हैं : कप्तान कमिंस

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (देशबन्धु)। युवराज सिंह के शागिर्द मैन ऑफ द मैच अभिषेक शर्मा (62), ट्रेविज हेड (62) और हेनरिक क्लासेन (अविजित 80) के तूफानी शतकों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 277 रन का रिकॉर्ड सबसे बड़ा स्कोर खड़ा करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद ने तिलक वर्मा (64) के तेज अर्धशतक के बावजूद मुंबई इंडियंस को 20 ओवर में पांच विकेट पर 246 रन पर रोक आईपीएल 2024 में 31 रन से जीत दर्ज की। सनराइजर्स हैदराबाद ने शुरू के अपने दूसरे मैच में छक्कों की बारिश के बीच 200 रन के पार पहुंच कर खुद पहली जीत दर्ज की और पांच बार चैंपियन रह चुकी मुंबई इंडियंस को मौजूदा सीजन में लगातार दूसरी हार को मजबूर किया। मुंबई इंडियंस के अब तक आईपीएल के इतिहास पर नजर डाले तो पाएंगे की इसके ज्यादातर संस्करणों में उसने शुरू के एक या दो मैच हार कर ही आगाज किया है। एसआरएच ने आईपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया जहां जीत दर्ज की वहीं मुंबई इंडियंस पीछा करते हुए इसके इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद जीत से 31 रन दूर रह गई। मौजूदा आईपीएल में बुधवार को अपना लगातार दूसरा मैच हारने वाली मुंबई इंडियंस के नरए कप्तान हार्दिक पांडया ने कहा कि पिच अच्छी थी और 277 रन का स्कोर बहुत बड़ा था, यदि आपकी प्रतिद्वंद्वी टीम ने 20 ओवर में 277 रन का पहाड़ का स्कोर खड़ा किया है ताशे आपको यह मानना होगा कि उसने बहुत बढिया बल्लेबाजी की। मैदान पर उतर कर गेंदबाजी करना गेंदबाजी मुश्किल था लेकिन हमारे गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की। इस मैच में दोनों टीमों की पारियों



### तेज गेंदबाज के रूप में कटर्स कारगर रही : कमिंस

सनराइजर्स हैदराबाद के नवनियुक्त कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि इतना बड़ा पहाड़ का स्कोर खड़ा करने के बाद जब तक हम गेंदबाजी के लिए उतरे तो हमने एक बारी भी नहीं सोचा था कि इतने बड़े लक्ष्य का पीछा किया जा सकता है। जहां तक बात अभिषेक शर्मा की है वह वाकई बेहतरीन स्ट्राइकर हैं। आईपीएल में आप बहुत बड़े दबाव में खेलते हैं लेकिन अभिषेक जिस तरह खुल कर खेले वह वाकई गजब का था। आप कभी भी 270 रन बनाने की नहीं सोचते हैं। आप बस सकारात्मक अंदाज में खेलने की बाबत जरूर सोचते हैं। आईपीएल में इम्पैक्ट सब के नियम से आपके पास बल्लेबाजी मजबूत करने का विकल्प बन जाता है। हैदराबाद की पिच बल्लेबाजी के लिए बढ़िया थी।

# तिलक वर्मा ने बेहद खास पारी खेली : टिम डेविड

**हैदराबाद,** 28 मार्च (एजेंसिंया)। मुंबई इंडियंस के धुरंधर बल्लेबाज टिम डेविड ने कहा कि वह इस बात से प्रभावित हैं कि उनके साथी तिलक वर्मा ने घरेलू मैदान पर 34 गेंदों में 64 रन बनाकर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 278 रनों का पीछा करते हुए मेहमान टीम 31 रनों से चूक गई।अपने घरेलू मैदान पर, तिलक वर्मा ने 188.24 की स्ट्राइक रेट से छह छक्के और दो चौके लगाए, जिससे राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में चौके-छक्कों की बारिश हुई। डेविड ने मैच के बाद कहा कि तिलक वर्मा ने खूबसूरती से खेला। यह पारी तिलक की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा के करीब है। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि मुझे अभी भी लगता है कि उसके पास इससे भी अधिक क्षमता है, और हमने यहां एक बहुत ही खास पारी देखी। अपने साथियों को लाइन में अच्छा खेलते देखना हमेशा अच्छा लगता है; मुझे पूरा विश्वास है कि इसके परिणामस्वरूप हमें जीत मिलेगी। डेविड, जिन्होंने खुद मुंबई के असफल लक्ष्य का पीछा करते हुए 22 गेंदों में 42 रन बनाए, ने यह भी खुलासा किया कि मैच के आधे चरण में ड्रेसिंग रूम में क्या चर्चा हुई थी। हमारे ड्रेसिंग रूम में चर्चा यह थी कि हमें अपनी बल्लेबाजी इकाई पर विश्वास है। हमने पिछले साल कुछ बड़े चेज किए थे। हम अपने दृष्टिकोण पर कायम थे। यह उस चरण तक पहुंचने की एक प्रक्रिया है।हालांकि, हमें रन नहीं मिले, लेकिन हमारी ओर से भी यह शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन था। डेविड का मानना है कि एसआरएच के गेंदबाजों, विशेषकर कप्तान पैट कमिंस और जयदेव उनादकट ने मैच के अंतिम छोर पर गेंदों की गति को कम करने में अच्छा प्रदर्शन किया, जो एमआई करने में सक्षम नहीं था।

आईपीएल 2024

# गोल्फ के लिए वैश्विक नियम बनाने वाली संस्था ने इंडियन गोल्फ यूनियन को दिया समर्थन

**गुरुग्राम,** 28 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय गोल्फ की प्रगतिशील सोच और इसमें मौजूद संभावनाओं की गोल्फ की नियामक संस्था आर एंड ए ने जोरदार सराहना की है। आर एंड ए पूरे विश्व में गोल्फ खेल की नियम बनाने वाली संस्था है और गोल्फ खेल को बढ़ावा देने के लिए पूरी दुनिया की संस्थाओं को मदद करती है।

आर एंड ए अधिकारी नील ग्राहम, डेवलपमेंट मैनेजर, मध्य-पूर्व एशिया और भारत, साथ ही जेरोम एनजी, क्षेत्रीय निदेशक, डेवलपमेंट (एशिया-पैसिफिक) भारत में गोल्फ की संभावनाओं और विभिन्न भावी परियोजनाओं पर आयोजित सेमिनार में चर्चा के लिए भारत आए हुए हैं। इंडियन गोल्फ यूनियन को खेल के लिए सहायता देने पर ग्राहम ने कहा कि आर एंड ए की ओर से सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण भूमिका 145 देशों में हमारे सहयोगियों का समर्थन करना है। भारत बड़ा देश है और यहां काफी अवसर हैं। हमारा मानना है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम गोल्फ को विकसित करने की पहल और कार्यक्रमों में इंडियन गोल्फ यूनियन का समर्थन करें। ग्राहम की भावनाओं को दोहराते हुए, जेरोम एनजी ने कहा कि भारत निश्चित रूप से नवाचार के लिए हमारे प्रमुख फोकस बाजारों में से एक है। और यही कारण है कि हमने वास्तव में इस सप्ताह आईजीयू के साथ रणनीति कार्यशाला की मेजबानी की। मुझे लगता है कि हमारे पास एक पूरा दिन था जहां हमने वास्तव में परिषद के सदस्यों की मेजबानी की और आने वाले दिनों में भारतीय गोल्फ के लिए क्या रास्ते हैं, इस पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ आए। मुझे लगता है कि भारतीय गोल्फ का भविष्य उज्ज्वल है।



■ भारत निश्चित रूप से नवाचार के लिए हमारे प्रमुख फोकस बाजारों में से एक है : जेरोम एनजी

आईजीयू के अध्यक्ष ब्रिजिंदर सिंह भारत में आर एंड ए द्वारा दिखाए जा रहे समर्थन और रुचि से बहुत संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समझौते में दोनों पक्षों को एक-दूसरे को समझने की ज़रूरत होती है। इसलिए हम आर एंड ए के साथ अपने संबंधों से बहुत खुश हैं। नील (ग्राहम) बहुत सहायक रहे हैं और दुनिया भर में प्रचलित सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने भारत आने के इस अवसर का लाभ उठाया, उन्होंने हमारी पूरी परिषद की मेजबानी की, हमारे पास पूरे दिन का विचार-मंथन सत्र था।

# शरफुद्दौला बने आईसीसी एलीट पैनल में शामिल होने वाले पहले बांग्लादेशी अंपायर

**दुबई,** 28 मार्च (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वार्षिक समीक्षा और चयन प्रक्रिया के बाद शरफुद्दौला इब्ने शाहिद अंपायरों के आईसीसी एलीट पैनल में शामिल होने वाले बांग्लादेश के पहले अंपायर बन गए हैं, शासी निकाय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। शरफुद्दौला 2006 से अंतर्राष्ट्रीय पैनल में हैं और अंपायर के रूप में उनकी पहली अंतरराष्ट्रीय नियुक्ति जनवरी 2010 में बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच मीरपुर में एकदिवसीय मैच में हुई थी। वह 13 महिला वनडे मैचों और 28 महिला टी20 मैचों में समान क्षमता के अलावा, 10 पुरुषों के टेस्ट मैचों, 63 पुरुषों के एकदिवसीय मैचों और 44 पुरुषों के टी20 मैचों में ऑन-फील्ड अंपायर रहे हैं। शरफुद्दौला, जिनके कार्यों में 2017 और 2021 में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप, आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 और आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप 2018 शामिल हैं, ने एक बयान में कहा कि वह पैनल से मराइस इरास्मस की सेवानिवृत्ति के बाद एलीट पैनल में शामिल होने से उत्साहित हैं। आईसीसी एलीट पैनल में नामित होना एक बड़ा सम्मान है। पैनल में अपने देश से पहला होना इसे अतिरिक्त विशेष बनाता है और मैं मुझ पर दिखाए गए विश्वास को सही ठहराने के लिए उत्सुक हूं।



आईसीसी एलीट पैनल

# तेंदुलकर पहुंचे उत्तराखंड, सौर ऊर्जा संयंत्र का किया उद्घाटन

**रुद्रपुर/नैनीताल,** 28 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज रहे सचिन तेंदुलकर गुरुवार को उत्तराखंड के दौरे पर पहुंचे और पंतनगर औद्योगिक आस्थान (सिडकुल) में एक निजी कंपनी के सौर ऊर्जा संयंत्र का शुभारंभ किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिग्गज क्रिकेटर एक चार्टर्ड विमान से पंतनगर हवाई अड्डा पहुंचे। सौर ऊर्जा संयंत्र के प्रबंधन की ओर से उनका स्वागत किया गया। यहां से वह पंतनगर सिडकुल पहुंचे और सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन किया। यह संयंत्र 10 एकड़ में फैला है।

# मियामी ने किया सेमीफाइनल में प्रवेश

**फ्लोरिडा,** 28 मार्च (एजेंसियां)। नंबर 14 सीड एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट मियामी ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नंबर 5 सीड अमेरिकी जेसिका पेगुला को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। 29 वर्षीय अलेक्जेंड्रोवा ने इस जीत के साथ अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ डब्ल्यूटीए 1000 प्रदर्शन की भी बराबरी की, उन्होंने इससे पहले 2022 में डब्ल्यूटीए 1000 मैड्रिड में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। शुरुआती सेट में अपनी पहली डिलीवरी के बाद पेगुला लगभग परफेक्ट थी, जहां उसने पहली सर्विस के 14 में से 13 अंक (92 प्रतिशत) जीते। हालांकि, डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, अलेक्जेंड्रोवा का पावर गेम दूसरे सेट में तेज हो गया, जहां उसके पास पेगुला के चार के मुकाबले 15 विनर्स थे।



मियामी ओपन

## सार संक्षेप

### आईपीएल में व्यूअरशिप का रिकॉर्ड टूटा, ओपनिंग डे पर 16.8 करोड़ का आंकड़ा दर्ज

**मुंबई।** आईपीएल के 17वें सीजन के शुरुआती दिन 16.8 करोड़ दर्शकों के साथ रिकॉर्ड तोड़ टीवी दर्शकों की संख्या रही। लीग के आधिकारिक ब्रॉडकास्टर डिज़्नी स्टार नेटवर्क पर आईपीएल 2024 के शुरुआती दिन, 1276 करोड़ मिनट का वॉच-टाइम दर्ज किया गया, जो किसी भी आईपीएल सीजन के शुरुआती दिन के लिए सबसे अधिक है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर, जियो सिनेमा को आईपीएल के पहले दिन 11.3 करोड़ दर्शक मिले थे। स्ट्रीमर ने दावा किया कि उसने आईपीएल 2023 के पहले दिन की तुलना में 51न्न की बढ़ोतरी दर्ज की है। एक बयान में कहा गया है कि पहले दिन जियो सिनेमा पर कुल देखने का समय 660 करोड़ मिनट था। डिज़्नी स्टार नेटवर्क पर आईपीएल 2024 के उद्घाटन दिवस पर पहली बार 10 में से 8 कप्तान शामिल हुए। आईपीएल खिताब विजेताओं, विश्व कप चैंपियन, प्रतिष्ठित कोचों और खेल के दिग्गजों सहित प्रतिभाओं की एक स्टार-स्टडेड लाइन-अप ने उद्घाटन दिवस प्रस्तुत किया।

### वेतन भुगतान के संबंध में कथित पैसे मांगे जाने पर बीईओ निलंबित

**सागर।** मध्यप्रदेश के सागर संभागायुक्त डॉ वीरेन्द्र सिंह रावत ने छतरपुर जिले के प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गौरीहार ऋषि कुमार त्रिपाठी को वेतन भुगतान के संबंध में कथित पैसे मांगे जाने पर तत्काल प्रभार से निलंबित कर दिया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार जिला छतरपुर के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गौरीहार के संबंध में सोशल मीडिया पर प्राचार्य की रिश्वतखोरी का वायरल ऑडियों एवं 26 मार्च को प्रसारित समाचार के अनुक्रम में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण एवं सहायक संचालक, सहायक लेखाधिकारी के संयुक्त दल द्वारा उक्त प्रकरण की जाँच की गई।

### फीबा एशिया कप में भारतीय महिला और पुरुष टीम का विजयी आगाज

**सिंगापुर।** भारतीय पुरुष और महिला बास्केटबॉल टीमों ने फीबा 3×3 एशिया कप 2024 के क्वालीफाइंग राउंड में अपने-अपने मुकाबले जीतकर अभियान की विजयी शुरुआत की। बुधवार को सिंगापुर के स्पोर्ट्स हब में खेले गये मुकाबले में भारतीय पुरुष टीम ने क्वालीफाइंग ड्रा डी गेम में मालदीव और मकाऊ को हराया तथा महिला टीम ने भी क्वालीफाइंग ड्रा सी मुकाबले में उत्तरी मारियाना द्वीप समूह को पराजित किया। भारतीय पुरुष टीम ने पहले 3×3 बास्केटबॉल मैच में मालदीव पर 21-10 से आसान जीत दर्ज की। मुकाबले में भारतीय टीम के लिए प्रणव प्रिंस (आठ अंक) और सहज प्रताप सिंह सेखों (सात अंक) जुटाए।

# एआईएफएफ पुरस्कारों में इंदुमति को सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का सम्मान

## मैं पुरस्कार जीतकर बेहद खुश हूं, लेकिन यह कोई व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है : इंदुमति

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (एजेंसियां)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने महिलाओं के 2023-24 रोल ऑफ ऑनर्स की घोषणा की है, जिसमें इंदुमति कथिरेसन ने एक बार फिर भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) में सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत खिलाड़ियों की सम्मान सूची में अपनी जगह बनाई है।

अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, जो आईडब्ल्यूएल में ओडिशा एफसी के लिए खेलती है, उन्हें सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर नामित किया गया है। पिछले सीज़न गोकुलम केरल एफसी के लिए खेलने वाली इंदुमति को सर्वश्रेष्ठ प्लेयर घोषित किया गया था। अब उन्हें सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के सम्मान से नवाजा गया है। इंदुमति ने कहा कि मैं पुरस्कार जीतकर बेहद खुश हूं। लेकिन यह कोई व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है। मैं अपने साथियों और कोचों की मदद के बिना इसे हासिल नहीं कर पाती। हम ओडिशा एफसी में एक परिवार की तरह हैं। मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि मैं इस सीजन में ओडिशा एफसी की कप्तान हूं। मुझे लगता है कि मैंने कप्तान के रूप में अपना काम अच्छा किया। एक लीडर और वरिष्ठ खिलाड़ियों में से एक होने के नाते, यह मेरा कर्तव्य था कि मैं अच्छा खेलूं और जूनियरों का मार्गदर्शन करूं। इस सीज़न में, हमारे पास बहुत सारे जूनियर खिलाड़ी थे। वे मुझे एक आदर्श के रूप में देख सकते हैं और भविष्य में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। इसी में मेरी सफलता छिपी है। इंदुमति ने कहा कि सीज़न में कुछ चुनौतियां थीं। सबसे चुनौतीपूर्ण समय तब था जब दो प्रमुख खिलाड़ियों को चोट लगी। सीजन की शुरुआत में, स्वीटी और जसोदा जैसी खिलाड़ी चोटिल हो गईं, लेकिन अच्छे विकल्प होने के कारण हम कठिनाइयों से पार पाने में सक्षम थे।



### आईडब्ल्यूएल 2023-24 पुरस्कार

**विजेताः** ओडिशा एफसी (10,00,000 रुपए)
**उपविजेता :** गोकुलम केरल एफसी (5,00,000 रुपए)
**सर्वश्रेष्ठ मैच संगठन :** स्पोर्ट्स ओडिशा (50,000 रुपए)

#### सर्वश्रेष्ठ मीडिया संचालन के साथ भाग लेने वाला क्लब

**ओडिशा एफसीः** (50,000 रुपए)
**सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर (13 गोल) :** फाज़िला इकवापुत - गोकुलम केरल एफसी (50,000 रुपए)
**सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर :** श्रेया हुडा - ओडिशा एफसी (50,000 रुपए)
सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर : हेमम शिल्की देवी - गोकुलम केरल एफसी (50,000 रुपए)
सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर : इंदुमति कथिरेसन - ओडिशा एफसी (50,000 रुपए)।